CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 30 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 15 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C



सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिशः योगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में नीरज चोपड़ा रहे दूसरे स्थान पर खेल टाइम्स



असली यानि जैविक पिता का सवाल सम्पादकीय



इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया पेज 12

# भारत में छह लाख करोड़ इन्वेस्ट करेगा जापान

## 15वें भारत-जापान समिट में पीएम ने दोनों देशों के अगले 10 साल का रोडमैप बताया, जापानी पीएम को भारत आने का न्योता

**नई दिल्ली/ टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में जापानी पीएम इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है।

उन्होंने भारत और जापान के स्मॉल, मीडियम उद्योग (एमएसएमई) और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया। वहीं, पीएम मोदी ने दोनों देशों की साझेदारी को दुनिया की शांति के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने मिलकर अगले 10 सालों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। इसके अलावा मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर भारत के रुख को साफ करते -**शेष पृष्ठ दो पर**



**■ भारत रूस- यूक्रेन जंग को मानवता के आधार पर देखता है, भारतीय टैलेंट और जापानी टेक्नोलॉजी साथ आए, तो जीत पक्की**

### मोदी के स्वागत में जापानी महिलाओं का भरतनाट्यम, गायत्री मंत्र व राजस्थानी भजन सुनाया

**टोक्यो।** पीएम मोदी टोक्यो के प्रसिद्ध शोरिनजन दारुमा जी मंदिर पहुंचे। वहां के मुख्य पुजारी ने पीएम मोदी को खास डॉल भेंट की। दारुमा एक पारंपरिक जापानी गुड़िया है। दारुमा को भाग्यशाली ताबीज के रूप में भी जाना जाता है। दारुमा को बनाने के लिए कागज का इस्तेमाल होता है। यह लाल रंग की होती है। जापान में लोगों का मानना है कि लाल रंग बुरी आत्माओं को दूर भगाता है। मोदी शुक्रवार सुबह जापान पहुंचे हैं। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य भरतनाट्यम से उनका स्वागत किया। गायत्री मंत्र और राजस्थानी भजन भी सुनाया। इसके बाद मोदी जापान में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मिले। लोगों ने पीएम के स्वागत में मोदी-मोदी के जयकारे लगाए और ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई दी।

### गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक व आईपीएस समेत 14 को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** साल 2018 के बिटकॉइन लूट और किडनैपिंग केस में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस निरीक्षक अनंत पटेल समेत 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साल 2018 में सूरत निवासी बिल्डर शैलेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि एक मामले में पूछताछ के दौरान अमरेली जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें किसी अज्ञात जगह बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डरा-धमकाकर उनके 12 करोड़ रुपये कीमत के बिटकॉइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। इस साजिश में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया भी शामिल थे। बाद में शैलेश भट्ट ने अपने साथी किरीट पलाड़िया पर भी पुलिस के साथ मिले होने का आरोप लगाया था।

### पटना में कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**पटना।** कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने बिहार की राजनीति में उबाल ला दिया है और इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को पटना में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम के बाहर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया और अरुण सिन्हा, महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता समेत लगभग 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए: महुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को नादिया जिले में घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। बंगाल भाजपा ने उनके बयान से जुड़ा एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया। वहीं दूसरी पोस्ट में भाजपा ने लिखा कि जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसा की संस्कृति को उजागर करता है, जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। इस मामले में महुआ के खिलाफ नादिया जिले के कृष्णानगर के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत स्थानीय निवासी संदीप मजूमदार ने दर्ज कराई है।

### बिहार एसआईआर पर एक सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर एक सितम्बर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की जिनमें दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा औपचारिक अनुरोध के बाद मामले की सुनवाई को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। राजद और कई अन्य राजनीतिक दल मसौदा मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की एक सितम्बर की समय सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की स्वर्णिम विजय

## राष्ट्रपति मुर्मू ने अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान को सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की विजय का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए इस अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की सराहना की है।



श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को राजधानी में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के फोरम 'स्कोप' द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के राष्ट्रीय अभियान में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रपति ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का विशेष रूप से योगदान करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम कर दिया गया। इस अभियान के दौरान पूरी तरह भारत में विनिर्मित आकाश-तीन नामक वायुरक्षा नियंत्रण एवं रिपोर्टिंग प्रणाली की अचूक क्षमता के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस सिस्टम के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका रही है। यह सभी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए विशेष गर्व की बात है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नवाचार तथा तकनीक के क्षेत्र में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता में सार्वजनिक उपक्रमों ने अपना योगदान सिद्ध किया है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को सार्वजनिक उपक्रमों का मूल मंत्र बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने में केंन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से, सार्वजनिक क्षेत्र आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशन का एक सशक्त माध्यम रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने औद्योगीकरण, अवसंरचना विकास, सामाजिक उत्थान और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नींव रखी है। समय के साथ, इन उद्यमों का विकास और परिवर्तन हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से सरकार और समाज की अपेक्षाएं भी बदली हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इन सभी परिवर्तनों के बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने प्रदर्शन के माध्यम से आर्थिक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने कृषि, खनन और अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण और उत्पादन तथा सेवाओं के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि उनके निर्णय राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होंगे, कार्य नैतिकता पर आधारित होंगे और सोच संवेदनशीलता और समाज सेवा से प्रेरित होगी।

**■ कहा : ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम किया**

# उत्तराखंड में बादल फटने से 8 की मौत

## हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 लोगों की जान गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, एक उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 8 लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया।

पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। हिमाचल के भरमौर में शुक्रवार को मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को उफनते नाले को पार कराकर रेस्क्यू किया गया। उत्तराखंड के चमोली जिले के देवाल में गुरुवार रात लैंडस्लाइड के बाद सड़कों पर मलबा जमा हो गया। शुक्रवार सुबह इसे हटाया गया। उत्तराखंड में गुरुवार रात से भारी बारिश के कारण शुक्रवार को बद्रीनाथ हाईवे अलकनंदा नदी में डूब गया। इससे श्रीनगर- रुद्रप्रयाग रास्ता बंद हो गया है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे नदी के तेज बहाव में बह गई। सड़क कई जगहों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। पंजाब के गुरदासपुर में सेना ने 27 अगस्त को एक टापू पर फंसे 27 लोगों के चीता हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू का वीडियो शुक्रवार को पोस्ट किया। पंजाब में बारिश के चलते 9 जिलों में भीषण बाढ़ आ गई है। इनमें पठानकोट, बटाला, गुरदासपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, कपूरथला, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर शामिल हैं।



**■ पंजाब: फिरोजपुर में 62 गांव डूबे, 2500 का रेस्क्यू, एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का किया रेस्क्यू**

# संविधान की रक्षा की अपनी यात्रा हम जारी रखेंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में की गई तोड़फोड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी राह सत्य, अहिंसा और संविधान बचाने की है और इन सब विपरीत स्थितियों के बाद भी वह संविधान रक्षा की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है – हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते।

# राम सेतु मामले में केंद्र को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के आग्रह वाली पूर्व राज्यसभा सांसद डा. सुब्रमण्यम स्वामी की एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। श्री स्वामी चिकित्सा कारणों से सुनवाई के समय उपस्थित नहीं हो सके और पीठ के समक्ष उनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील विभा मखीजा ने किया। याचिका में राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की मांग की गई है।

# ट्रम्प टैरिफ से भारत की इकोनॉमी को लगे पंख

## पहली तिमाही में 7.8 % रही जीडीपी ग्रोथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कृषि और सेवा क्षेत्र के दमदार प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि पहली तिमाही में स्थिर मूल्य पर देश का जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत अधिक है। यह वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि दर है। वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिन क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि दर्ज की गई उनमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य पालन की विकास दर 3.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले यह 1.5 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की विकास दर 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गई। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाओं की वृद्धि दर एक साल पहले की 5.4 प्रतिशत मुकाबले 8.6 प्रतिशत रही। इसके अलावा, पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही जो पिछले साल समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत पर थी।




**■ कृषि और सेवा क्षेत्र का बेहतरीन प्रदर्शन**

# दिल्ली-एनसीआर के 8 जिलों में पटाखों पर प्रतिबंध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी त्योहार के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

यह प्रतिबंध मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर जिलों में प्रभावी होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर जुर्माना देना होगा। यूपी पुलिस की तरफ से जारी आदेश के अनुसार यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन जिलों में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग करता हुआ पाया जाता है। उसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा-15 के तहत जुर्माना व सजा दोनों मिल सकती है। पकड़े जाने पर पांच साल तक की कारावास की सजा, एक लाख रुपये तक का जुर्माना, दोनों (सजा और जुर्माना) हो सकती है। वहीं पकड़े जाने के बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर पहले ऐसे विफलता या उल्लंघन के लिए सजा सुनाए जाने के बाद हर दिन के लिए पांच हजार रुपये तक का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। पुलिस ने इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल रहने वालों की सूचना देने के लिए 112 नम्बर डायल करने, व्हाट्स एप नम्बर 7570000100 पर मैसेज द्वारा, एसएमएस 7233000100 नम्बर पर किया जा सकता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पेज फेसबुक के लिए /112उत्तर प्रदेश व एक्स /112उत्तर प्रदेश पर करने के साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा यूपी पुलिस की ओर से यूपी पुलिस की वेबसाइट के पब्लिक ग्रीवांश सेल के फायर क्रेकर पोर्टल पर जाकर शिकायत कर सकते हैं।



**■ मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली व मुजफ्फरनगर में प्रभावी होगा आदेश**

# तेज मूसलाधार बारिश से धामपुर बेहाल

## नई बस्ती और नई सराय बने तालाब, जलभराव ने बढ़ाई परेशानी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तेज मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। नगर के कई इलाकों में पानी भर गया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। विशेषकर नई बस्ती और नई सराय मौहल्ला तो पूरी तरह जलमग्न हो गए। जहां घरों से लेकर गलियों तक कमर तक पानी भर जाने से लोगों का निकलना दूभर हो गया।

भारी बरसात के बीच सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ी। गंदे पानी और कीचड़ से होकर बच्चे किसी तरह स्कूल पहुंचे। अभिभावकों ने इसे प्रशासन की लाप. रवाही बताते हुए कहा कि यदि बरसात के दिनों में जलभराव का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

नई बस्ती और नई सराय के अलावा नगर के अन्य हिस्सों जैसे पहाड़ी दरवाजा, डाकघर रोड और रेलवे स्टेशन के पास भी जलभराव की स्थिति देखने को मिली। कई घरों में पानी घुस जाने से लोगों को अपना सामान ऊपर रखना पड़ा। सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं, जिससे आमजन और वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

नई बस्ती व नई सराय में पिछले काफी दिनों से जल भराव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण मच्छरों और गंदगी से बीमारियों का खतरा और बढ़ गया है। यदि नगर पालिका जल्द ही सफाई और जल निकासी का समाधान नहीं करती तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

नई बस्ती और नई सराय के निवासियों ने साफ कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौहल्लेवासियों ने नगर पालिका पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद कोई स्थायी इंतजाम नहीं किया गया है।

### गर्मी से राहत, लेकिन चिंता बरकरार

तेज बारिश से जहां लोगों को उमस और भीषण गर्मी से राहत मिली। वहीं जलभराव ने शहरवासियों की परेशानी और बढ़ा दी। लोग अब चिंतित हैं कि यदि बरसात लगातार जारी रही तो हालत और भी खराब हो सकते हैं।

# दुकानों के बाहर नाली पर सामान रखा मिलने पर होगी कार्रवाई : खाद्य निरीक्षक

## टीम की सूचना पर दुकानदार शटर गिराकर भागे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मेन बाजार में कई दुकानों पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। नाली के ऊपर किराना सामान रखा मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। कुट्टू के आटा बेचने से संबंधित जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम आने की सूचना पर कई दुकानदारों ने अपनी दुकाने बंद कर दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार खाद्य निरीक्षक आरके सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आज सायं करीब चार बजे मेन बाजार में पहुंचकर किराना आदि की दुकानों के लाईसेंस की जांच की। नगर मे अधिकांश दुकानदार सामान बाहर निकाल कर नाली के ऊपर रख लेते है। इसे देखकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने दुकानदारो से नाली के ऊपर सामान नहीं रखने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा आगामी पर्व को लेकर कुट्टू के आटा बेचने के संबंध में दुकानदारों को जागरूक करते हुए कहा कि कुट्टू के आटे में मिलावट नहीं होनी चाहिए। रखा हुआ कुट्टू का आटा न बेचे। होलस. ेलर से आटा खरीदने के दौरान पूरी तरह से जांच करके ले और इसका बिल आदि अवश्य अपने पास रखे। खराब कुट्टू के आटा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उधर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मेन बाजार में आने की सूचना पर दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। कई दुकानदार तो अपनी दुकानों के शटर गिराकर मौके से गायब हो गए। खाद्य निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि दुकानदारों को जागरूक किया गया है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ब्लॉक जलीलपुर के ग्राम कुतुबपुर गांवड़ी निवासी प्रताप सिंह पुत्र संतोष सिंह को भारतीय किसान यूनियन टिकैत का मंडल उपध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर यूनियन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने फूलों की मालाओं से उनका स्वागत किया।

यूनियन के मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने कहा कि यूनियन जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान व युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह सिद्धू की संस्तुति पर प्रताप सिंह पुत्र संतोष सिंह ग्राम कुतुबपुर गांवड़ी को युवा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी द्वारा युवा मंडल उपाध्यक्ष मुरादाबाद के पद पर मनोनीत किया गया है। ब्लॉक जलीलपुर पहुंचने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रताप सिंह का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया। अपने स्वागत सम्मान में नव मनोनीत मंडल उपाध्यक्ष प्रताप सिंह ने कहा कि वह भारतीय किसान यूनियन मे निष्ठा और लगन के साथ कार्य करेंगे साथ ही मंडल स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे।

इस पर युवा मंडल महासचिव अनिल सिद्धू, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी, पूर्व युवा ब्लाक अध्यक्ष जसविंदर सिंह सिद्धू, युवा मंडल महासचिव प्रिंस चौधरी, बलजीत सिंह, यूनियन सक्रिय नेता व मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेंट मेरी स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता

## विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सेंट मेरी कॉन्वेंट विद्यालय में आज नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगारंग एकल नृत्य प्रतियोगिता और बिना आग पकवान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच पर उतरते ही बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छोटे कलाकारों ने जब ताल पर थिरकते हुए नृत्य किया तो तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। बच्चों ने बिना आग पकवान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता का अनूठा परिचय दिया। नन्हे हाथों से तैयार किए गए व्यंजन न केवल स्वादिष्ट थे, बल्कि उनकी प्रस्तुति भी अत्यंत आकर्षक रही। परीक्षक मंडल और प्रबंधकगण ने बच्चों की इस कला को खूब सराहा।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर फिल्वी, प्रधानाचार्य सिस्टर शैनेट एवं प्रभारी सिस्टर धन्या विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। निर्णायक मंडल ने बच्चों के आत्मविश्वास और कौशल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षिका पूजा ने किया, जबकि प्रतियोगिताओं का दायित्व अध्यापिका रीता एवं सुगंधा ने बखूबी निभाया।

# गणेश चतुर्थी महोत्सव श्रद्धा व धूमधाम के साथ संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में स्थित श्री सिद्धिविनायक युवा समिति के तत्वावधान में आज 18वां गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम व श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री बाबा मानसदास मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज और रंग-गुलाल के साथ उल्लासपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गंगा बैराज घाट पहुंची। जहां विधि-विधानपूर्वक भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। समिति के संरक्षक दर्पण रावल, ऋषभ रस्तोगी, वरुण अग्रवाल, कुलबीर चौहान, अर्पित रस्तोगी, लक्ष्मीकांत वर्मा, गोलू बाबा, विनीत सैनी, शिवम सैनी, शिवम शर्मा, डॉ. संदीप, विशेष चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताएं

## विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल और शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए अर्न्तविभागीय, शतरंज व कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह दिन स्वस्थ जीवन शैली, टीम वर्क, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव के महत्व को रेखांकित करता है।

राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का थीम है 'खेलों के माध्यम से शान्ति पूर्ण एवं समावेशी समाज का निर्माण करना'। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे खेल लोगों को एकजुट कर सकते हैं, समझ को बढ़ावा दे सकते हैं और मजबूत समुदायों का निर्माण कर सकते हैं। टीमवर्क, सम्मान और एकता के माध्यम से, खेल सामाजिक बाधाओं को तोड़ने और शांति और समावेशिता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

चेयरमैन मनोज कुमार ने बताया कि यह दिन विभिन्न खेल गति. विधियों में भागीदारी को प्रोत्साहित करता है और समाज के विभिन्न क्षेत्रें में स्वास्थ्य और कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

खेल का शुभारम्भ प्रबन्धक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने खेल का शुभारम्भ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया व खिलाड़ियों का परिचय लिया। लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने बताया कि खेलों के द्वारा विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण, अनुशासन तथा कौशल विकास होता है जो हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है।

प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों बी.एस.सी., बी. एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस), बी.एस. सी., बी.एस.सी. (होम साइंस), लॉ., वाणिज्य व प्रबंधन के लगभग 90 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए फाइनल मुकाबला जीतने के लिये सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शतरंज प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में बी.कॉम (कम्प्यूटर साइंस) विभाग के जिज्ञासु शर्मा ने प्रथम, बी. एस.सी आनर्स के मंयक चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग में बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस), की शिवी भारद्वाज ने प्रथम, लॉ विभाग की अनुष्का राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैरम पुरूष वर्ग में जशनप्रीत एवं चित्रांश बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस) ने प्रथम तथा मंयक एवं आदित्य बी.एस.सी. (आनर्स) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कैरम महिला वर्ग में कनिष्का एवं कशिश, बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस) ने प्रथम, आयुषी एवं हीनू बी. एस.सी (आनर्स) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार, सह क्रीड़ा अधिकारी विशाल विक्रम सिंह, डा. शोमा सिंह, डा. पायल राठी. डा. शालिनी शर्मा, सुनील कुमार, डा. दुष्यन्त कुमार जैन व समस्त कालेज का विशेष सहयोग रहा।

# किशोरी का अश्लील वीडियो वायरल

**हल्दौर।** क्षेत्र के एक गांव में प्रेम-प्रसंग के चलते एक युवक ने किशोरी का वीडियो कॉल पर अश्लील वीडियो बनाने के बाद सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर वायरल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी युवक का किशोरी से लगभग एक वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पूर्व उसने वीडियो कॉल के दौरान किशोरी का अश्लील वीडियो बना लिया और उसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित कर दिया। यह वीडियो किशोरी के मुम्बई में रह रहे चाचा की नजर में आया। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना किशोरी के परिजनों को दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजन सीधे थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर सौंपी पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी युवक आकिब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नांगल सोती।** किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर लाला निवासी भजन ट्रक ड्राइवर था। आज वह लोहे से भरा ट्रक कोटद्वार से लेकर मुजफ्फरनगर जा रहा था। नांगल चंदक मार्ग पर बरकातपुर चौराहे के समीप अचानक उसके सीने में दर्द हुआ तो उसने ट्रक को साइड से लगाकर खड़ा कर दिया। कुछ देर के लिए वह ट्रक से नीचे उतरा और टहलने के बाद फिर ट्रक में बैठ गया, तभी वह पीछे को गिर गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर व्याख्यान

## कार्यक्रम कैरियर निर्माण में सहायक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कालेज के आईआईसी 7.0 सेल द्वारा इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर एक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया, यह विशेष व्याख्यान केपीएस कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य वक्ताओं प्रो.(डा.) अमित कुमार बंसल ने विद्यार्थियों को नवाचार (Innovation) एवं उद्यमिता (Entrepreneurship) की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज के समय में युवाओं के पास अपार संभावनाएं हैं और यदि वे अपने विचारों को स्टार्टअप व नए प्रयोगों से जोड़ते हैं तो वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। व्याख्यान के दौरान वक्ताओं ने सफल उद्यमियों के उदाहरण साझा किए और विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यवहार में लाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अपने अनुभव को साझा किए।

कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने छात्रों को नए अवसरों की पहचान कर उन्हें साकार करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम आयोजित करने में आईआईसी सेल के प्रेसिडेंट प्रो.(डा.) अमित कुमार बंसल, वाइस प्रेसिडेंट प्रो. अंकित राजन अग्रवाल व एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर प्रो. श्वेता गौड़ व प्रो. उज्जवल कुमार एवं समस्त वीरा स्टाफ उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत में...** हुए इसे मानवता के आधार पर देखने की बात कही। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। उन्होंने रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर लिखा था कि इस दौरे का मकसद भारत और जापान के बीच खास रणनीतिक और ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करना है। जापान के बाद मोदी 31 अगस्त को चीन पहुंचेंगे।

मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर कहा कि भारत इस संघर्ष को हमेशा मानवता के आधार पर देखता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी हमारे रुख की सराहना की है। दोनों नेताओं ने मुझसे बात भी की। मोदी ने संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत करने की बात कही। मोदी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी भरोसे पर बनी है। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का साझा सपना लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि जापानी टेक्नोलॉजी और भारतीय टैलेंट साथ आ जाए, तो जीत पक्की है। जहां हम हाई-स्पीड रेल पर काम कर रहे हैं, वहीं अगली पीढ़ी की मोबिलिटी साझेदारी के तहत हम बंद. रगाहों, एविएशन और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति करेंगे। चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग के लिए, इसरो और जाक्सा (जापानी स्पेस एजेंसी) के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हैं। हमारी साझेदारी पृथ्वी की सीमाओं को पार करेगी और अंतरिक्ष में भी मानवता की डेवलपमेंट का प्रतीक बनेगी।' मोदी ने ह्यूमन रिसोर्स एक्सचेंज प्लान के तहत अगले 5 सालों में अलग-अलग सेक्टर में दोनों देशों की तरफ से 5 लाख लोगों के एक्सचेंज को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि हमारा ज्वाइंट क्रेडिट मेकेनिज्म एनर्जी के लिए एक बड़ी जीत है। यह ग्रीन एनर्जी पार्टनरशिप हमारी इकोनॉमी की तरह मजबूत है। इसी दिशा में हम सस्टेनेबल फ्यूल और बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप भी शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने दोनों देशों के लिए हाई टैक्नोलॉजी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने और प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में, डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआई सहयोग पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ मटेरियल हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 सालों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का टारगेट रखा है। भारत और जापान के स्माल और मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। पीएम मोदी ने जापानी पीएम इशिबा को स्वागत के लिए आभार दिया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने अपने खास स्ट्रैटजी से ग्लोबल साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्क शामिल हैं। जापानी पीएम इशिबा बोले- 6 साल पहले मुझे वाराणसी आने का सौभाग्य मिला था। जहां मैं भारत के भारतीय इतिहास को देखकर हैरान रह गया था। पीएम मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की मौजूदगी में दोनों देशों के विदेश सचिवों ने हाइड्रोजन-अमोनिया और खनिज से जुड़े समझौते की फाइल एक्सचेंज की।

## सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिश

# योगी ने न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को मुद्दा बनाया

**प्रतापगढ़, वार्ता**



**कहा: डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगीं**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 2024 की हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंद. ुओं को निशाना बनाया गया। उस वक्त हिन्दुओं की जनसांख्यिकी को कम करके डेमोग्राफी बदलने की साजिशें रची गईं।

आज डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी, जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा। प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन वास्तव में एंटी इंडिया गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की आन-बान-शान से खिलवाड़ करता है और देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करता है। सीएम योगी ने कहा कि जब-जब इन्हें सत्ता मिली, तब-तब इन्होंने माफिया को बढ़ावा दिया, गुंडागर्दी करवाई और गरीबों का हक छीना।

अब जब जनता ने इन्हें नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। योगी ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों को विपक्ष की हताशा का नतीजा बताते हुए कहा कि ऐसे लोग राजनीति में जगह के लायक नहीं हैं।

इन लोगों को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है। यह थूक इनके ऊपर आ रहा है। इन लोगों की भाषा से आज 140 करोड़ भारतवासी अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तुष्टिकरण नहीं संतुष्टीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए 8 वर्ष में 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में मदद मिली। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आज माफिया संस्कृति को खत्म कर प्रदेश को विकास की राह पर ला दिया है।

### योगी ने किया उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में राज्य निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था अगर मजबूत है, तो हर संस्था अपने आप ही संवेदनशील बनती है, विकास के प्रति आग्रही बनती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हॉकी के जादूगर, पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बैराज से गुजरे हल्के चौपहिया वाहन

## नागरिकों को बड़ी राहत, भारी वाहन प्रतिबंधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लम्बे इंतजार के बाद आज बैराज को हल्के चौपहिया वाहनों के गुजरने के लिए खोल दिया गया है। जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि भारी वाहन अभी भी बैराज से नहीं गुजर पाएंगे।



गौरतलब है कि गंगा नदी पर बने बैराज में आई खराबी की वजह से इसे 22 दिन पूर्व यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। सात जुलाई से बंद बैराज के गेट नम्बर 21 व 22 के बीच गैप काफी ज्यादा बढ़ गया था। जब यहां से वाहन गुजर रहे थे, तो स्लैब हिल रहे थे। खतरे को भांपते हुए अनहोनी की आशंका के मद्देनजर बैराज मार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। जिसके बाद हल्के व भारी वाहन चांदपुर, गजरौला व गढ़ होते हुए मेरठ, दिल्ली व मुजफ्फरनगर जा रहे थे। जिससे समय व पैसे की बर्बादी हो रही थी। शुरूआत में तो बैराज तक बस व अन्य वाहन नहीं चलाए गए। बाइकों के लिए भी बैराज मार्ग बंद कर दिया गया था। बाद में बाइकों को निकाला गया। साथ ही बसें भी दोनों तरफ से बैराज तक पहुंचने लगी थी। यात्रियों को अपना भारी सामान उठाकर पैदल ही बैराज पार करना पड़ता था। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों ने भी खूब वसूली की। उन्होंने अपना किराया कई गुना बढ़ा दिया था। ज्यादातर नागरिक मेरठ व मुजफ्फरनगर का सफर करने से बच रहे थे। बैराज की जांच के नाम पर कई दिन गुजार दिए गए। जब फजीता होना शुरू हुआ, तो नेशनल हाईवे के अभियंताओं की नींद खुली। साथ ही अन्य तकनीकी विभागों के अभियंताओं ने मौके पर जाकर जांच की। इसके बाद बैराज की मरम्मत का काम शुरू हुआ। जो काफी धीमी गति से चला। लेकिन राहत की बात यह है कि आज दोपहर से बैराज मार्ग को हल्के चौपहिया वाहनों के गुजरने के लिए खोल दिया गया है। कल ही इसकी घोषणा कर दी गई थी। जिसकी वजह से बड़ी संख्या में कार व अन्य छोटे वाहन बैराज से गुजरे। व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस मुस्तैद रही। जबकि भारी वाहनों के लिए अभी मनाही है। बताते है कि तीन सितम्बर से बैराज से भारी वाहन गुजर सकेंगे। हालांकि इससे पहले फिर तकनीकी जांच की जाएगी। बैराज मार्ग की हालत वैसे भी खस्ता है। जनपद के सभी मुख्य मार्ग पानी उतरने व भारी बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

## 31 को सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह

**बिजनौर।** महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा 31 अगस्त को प्रात: 11 बजे बैंकट हॉल में सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा।

सोसाइटी के अध्यक्ष प्रधान कल्याण सिंह सैनी ने बताया कि सैनी समाज के जिन छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष किसी भी फाइनल परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह में डॉ. रामपाल सिंह सैनी कुलपति चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद, बृजेश कुमार मौर्य अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग बिजनौर, राजवीर सिंह सैनी खंड विकास अधिकारी मौहम्मदपुर देवमल, डॉ. मूलचंद सैनी वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ मेरठ, इंजीनियर बीपी सिंह सैनी राष्ट्रीय सचिव सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा समाज एवं इंजीनियर ओपी सैनी आदि शामिल होंगे।

प्रधान कल्याण सिंह सैनी ने सैनी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा समाज के लोगों का आह्वान किया है कि वह सम्मान समारोह में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### एक नजर

## बुद्धि के प्रदाता हैं भगवान गणेश



**नजीबाबाद।** गणपति महोत्सव के दूसरे दिन की संध्या के मुख्य यजमान अपूर्व गुप्ता, अमित गुप्ता, अजीत कुमार गुप्ता, टाटा आयरन वाले और आज तीसरे दिन सुबह के मुख्य यजमान दिव्या शर्मा, समता शर्मा और सुभाष कुमार एवं उनके परिवार जनों को पंडित जितेंद्र डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति जी की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया। पंडित जितेंद्र डबराल ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि भगवान गणेश बुद्धि के देवता हैं और जो भक्त उनकी शरण में चला जाता है उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और बुद्धि तीव्र होती है। पंडित संजय डबराल ने कहा कि किसी भी शुभ कार्य को आरंभ करने के लिए सर्वप्रथम भगवान गणपति की आराधना करनी चाहिए। क्योंकि इससे न सधने वाले कार्य भी स्वयं सध जाते हैं। कोई भी श्रद्धालु जब सच्चे मन से भगवान गणपति की आराधना करता है तो भगवान गणपति शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं और मनचाही कामना पूर्ण होती है। भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया के नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। दोनों विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमानों के हाथों से स्थापित गणपति को मोदक का भोग लगवाया और दूर्वा अर्पित कराकर भक्तों को मोदक, केला, जलेबी और सेब के प्रसाद वितरित किए। इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, विवेक अग्रवाल राज ज्वैलर्स, राकेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एस.के. जौहर, उप मंत्री डॉ. राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राजीव अरोड़ा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट सहित राजेश भारद्वाज, अरुण पाटिल, पंकज अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, दीपक भारद्वाज, एसपी मित्तल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल और पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा विद्यालय में छात्रा से कराई बर्तनों की सफाई

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्दौर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की रसोई में एक छात्रा द्वारा बर्तन साफ और सफाई कार्य करती हुई वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो सामने आने के बाद अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार विद्यालय में 186 छात्राओं का पंजीकरण है, जिनमें से 167 उपस्थित थीं। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय स्टाफ बच्चों से रसोई में खाना बनवाने, झाड़ू-पोंछा लगवाने और बर्तन धुलवाने जैसे कार्य कराता है। हाल ही में एक छात्रा द्वारा रसोई में खाना पकाने और बर्तन साफ करने का वीडियो किसी ने वायरल कर दिया, जिससे मामला तूल पकड़ गया।

आज कुछ अभिभावक विद्यालय पहुंचे और स्टाफ से शिकायत की। लेकिन अभिभावकों का कहना है कि स्टाफ ने उनकी आपत्ति को गंभीरता से नहीं लिया और असंतोषजनक जवाब देकर टाल दिया। इस पर अभिभावक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय जाकर शिकायत दर्ज कराने की बात कह रहे हैं। इस प्रकरण पर अभिभावकों में विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली के प्रति गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहीं वार्डन संजू रानी ने सभी आरा. `पों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया है।

# शेख शाहनवाज का विकास पर जोर

## तरक्की कर रहा नगीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने नगर के विकास पर जोर दिया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला कलालान नई बस्ती में मुफ्ती जलील के मदरसे के पास पेंट की दुकान का उद्घाटन चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने और उनकी टीम के लोगों ने दुकान संचालक को बधाई देकर कारोबार में तरक्की के लिए दुआएं दी। उन्होंने कहा कि नगीना नगर का विकास हो रहा है। सभी को नए-नए प्रतिष्ठान स्थापित कर नागरिकों को अच्छी से अच्छी सुविधाएं देनी चाहिए। दुकान के संचालक वाजिद सैफी द्वारा शेख शाहनवाज खलील व उनकी टीम के लोगों का माला पहना कर स्वागत किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने संचालक वाजिद सैफी को इस नए प्रतिष्ठान की बधाई देते हुए दुकान में दिन प्रतिदिन तरक्की होने की दुआ भी की। वाजिद सैफी के द्वारा उनके प्रति आभार भी जताया गया। शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि इस क्षेत्र में पेंट की दुकान खोलने से क्षेत्रवासियों को अन्य दूर क्षेत्रों में जाकर खरीदारी नहीं करनी पड़ेगी। सारी चीजें एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जाएगी। जिसके चलते ग्राहकों को काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर शेख शाहनवाज खलील व उनकी टीम के लोगों समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नजीबाबाद में होटल बने आशिकी के अड्डे

**नजीबाबाद।** शहर में कई होटल जहां आशिकी के अड्डों में तब्दील हो चुके हैं, वहीं कॉफी कैफे भी अब इस दौड़ में पीछे नहीं है। होटल की आड़ में चल रहे नाजायज धंधों पर जहां प्रशासन की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। युवा वर्ग खुलेआम कैफे और लॉज को 'प्रेम मिलन स्थल' की तरह इस्तेमाल कर रहा है। सूत्रों के अनुसार शहर के प्रमुख बाजारों और रेलवे स्टेशन के आसपास बने होटलों में बिना आईडी प्रूफ बुकिंग हो रही है। कॉफी कैफे के नाम पर बने ठिकाने भी युवाओं के लिए 'सेफ जोन' साबित हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि इन जगहों पर होने वाली गतिविधियां समाज और संस्कृति पर गहरी चोट कर रही हैं। आरोप है कि पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से ही यह सब मुमकिन हो रहा है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो नगर की साख पर दाग लगना तय है। भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने उपजिलाधिकारी और सीओ को ज्ञापन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। मगर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इससे साफ हो गया है कि बिना आंदोलन के कोई कार्रवाई संभव नहीं। सूत्रों की मानें तो किसान यूनियन जल्द ही एसडीएम का घेराव करने की तैयारी में है। शहर में भ्रष्टाचार और गंदे कारोबार के खिलाफ यह आंदोलन बड़ा रूप ले सकता है।

# नगीना में बूथ संशोधन की मांग

## भाजपा नेता रोहित रवि ने एसडीएम को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बूथ संशोधन की मांग को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित रवि ग्रामीणों के साथ एसडीएम से मिले।



प्राप्त समाचार के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कक्कड़पुर उर्फ लकड़ा के ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की शिकायत पर भाजपा नेता रोहित रवि ने एसडीएम एवं तहसीलदार से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ग्राम के 200 से अधिक वोटरों को अपने निकट बूथ से अलग दूरस्थ बूथ पर वोट डालने जाना पड़ता है। जिससे महिलाओं एवं बुजुर्गों को वोट डालने में समस्या होती है तथा वोट प्रतिशत प्रभावित होता है। जिसके समाधान हेतु अधिकारियों से अनुरोध किया गया। एसडीएम ने समस्या का संज्ञान लेते हुए जांच कर उचित एवं शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान ऋषिपाल सिंह, हेमराज सिंह, फूल सिंह, घनश्याम सिंह, डॉ. उदयराज, विजयभान सिंह, वेदपाल सिंह, ज्ञान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## केएम इंटर कॉलेज विवाद

# सात शिक्षकों पर पुलिस ने कसी लगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज में 26 अगस्त को हुए शिक्षकों के दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के सात शिक्षकों के खिलाफ 107/16 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 5-5 लाख रुपये के मुचलके पर पाबंद कर दिया है।




### 5-5 लाख का मुचलका भरवाया

दो दिन पूर्व शिक्षक अभिषेक कुमार और महेंद्र सिंह के बीच हुई कहासुनी से जुड़ी बताई जा रही है। इसी मामले में तीन दिन पहले प्रार्थना के बाद दोनों गुट आमने-सामने आ गए और विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार भी घायल हो गए, जबकि शिक्षक महेंद्र सिंह को भी चोटें आईं।

घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। अनिल कुमार की तरफ से केवल महेंद्र सिंह को नामजद किया गया। वही महेंद्र सिंह की तरफ से दूसरे पक्ष के अभिषेक कुमार, अनिल कुमार, योगेश कुमार, योगेंद्र, गजेंद्र तथा अमित के खिलाफ शिकायत दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अब शहर इंचार्ज पवन कुमार शर्मा ने तत्काल जांच शुरू कराई और दोनों गुटों को थाने बुलाकर पूछताछ की। पुलिस ने हालात को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के सात शिक्षकों पर निरोधात्मक कार्रवाई की है। प्रत्येक को 5-5 लाख रुपये के मुचलके पर पाबंद किया गया है। स्थानीय स्तर पर इस घटना की काफी चर्चा है। अभिभावकों और छात्रों में भी इस बात को लेकर नाराजगी है कि शिक्षकों के बीच आपसी विवाद अब झगड़े और पुलिस कार्रवाई तक पहुंच चुका है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है और किसी भी तरह की पुन: अप्रिय घटना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### एक नजर

## खेल दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित



**नजीबाबाद।** सेंट मैरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में चल रही अंतर सदनीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल खेला गया। जिसमें ग्रीन हाउस ने ब्लू हाउस को 35-20 के अंतर से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल सिस्टर लिसी एवं प्रबंधक फादर जोस वर्गिस के कुशल मार्गदर्शन में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। खेल दिवस के उपलक्ष मैं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें सीनियर सेक्शन में चेस तथा कैरम एवं प्राइमरी सेक्शन में बैलून रेस, स्पून रेस, डॉट बोर्ड, शटल रेस आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## शराब की दुकान में लाखों की चोरी




**स्याऊ।** चोरों में पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है। ग्राम कुलचाना निवासी विनोद देवी पत्नी राजेश कुमार के नाम से ग्राम के पास ही देशी शराब और बीयर की दुकान है। बीती रात चोरों ने सड़क के किनारे इसे शराब की दुकान में सेंध लगा दी। शराब की दुकान से 44 पेटी देशी शराब और 24 पेटी बीयर चोरी कर ले गए। जब सुबह को विनोद देवी के पति दुकान पर पहुंचे, तो शराब की दुकान का सामान बिखरा पड़ा मिला। देखा कि शराब की दुकान में पीछे की ओर से सेंध लगी थी। सेंध देखकर राजेश के होश उड़ गए। दुकान से देशी शराब की 44 पेटियां और बीयर की 24 पेटियां गायब थीं। जिसकी कीमत करीब सवा दो लाख रुपए की बताई जाती है। चोरों ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़कर सिस्टम भी अपने साथ ले गए। पीड़ित राजेश शर्मा ने चोरी की शिकायत नजदीकी शुगर मिल चौकी में दर्ज कराई है। चौकी प्रभारी हरस्वरुप शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। दुकान संचालिका के पति द्वारा चोरी का कुल नुकसान लगभग दो लाख रुपए का आंका गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पहुंची। पीड़ित ने पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**स्याऊ।** शिवाला कलां थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी 17 वर्षीय दलित किशोरी ने ग्राम नैनू नांगल निवासी पुष्पेंद्र उर्फ कम्पूटर चौहान पुत्र मनोज चौहान पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसने पुलिस को बताया था कि बुधवार की दोपहर उसे खेत में पशु जाने के बहाने अंदर भेज कर खुद पीछे से आकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने देर शाम को आरोपी पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। मामले में थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में चालान किए जाने पुष्टि की है।

## झालू विद्युत उपकेन्द्र पर गिरी बिजली



**बिजनौर।** झालू नगर में स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर आज सुबह आकाशीय बिजली गिरने से अफरा तफरी मच गई। अचानक गिरी बिजली से उपकेंद्र के कई विद्युत उपकरण जलने-बुझने लगे। जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। झालू बिजलीघर के अवर अभियंता सुदेश कुमार ने बताया कि आक. ाशीय बिजली गिरने से उपकरणों (रिले इत्यादि) को क्षति पहुंची है। तकनीकी टीम को अलर्ट कर दिया गया है और मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर कराया गया, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द राहत मिल सके। इस संबंध में जब द्वितीय विद्युत उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार बिंद से वार्ता हुई, तो उन्होंने बताया कि झालू बिजलीघर पर अचानक से आकाशीय बिजली गिरी है। आकाशीय बिजली गिरने से कौन से उपकरण खराब हुए हैं अथवा नहीं, इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने नगर व क्षेत्र की जनता से सहयोग बनाने रखने की अपील की है। बिजली कर्मचारियों की मदद से एक घंटे बाद सप्लाई सुचारू की गई।

## दुकान में कुंबल लगाकर चोरी



**मंडावर।** कस्बा निवासी चंदा की चुंगी अड्डे के पास बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। देर रात चंदा की बाइक रिपेयरिंग की दुकान में चोरों ने कुंबल लगाकर हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। जब दुकान स्वामी आज सुबह अपनी दुकान पर गए, तो उन्हें चोरी होने की जानकारी मिली। दुकान स्वामी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों कि पहचान करने का प्रयास पुलिस कर रही है। यह घटना पहली बार नहीं हुई है। पूर्व में भी कई बार इस दुकान में चोर वारदात को अंजाम दे चुके हैं।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# रामगंगा बांध प्रशासन ने जारी की चेतावनी

## बांध क्षेत्र का बढ़ा जलस्तर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** उत्तराखंड के कैचमेंट क्षेत्र में रात से हो रही बारिश से बांध का जलस्तर बढ़ गया है।

बांध के बढ़ते जलस्तर से उत्तर प्रदेश के सात जिलों में बाढ़ आने की संभावना बढ़ गई है। इस संभावना को देखते हुए बांध प्रशासन ने 5000 क्यूसेक पानी की निकासी को मंजूरी दे दी है। वहीं 400 क्यूसेक पानी पावर हाउस मशीन ट्राई आउट और सिंचाई के लिए दिया जा रहा है। बताया जाता है कि आज सुबह बांध का जलस्तर 358 मीटर हो गया था। वहीं उत्तराखंड व बांध क्षेत्र के आसपास के इलाकों में आने वाले कुछ दिनों तक मानसूनी बारिश के सक्रिय रहने की संभावना जताई जा रही है। इसी संभावना को देखते हुए बांध प्रशासन ने 5000 क्यूसेक व उससे अधिक निकासी पानी की संभावना व्यक्त की है। रामगंगा बांध के कैचमेंट क्षेत्र में रात से हो रही बारिश चोखुटिया 18 , नौला 12, मार्चुला 10.6, रानीखेत 16. 4, लैसडाउन 32 एमएम वर्षा मापी गई। साथ ही शुक्रवार को दिन भर वर्षा भारी वर्षा होती रही। बिजनौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सतर्क रहने के आदेश दे दिए। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों की निगरानी की जा रही है। किसी भी अनहोनी के बचाव व सतर्कता के आदेश भी दिए गए।

# गुलदार ने फिर किया शिकार



**मंडावर।** लालपुर सुखानंदपुर के जंगल में गुलदार ने बकरियों व कुत्तों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। आज गुलदार ने फिर बकरियों के झुंड में हमला करके बकरी के बच्चे को उठा लिया। बहादुर युवकों ने गुलदार के मुंह से निवाला बने बच्चे को छुड़ा लिया, मगर वह मर चुका था। कस्बे पूरब में लगे ग्राम लालपुर सुखानंदपुर के जंगल में गुलदार का आतंक बढ़ गया है। आज रोज की तरह मंडावर के मौहल्ला फराशटोली निवासी सचिन खटीक और शुभम खटीक अपनी भेड़-बकरियां जंगल में चराने गए थे। जब वह डोकरे के पास बकरी चारा रहे थे, इसी दौरान पास खड़ी ईख के खेत से गुलदार ने निकल कर उनकी बकरी के बच्चे पर हमला कर दिया। गुलदार जैसे ही मुंह में दबोच कर बकरी के बच्चे को ईख में घुसने लगा, तभी दोनों बहादुर युवकों ने हिम्मत दिखाई और बच्चें को छुड़ाने के लिए उन्हें अपनी जान की परवाह न कर के लाठी व डंडे से पीट दिया। गुलदार युवकों के हमले के बाद अपने मुंह में दबोचे बच्चे को छोड़ कर ईख में भाग निकला। सचिन का यह दूसरी बार गुलदार ने नुकसान किया है। इससे पहले भी गुलदार एक बकरी के बच्चे को उठाकर ले गया था और उसे अपना निवाला बना चुका है। इस घटना से किसानों में दहशत व्याप्त हैं। किसानों का कहना है कि इन दिनों गुलदार उनके लिए मुसीबत का सबब बन गया है। गुलदार गांव तक में घुस कर कुत्तों को उठा कर ले जा रहा है। ग्राम में कई कुत्ते गायब हो चुके हैं, जो कुत्ते बचे भी है, वो भी गुलदार की दहशत में दिखाई दे रहे।

# मण्डावर में जबरन वसूली जा रही तहबाजारी



## चेयरमैन आसिफ ने गुण्डों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मण्डावर।** नगर पंचायत चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान ने कस्बे में जबरन वसूली जा रही तहबाजारी को लेकर गुण्डों के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रभारी निरीक्षक को पत्र लिखा है।

मण्डावर थाने के प्रभारी निरीक्षक को लिखे पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत कार्यालय के सामने प्रत्येक मंगलवार को तथा मौहल्ला शंभा बाजार में परम्परागत रूप से साप्ताहिक बाजार लगते हैं। शासन आदेश संख्या 2225/9-9-06-55 ज/06 दिनांक 14.06.2006 के द्वारा स्थानीय निकायों में तहबाजारी समाप्त कर दी गई थी। तभी से साप्ताहिक बाजारों में तहबाजारी पर पूर्णत प्रतिबंध हैं। शासनादेश के अनुपालन में नगर पंचायत कर्मचारी द्वारा किसी भी फड एवं दुकानदारों से कोई तहबाजारी नहीं वसूली जाती है, लेकिन मौहल्ला अफगानान निवासी उस्मान, गुफरान व फुरकान पुत्रगण मौहम्मद वसी शाह, बसिया उर्फ मौहम्मद वसी शाह व मटरू पुत्रगण शफी शाह आदि ने एक गिरोह बनाकर जबरन अपने आप को वक्फ मुतवल्ली बताते हुए गरीब फड़ स्वामियों व दुकानदारों से तहबाजारी वसूलना शुरू कर दिया है। जो तहबाजारी पर रोक के शासनादेश का खुला उल्लंघन है। यह गुण्डागर्दी की पराकाष्ठा है। नगर पंचायत की सड़कों पर लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में जबरन उगाही जा रही तहबाजारी को रोके जाने और गुण्डागर्दी के बल पर अवैध तहबाजारी वसूलने वाले गिरोह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज होना तथा उनके विरूद्ध गुण्डाएक्ट के तहत कठोर कार्यवाही होना अति आवश्यक है। पत्र में कहा गया है कि मण्डावर नगर पंचायत की सड़कों पर लगने वाले शनिवार और मंगलवार के साप्ताहिक बाजारों में वक्फ की आड़ लेकर जबरन उगाही जा रही तहबाजारी को रोका जाए और गुण्डागर्दी के बल पर अवैध तहबाजारी वसूलने वाले माफिया गुण्डागहों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की जाए।

गौरतलब है कि मण्डावर में सड़कों पर साप्ताहिक बाजार लगता है, जिससे जाम की समस्या पैदा हो जाती है। सरकारी सड़क पर लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में वक्फ के नाम पर वसूली का खेल चल रहा है। जिससे नगर की जनता एवं फड़ विक्रेता बेहद परेशान है। आएदिन वाद-विवाद होते रहते हैं।

# गंगा नदी को किसी भी स्थिति में प्रदूषित नहीं होने देंगे: डीएम

## मूर्ति का विसर्जन न करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्पष्ट करते हुए कहा कि गंगा नदी को किसी भी तरह से प्रदूषित करने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मूर्ति बनाने में प्राय: केमिकल युक्त मिट्टी एवं सामग्री का प्रयोग किया जाता है, जो पानी को प्रदूषित करते हैं और जलीय जीवन के लिए अति हानिकारक होते हैं। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गंगा में किसी भी प्रकार से मूर्ति का विसर्जन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मूर्ति विसर्जन के लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि गंगा किनारे अलग से एक बड़ा गड्डा खुदवा कर उसे गंगाजल से भरवाएं और उस स्थान का सौंदर्यकरण भी कराएं, ताकि भक्तों द्वारा उसमें मूर्ति विसर्जन किया जा सके और गंगा सभी प्रकार के प्रदूषण से मुक्त एवं सुरक्षित रहे। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि गंगा नदी में मूर्ति विसर्जन करने अथवा किसी भी प्रकार से उसमें प्रदूषण फैलाने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# आरआर स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता

## खेल दिवस पर आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** आरआर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने ध्वजारोहण कर किया। प्रधानाचार्य ने हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि खेल जगत में जो अभूतपूर्व योगदान मेजर ध्यानचंद का रहा है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश एवं खेल को समर्पित कर दिया। आज के युवा विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। मेजर ध्यानचंद की पहचान सम्पूर्ण विश्व में हांकी के जादूगर के रूप में होती हैं।

इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शतरंज प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल शिक्षक संजीव डबास व जीवन सिंह की देखरेख में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में प्रियांशु, पांशुल कंधालिया, खुशी, शिखा अग्रवाल, स्पर्श, विवेक सिंह शेखावत, पलक दत्त सुवहान, अर्पित, यशवर्धन आदि ने प्रतिभाग किया। शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग से अंडर 11 में हर्षित कुमार ने गोल्ड मैडल, बुद्ध प्रताप सिंह ने सिल्वर मेडल बालक वर्ग अंडर 14 में नैतिक दत्त ने गोल्ड मेडल, तेजस ने सिल्वर मेडल अंडर 17 में, वासु ने गोल्ड मेडल,सत्यम त्यागी ने सिल्वर मेडल,अंडर 19 में हिमांशु ने गोल्ड मेडल व युवराज ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दूसरी ओर अंडर 14 बालिका वर्ग में लावणिया ने गोल्ड मेडल, वानिया ने सिल्वर मेडल, अंडर 17 में गामिका ने गोल्ड मेडल, हसना ने सिल्वर मेडल, अंडर 19 में जसमीत कौर ने गोल्ड मेडल व मनु यादव ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में आकृति, अंश प्रताप सिंह आदि का मुख्य योगदान रहा।

# प्रशासन का पुस्तकालयों की स्थापना पर जोर

## विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाएं




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला प्रशासन का पुस्तकालयों की स्थापना पर विशेष ध्यान है। इन पुस्तकालयों में विद्यार्थियों को सुविधाएं दी जा रही है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद की समस्त नगर निकायों में छात्रों व छात्राओं एवं आम जनमानस में पठन-पाठन की रूचि विकसित किये जाने के उद्देश्य से डिजिटल पुस्तकालयों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में जनपद की नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत नौ स्थायी तथा सात अस्थायी पुस्तकालय संचालित हैं। नगर पालिका परिषद बिजनौर, धामपुर, स्योहारा, शेरकोट, अफजलगढ़, नजीबाबाद, नूरपुर, चान्दपुर व नगर पंचायत सहसपुर, झालू, साहनपुर एवं जलालाबाद द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत पुस्तकालय संचालित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि निकायों द्वारा संचालित इन पुस्तकालयों में जनसामान्य एवं छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत समुचित फर्नीचर, पेयजल, सीसीटीवी कैमरा, वाईफाई व दैनिक समाचार पत्र, प्रतियोगात्मक, साहित्यिक, काव्य, धार्मिक ग्रन्थ, स्वतत्रंता संग्राम सेनानियों के बलिदान व देश के ऐतिहासिक क्षणों एवं विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध करायी जा रही हैं। नगर पालिका परिषद बिजनौर में वर्ष 1925 से दुष्यंत कुमार पुस्तकालय व नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में वर्ष 1916 से सरस्वती पुस्तकालय निकाय क्षेत्रान्तर्गत संचालित हैं। जिनमें निकायों द्वारा समय-समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। नगर पालिका परिषद स्योहारा व नगर पालिका परिषद हल्दौर में राज्य वित्त आयोग की धनराशि से, नगर पंचायत सहसपुर में 15वें वित्त आयोग की धनराशि एवं नगर पंचायत जलालाबाद में बोर्ड फण्ड की धनराशि से डिजिटल पुस्तकालयों का निर्माण कराया गया है। नगर पालिका परिषद स्योहारा एवं नगर पंचायत सहसपुर द्वारा पुस्तकालय का संचालन 31 मई, 2025 से प्रारम्भ कर दिया गया हैं। नगर पालिका परिषद हल्दौर एवं नगर पंचायत जलालाबाद में पुस्तकालय का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका हैं। इन पुस्तकालयों में संचालन भी शीघ्र ही प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद शेरकोट, अफजलगढ, नूरपुर व नगर पंचायत झालू व साहनपुर को डिजिटल पुस्तकालयों के निर्माण कराये जाने के लिए स्वीकृति उपरान्त शासन स्तर से धनराशि अवमुक्त की गयी है। निकायों द्वारा शासन से प्राप्त धनरा. शि से डिजिटल पुस्तकालयों का निर्माण माह सितंबर तक पूर्ण करा लिया जाएगा तथा निकायों में निवास करने वाले आम जनमानस एवं छात्र-छात्राओं को डिजिटल पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना में डिजिटल पुस्तकालयों के निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद बिजनौर, नहटौर, किरतपुर, चान्दपुर व नगर पंचायत बढ़ापुर द्वारा स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं।

शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त इन निकायों में भी डिजिटल पुस्तकालयों का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा। जिससे जनपद के सभी नगरीय क्षेत्र संतृप्त हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि नगर पालिका परिषद बिजनौर व नजीबाबाद में 100 वर्ष से अधिक पुराने पुस्तकालय संचालित हो रहे हैं तथा नजीबाबाद स्थित सरस्वती पुस्तकालय में पाण्डु लिपि भी संरक्षित है। जिनको संरक्षित किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी रजा लाइब्रेरी रामपुर से सम्पर्क कर उक्त पुस्तकालयों में उपलब्ध पुराने धार्मिक ग्रन्थों व पुस्तकों व पाण्डु लिपियों को संरक्षित कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद की बड़ी निकायों विशेष तौर पर तहसील मुख्यालय की निकायों में वार्डवार कलस्टर बनाकर लाइब्रेरी की स्थापना करायी जाए, ताकि जनसामान्य एवं छात्र-छात्राओं को नजदीक में ही लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध हो सके।

# गुलदार से बचाव के लिए विशेष निर्देश

## प्रभावित क्षेत्रों में चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में बचाव के लिए विशेष अभियान चलाए जाए। आम जनता को जागरूक किया जाए।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम स्थानीय कलेक्ट्रेट सभागार में मानव गुलदार संघर्ष निवारीकरण, गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर गुलदार प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्रों में टीमों का गठन कर टीम के सदस्यों को गुलदार से बचाव से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं और टीम में स्वयंसेवी वन मित्रों को भी अनिवार्य रूप से शामिल रखा जाए। ताकि उनके द्वारा गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे को लगाया जा सके। उन्होंने वन विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की टीमों को ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रचार सामग्री भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। ताकि टीम के सदस्य गांव में प्रवास कर ग्रामवा. सियों को अच्छी तरह प्रशिक्षित कर सकें। उन्होंने पंचायत राज अधिकारी निर्देश दिए कि गुलदार प्रभावी सभी संवेदनशील क्षेत्रों में ग्राम के बाहर प्रवेश मार्गों पर सोलर सर्च लाइट्स स्थपित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि आबादी में गुलदार के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यकता अनुसार सोलर फेंसिंग का कार्य करना सुनिश्चित करें, ताकि मानव-गुलदार संघर्ष को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके।

उन्होंने गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिंचाई एवं पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर गंगा तटीय गांवों में ग्राम वनों का विकास करें तथा गंगा घाट पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और जर्जर शौचालय की मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सा कैंपों को लगाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान वाहनों से जनित उत्सर्जन के नियन्त्रण के लिए किये गये उपायों की समीक्षा की गयी। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016 के अनुपालन के अन्तर्गत एमआरएफ सेन्टर प्रबन्धन, साथ ही स्थानीय निकाय के विभिन्न क्षेत्रों से जनित नगरीय ठोस अपशिष्ट के एकत्रण तथा अन्तिम निस्तारण तक परिवहन किये जाने के लिए सेकेण्ड्री स्टोरेज फैसेलिटीज एवं उसकी कम्पोस्टिंग, आरडीएफ, लिगेसी वेस्ट की स्थिति पर चर्चा की गयी।

## एक नजर

### हिस्ट्रीशीटर रवि दत्त शर्मा को सजा

**बिजनौर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 4 ने थाना शिवाला कलां अंतर्गत ग्राम रामोरूपपुर निवासी रवि दत्त शर्मा पुत्र नत्थूराम शर्मा को एनडीपीएस एक्ट ने चार वर्ष दो माह के कारावास एवं पांच हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

### बिजनौर में आकाश सहित चार गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने थाना मंडावर के ग्राम शहबाजपुर निवासी आकाश पुत्र दिनेश कुमार एवं ग्राम धनुवाला के शिवा पुत्र नरेश, अभिषेक पुत्र प्रीतम एवं सुशील पुत्र कलवा को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

### हत्यारोपी अंकित गिरफ्तार

**बिजनौर।** कोतवाली देहात पुलिस ने दहेज की खातिर पत्नी की हत्या करने के आरोपी अंकित कुमार पुत्र कमाल सिंह निवासी ग्राम नंदपुर को गिरफ्तार किया है।

### झलरा का आस मौहम्मद गिरफ्तार

**बिजनौर।** झलरा में युवती के द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतका की अश्लील वीडियो बनाने व उसे वायरल करने के आरोपी आस मौहम्मद उर्फ छोटू पुत्र नसीम अहमद को गिरफ्तार किया है।

### ठाकुरद्वारा बजरिया मंदिर में भजन संध्या

**धामपुर।** श्री मंदिर ठाकुरद्वारा बजरिया मंदिर में देर शाम पूजन एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। पूजन कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के पदाधिकारी शामिल रहे। जिसमे भक्तों ने भजन गाकर गणपति का गुणगान किया। भजन संध्या में विभु बंसल, पवन अग्रवाल एडवोकेट, प्रशांत त्यागी, विपिन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, डॉ. आदित्य अग्रवाल. डॉ. मोनिका अग्रवाल, अजय अग्रवाल पिंटू, जितेंद्र गोयल, आदि शामिल रहे। अंत में प्रसाद वितरित किया गया।


## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र अर्पित वशिष्ठ व पुत्रवधू राखी शर्मा को मेरे कहने सुनने में नहीं होने के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। **अंशु शर्मा पत्नी राकेश शर्मा निवासी मौहल्ला कायस्थान, थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**


# थैलेसीमिया को लेकर जिला प्रशासन गंभीर




## बच्चों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थैलेसीमिया बीमारी को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम स्थानीय कलेक्ट्रेट सभागार में थैलेसीमिया बीमारी से ग्रस्त बच्चों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव वाजपेई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. प्रभारानी सहित अन्य अधिकारी, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य तथा थैलेसीमिया रोग ग्रस्त बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों एवं रोगियों को जिले में किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने जिले में स्थापित सभी ब्लड बैंक संचालकों को निर्देश दिए कि यदि उनके पास कोई थैलेसीमिया रोग पीड़ित आता है, तत्काल उसको नि:शुल्क ब्लड उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि किसी ब्लड बैंक द्वारा उक्त मरीजों को रक्त देने में आनाकानी की जाती है अथवा रक्त दाता की मांग की जाती है, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में थैलेसीमिया रोगियों की सुविधा के लिए थैलेसीमिया कार्ड बनवाएं और उन कार्ड में एकरूपता हो तथा सभी ब्लड बैंक को भी अपने स्तर से सूचित करें कि थैलेसीमिया रोगियों को रक्त देने से किसी भी रूप में मना न किया जाए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी निर्देश दिए की जिला अस्पताल सहित सभी सरकारी एवं प्राइवेट नर्सिंग होम में थैलेसीमिया रोगियों के लिए विशेष बेड़ों की नियमित रूप से व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में थैलेसीमिया रोग से संबंधित दवाइयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें और थैलेसीमिया रोगों के उपचार के लिए एक विशेष दिन भी निर्धारित करें। उन्होंने निर्देश दिए की ब्लड बैंक थैलेसीमिया रोगियों को फिल्टर की सुविधा भी उपलब्ध करायें, ताकि उनको बाहर से लाना न पड़े। इसी के साथ उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष को निर्देशित किया कि थैलेसीमिया रोगियों के उपचार के लिए स्वयं भी फिल्टर खरीदें और आवश्यकता अनुसार उनको उपलब्ध कराएं।


## चुनाव सूचना

दिनांक:- 28.08.2025 **एजेंडा**

मितान सिंह स्मारक किसान कन्या इंटर कॉलेज भगतावाला, बिजनौर के समस्त आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर द्वारा 200 सदस्यों की सूची पर जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के आदेशानुसार डॉ. विजेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज सादकपुर एवं शरत कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल शाहलीपुर नीचल, जिला बिजनौर के कार्यक्रम अनुसार संपन्न होगा।

**चुनाव कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 1. सदस्यों की सूची का प्रकाशन | 03/10/2025 |
| 2. सदस्यों की सूची पर अपील प्राप्त करना | 05/10/2025 |
| 3. अपीलों का निस्तारण | 07/10/2025 |
| 4. अंतिम सदस्यता सूची का प्रकाशन | 07/10/2025 |
| 5. नामांकन | 08/10/2025 |
| 6. नामांकन पत्रों की जांच | 08/10/2025 |
| 7. नाम वापसी | 08/10/2025 |
| 8. शुद्ध नामांकन सूची का प्रकाशन | 08/10/2025 |
| 9. मतदान यदि आवश्यक हो | 13/10/2025 |
| 10. मतगणना | 13/10/2025 |
| 11. परिणामों की घोषणा | 13/10/2025 |

विजयपाल सिंह, दिनेश सिंह, पृथ्वी सिंह, सुरेन्द्र सिंह, यामीन अहमद, दिनेश सिंह, कमलेश देवी, महेन्द्र सिंह, बलवीर सिंह, नरेश सिंह, जैनेन्द्र सिंह आदि।

**प्रधानाचार्य**

**मितान सिंह स्मारक किसान कन्या इ.का. भगतावाला, बिजनौर**

# लाख विरोध के बाद भी सड़क बनकर तैयार

## शहजादपुर का मामला




**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** शहजादपुर में खलिहान, ग्राम समाज और देवता स्थल की जमीन से पक्की सड़क निकालने के विरोध में किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। यहां तक कि हाईवे भी जाम किया गया, मगर कुछ काम नहीं आया। आखिरकार तमाम विरोध के बाद सीसी रोड का निर्माण कर ही दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शहजादपुर में ब्लॉक निधि से पांच मीटर चौड़ी सीसी रोड का निर्माण पूरा कर लिया गया। इस सड़क के विरोध में दो दिनों तक भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों और कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। मंगलवार की रात नौ बजे इन लोगों ने नेशनल हाईवे पर नजीबाबाद में जाम भी लगा दिया था। रात में सीओ नितेश प्रताप सिंह और एसडीएम शैलेंद्र सिंह ने किसी तरह किसानों को समझाते हुए कहा था कि किसी भी सरकारी जमीन पर रास्ता नहीं बनाया जाएगा, यह कहते हुए समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया था। जाम लगाने वाले किसानों का आरोप था कि ब्लॉक प्रमुख और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से खलिहान, ग्राम समाज और ग्राम देवता की जमीन पर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। जबकि नक्शे में उक्त जगह पर कोई रास्ता नहीं है। आरोप था कि आगे चलकर ग्राम प्रधान के खेत है। ऐसे में ग्राम प्रधान को फायदा पहुंचाने के मकसद से यह रोड बनाई जा रही है। क्योंकि भविष्य में आगे चलकर ग्राम प्रधान को अपने खेत में कॉलोनी काटनी है। वहीं वही ग्राम प्रधान के पक्ष में काफी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और सड़क निर्माण कार्य जनहित में होना बताया था। बुधवार को सड़क निर्माण का विरोध करने वाले शांत हो गए और सीसी रोड का निर्माण बिना किसी रूकावट के कर दिया गया। शहजादपुर के ग्राम प्रधान पति अर्पण चौधरी ने बताया कि बरसात में इस मार्ग पर जल भराव की स्थिति में ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम देवता स्थल की बाउंड्री वॉल से कुछ दूरी पर सीसी मार्ग का निर्माण किया गया है। जो मेरा निजी स्वार्थ न होकर जनहित में है । इस मामले में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि ग्राम देवता वाले मार्ग पर ग्राम प्रधान का खेत है या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है। पांच महीने पहले टेंडर हुआ था। पहले कोई विरोध नहीं था। हमने दिन में सड़क बनाई है। रात में सड़क बनाने का कोई प्रश्न ही नहीं है।

## कुष्ठ रोगी खोज अभियान के तहत आशाओं को दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम व कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. स्नेही ने की। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, एनएमए शीशराम, डीईओ अनम राशि और अंकुर कुमार प्रजापति सहित सभी आशाएं मौजूद रहीं। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. स्नेही ने बताया कि कुष्ठ रोग छूने से फैलने वाली बीमारी नहीं है बल्कि यह माइक्रो बैक्टीरियम लेप्रई नामक जीवाणु से होता है। इसका उपचार एमडीटी दवा द्वारा पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध है। यदि समय रहते इलाज शुरू कर दिया जाए तो मरीज पूर्णत स्वस्थ हो सकता है और विकलांगता से भी बचा जा सकता है। उन्होंने आशाओं को निर्देशित किया कि वे संभावित क्षेत्रों में जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करें और रोगी पाए जाने पर तुरंत इलाज शुरू कराएं। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करें कि कुष्ठ रोगियों से घृणा न करें, बल्कि उन्हें उपचार हेतु प्रेरित करें। एनएमए शीशराम ने बताया कि आगामी माह में होने वाले कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत यह प्रशिक्षण दिया गया है।

आशाओं को माइक्रोप्लान से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

## मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पुलिस मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार के अनुसार बीती देर रात पुलिस नूरपुर छिबरी मार्ग पर चैकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि गोकशी के आरोपी गाजी फार्म के निकट मौजूद हैं जो कि एक बार फिर गोकशी की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, पशु कटान के उपकरण और बाइक बरामद की। बता दें कि आरोपी भूरा इससे पहले 18/19 अगस्त की रात को हुई पुलिस मुठभेड़ में फरार हो गया था। उस समय उसके साथी मकसूद को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है और गोकशी के इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाभोग का प्रसाद

## सिद्धि विनायक मंदिर में सुबह-शाम आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सिद्धि विनायक मंदिर में प्रतिदिन सुबह प्रात: आठ बजे और शाम सात बजे भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। साथ ही 10 दिन की पूजा अर्चना के पश्चात छह सितंबर को भव्य शोभायात्रा में भगवान गणपति को विराजमान कर उन्हें विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा।

आज दूसरे दिन भगवान गणपति की पूजा अर्चना में जजमान अरुण तायल पूरे परिवार के साथ सम्मिलित रहे। पूरे विधि विधान के साथ पंडित जितेंद्र डबराल और संजय डबराल द्वारा पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर चौधरी कुलवीर सिंह, राकेश गोयल, विवेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल राजू, रविंद्र चौहान, विनय कौशिक, आलोक अग्रवाल, डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. एसके जोहार, नवनीत वर्मा एड., डॉ. राहुल वर्मा, राहुल वर्मा, राजेश तागरा, शैलेंद्र चौधरी एड., मोनू चौधरी, शक्ति सिंह, राजन टंडन गोल्डी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा नांगल वाले सहित यश अग्रवाल नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

बुधवार 26 अगस्त की संध्याकालीन आरती में सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा अर्चना और महाभोग का अवसर कुलवीर चौधरी संरक्षक गणेश चौथ महोत्सव और उनके परिवार शैलेंद्र चौधरी एड., शक्ति चौधरी, मोनू चौधरी एवं समस्त परिवार को मिला।

इस दौरान भारी संख्या में महाभोग का प्रसाद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

## एक नजर

### पूर्व प्रधान जलील अहमद का इंतकाल



**नहटौर।** एडवोकेट नबील अहमद के वालिद जलील अहमद पूर्व प्रधान के इंतकाल होने पर परिजनों व नगर में शोक व्याप्त हो गया। मृतक जलील अहमद कासमपुर लेखराज के प्रधान राह चुके है। नगर में उनकी एक अलग ही छवि रही है। वे एक नेक दिल इंसान थे। हर किसी से मौहब्बत रखते थे। उनका दफिना कर दिया गया। उनके दफिने में एडवोकेट एसके बबली, एडवोकेट गुलिस्ताब गुल, राजीव चौहान, जाकिर हुसैन, आफताब आलम, दीपक जैन, तारिक समी, जुयालउलहक, मौहम्मद हारुन, शकील, चौधरी सत्यवीर सिंह, फारूक फौजी, आलम शेख, हाजी अब्दुल कादिर, खुर्शीद आलम अंसारी, मनोज कुमार एडवोकेट, फुरकान एडवोकेट, मौलाना अनवर उल हक आदि सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

### क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता




**नजीबाबाद।** राजा चरत सिंह इंटर कालेज साहनपुर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालय क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें से छात्र आदित्य राजपूत, जैनब, गरिमा, फारिया, अराईस, अर्शमा, ऋतिक, साहिल खान, वंशिका, हुमेरा परवीन, प्रियंका, ईशा जिला स्तरीय टीम के लिए चयनित हुए। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रतिभाग करना चाहिए। योगासन ने शरीर के साथ साथ मस्तिष्क का विकास भी होता है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष कुंवर प्रद्युम्न जीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, अरुण राजपूत, आलोक कुमार, रेशमा परवीन, अरुण दीक्षित, शाजिया खान, अक्सा आलम, दीपांशी, दिव्यांजलि आदि मौजूद रहे।

### अफजलगढ़ को मिलेगी डिजिटल पुस्तकालय की सुविधा



**अफजलगढ़।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर अफजलगढ़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में डिजिटल पुस्तकालय का निर्माण कराया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह ने बताया कि यह पुस्तकालय विद्यार्थियों और आम लोगों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में फर्नीचर, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई और समाचार पत्रों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, साहित्य, धार्मिक ग्रंथों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। एडीएम ने कहा कि सितंबर माह तक निर्माण कार्य पूरा कर संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद अफजलगढ़ क्षेत्र के विद्यार्थियों और आमजन को अपने नगर में ही डिजिटल पुस्तकालय की सुविधा मिल सकेगी।

### पुलिस ने किया पैदल गश्त



**अफजलगढ़।** थाना अफजलगढ़ पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। आज थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त की। पुलिस का यह कदम आमजन में सुरक्षा का भाव जगाने और शांति व्यवस्था कायम रखने की दिशा में अहम माना जा रहा है। गश्त के दौरान पुलिस ने दुकानदारों और राहगीरों से बात. चीत कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी ने कहा कि इस प्रकार की गश्त लगातार जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को सख्त संदेश मिल सके। साथ ही आमजन को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की गई।

# हादसे में घायल युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाते समय मौत गई। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था।

गौरतलब हो कि गुरुवार की देर रात गांव भज्जावाला थाना अफजलगढ़ निवासी दीपक (35 वर्ष) पुत्र पदम सिंह शेरकोट के चुंगी नम्बर पांच के निकट निराश्रित गौवंश से टकरा कर उस समय गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जब वह धामपुर से स्कूटी द्वारा अपने गांव जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेजा था। जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। परिजन घायल युवक को काशीपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे एक चार वर्षीय पुत्री सहित पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया।

### हाईवे पर निराश्रित गोवंश से हादसे

**शेरकोट।** हाईवे व नगर में घूम रही आवारा निराश्रित गौवंश लगातार हादसों का कारण बनती जा रही है। जबकि प्रदेश सरकार के आदेश के बावजूद आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला नहीं भेजा जा रहा है। लोगों ने जिलाधिकारी से आवारा निराश्रित गौवंश को पकड़वा कर गोशाला भिजवाने की मांग की है।

### एम्बुलेंस समय से पहुंचती, तो बच सकती थी व्यक्ति की जान

**शेरकोट।** निराश्रित गौवंश से टकरा कर आधे घंटे से ज्यादा सड़क पर तड़पता रहा। काफी देर बाद पहुंची एम्बुलेंस से व्यक्ति को उपचार के लिए पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया था। शायद समय रहते व्यक्ति को उपचार मिल जाता तो युवक की जान बच सकती थी। एम्बुलेंस का इंतजार करने की बजाय लोग अगर इंसानियत दिखाते हुए उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा देते तो वह बच सकता था।

## अरुण वर्मा के घर श्रद्धा के साथ गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर में जहां जगह-जगह गणेश भगवान की मूर्तियों की स्थापना कर श्रद्धालु धार्मिक उत्साह में डूबे दिखाई दिए। भाजपा नेता एवं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा के आवास पर भी गणपति बप्पा की स्थापना विधिवत पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुई। पूरे परिवार ने श्रद्धाभाव से गणेश जी की आराधना की।

इस अवसर पर अशोक कुमार वर्मा. डॉ. अश्वनी वर्मा, अनिरुद्ध कुमार वर्मा, अमित कुमार वर्मा, अक्षय कुमार वर्मा सहित परिजनों ने विशेष श्रद्धा भाव से भाग लिया। महिलाओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से कार्यक्रम को सफल बनाया। श्रीमती वैजयंती माला वर्मा, श्रीमती आरती वर्मा, श्रीमती अलका वर्मा, श्रीमती मनु वर्मा, श्रीमती नेहा वर्मा ने मिलकर गणेश भगवान की स्तुति की और पारंपरिक विधि से पूजा अर्चना की। इस भक्ति-भाव से ओत-प्रोत माहौल में अगली पीढ़ी के बच्चे भी पीछे नहीं रहे। काव्य वर्मा, केशवी वर्मा, आयुष वर्मा, आयुषी वर्मा और अक्षत वर्मा ने भी भगवान गणेश के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की और पूरे उत्साह के साथ जयकारे लगाए। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक वातावरण छाया रहा। भक्तिमय स्वर मंत्रोच्चारण और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा घर गूंज उठा। गणेश जी की स्थापना के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया और सामूहिक मंगलकामना की गई कि नगर व परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली बनी रहे।

गणेश चतुर्थी का यह आयोजन न परिवार व क्षेत्रवासियों के लिए एक प्रेरणा बना कि त्यौहार केवल परंपरा नहीं बल्कि सामाजिक और पारिवारिक एकता का भी प्रतीक है।

## निराश्रित गाय की बंछी मारकर हत्या, पुलिस ने मामला किया रफा-दफा

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम में रात के समय सड़क पर घूम रही एक गाय को गांव के ही एक व्यक्ति ने बंछी मार दी। जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ी तथा कुछ ही देर में तड़प तड़प कर उसकी मौत हो गई। गाय की हत्या किए जाने की जानकारी होने पर ग्रामीणों में उबाल आ गया और घटना की जानक. ारी पुलिस को दी। आरोप है कि सूचना पर डायल 100 पुलिस पहुंची। मगर आरोपी के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने के बजाय मामला रफा-दफा कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और गौवंश की हत्या के आरोपी से पुलिस सख्ती से निपटे। हालांकि थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने गाय की मौत का कारण दुर्घटना में घायल होना बताया है।

## एसबीडी कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी कॉलेज में खेल दिवस के उपलक्ष में कैरम, शतरंज एवं लूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। कैरम प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में प्रथम इल्मा शिक्षिका वर्ग में सुषमा सिंह और डॉ. रेशू शुक्ला रहे। शतरंज में छात्रा वर्ग में प्रथम सर्वज्ञ एवं शिक्षिका वर्ग में पारुल रहे। लूडो छात्रा वर्ग में रितिका शर्मा तथा शिक्षिका वर्ग में डॉ. ललित शर्मा, डॉ. नीलम पाल रहीं। प्राचार्या डॉ. पूनम चौहान ने छात्राओं को खेल का महत्व बताया कि खेलों से शारीरिक मानसिक विकास होता है। खेलों को खेल और मनोरंजन की भावना से खेलना चाहिए।

प्रबंधिका रेनू गोयल द्वारा सभी को पुरस्कार वितरित किए गए। ऑफिशियल के रूप में कुमारी नगमा परवीन का सहयोग रहा और संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना द्वारा किया गया।

# एजुकोल में ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रतियोगिता

## 115 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर के तत्वावधान में एक दिवसीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 115 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर के सचिव अंकुर चौधरी एवं परीक्षा नियंत्रक अनीता चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद छात्राओं ने गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में एजुकोल द गर्ल्स स्कूल, सिमराह इंटरनेशनल स्कूल, दुर्गा पब्लिक स्कूल, मधुर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बाबूजी मेमोरियल स्कूल तथा एमएस ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन दीपिका सिंह व शिवानी सिंह ने किया।

प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस महान हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद के खेल और समर्पण भाव को समर्पित है।

प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में विजेता खिलाड़ियों को बेल्ट प्रदान की गई। येलो बेल्ट में यशिका, जानवी, भव्या, अर्थ, घनश्याम, ग्रीन बेल्ट में पायल देवसैनी, अफ्फान, आजिम, सारा, खुशी, जोया, शान, ग्रीन वन बेल्ट में मरियम, छवि, भार्गवी, नमन, अनुष्का, धैर्य, ब्लू बेल्ट में अर्नव, कशिश, हसिका, सौम्या, ओजस्वी, जबकि रेड वन बेल्ट में कार्तिक को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की पीटीआई साक्षी चौहान सहित शिक्षक व अभिभावक भी मौजूद रहे।



सम्भल- शाही जामा मस्जिद में जुमा की नमाज अदा कर दुआ मांगते नमाजी।

# परम गोपनीय रिपोर्ट लीक होना आपत्तिजनकः अमिताभ ठाकुर



**०मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जांच रिपोर्ट के सिलेक्टिव लीक की जांच की मांग**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंसा की जांच का गठित न्यायिक आयोग की परम गोपनीय जांच रिपोर्ट के अंश सार्वजनिक किए जाने और उन्हे समाचार पत्र की सुर्खियां बनने पर आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सिलेक्टिव लीक की जांच की मांग की है।

गुरूवार को सम्भल हिंसा की न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपने के बाद उसके अंशों को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया। इसे लेकर आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने आपत्ति जतायी है। सोशल मीडिया पर आजाद अधिकार सेना की प्रवक्ता नूतन ठाकुर की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे पत्र व वायरल किए गए संदेश में सम्भल दंगा जांच रिपोर्ट के सिलेक्टिव लीक की जांच की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि कल जांच आयोग ने मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट दी। इसके विभिन्न अंश प्रायोजित ढंग से मीडिया में उच्च स्तरीय सूत्रों के हवाले से लीक हुए। इसके विपरीत शासन ने इस रिपोर्ट को परम गोपनीय बताया। उन्होने पत्र में कहा है कि इन स्थितियों में एक परम गोपनीय रिपोर्ट के सिलेक्टिव अंश का लीक होना निश्चित रूप से घोर आपत्तिजनक है। अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री से इस रिपोर्ट के तथ्यों को मीडिया में लीक होने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए दत्तरदायित्व निर्धारित करने की मांग की है।

# जुमे की नमाज के लिए पुलिस रही अलर्ट मोड पर

**०पुलिस और प्रशासन की सख्ती यकायक बढ़ी**
**०नमाज़ के दौरान बरती गई विशेष सतर्कता**
**०नमाज़ अदा कराकर शहर इमाम ने कराई अमन की दुआ**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट आने के बाद शहर एक बार फिर चर्चाओं में है। जबकि संवेदनशीलता के चलते पुलिस और प्रशासन की सख्ती बढ़ने के साथ सुरक्षा घेरा भी ओर कड़ा कर दिया गया है। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहे।

24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सर्वे कराने के दौरान भड़की हिंसा में पांच की गोली लगने से मौत के बाद प्रदेश शासन की ओर से जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस डी के अरोड़ा को अध्यक्ष व पूर्व डीजीपी ए के जैन और पूर्व प्रमुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद को सदस्य बनाया गया था। न्यायिक आयोग से दो माह में अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया था। लेकिन जांच के दौरान कई बार आयोग का समय विस्तार किया गया। न्यायिक आयोग की टीम ने कई बार सम्भल का दौरा कर लोगों के बयान दर्ज किये थे जबकि कुछ साक्ष्य भी एकत्र किये गए थे। जांच पूरी कर न्यायिक आयोग ने अपनी 450 पन्नों की रिपोर्ट एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। मीडिया में प्रकाशित समाचारों के अनुसार न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट में वर्ग विशेष की जनसंख्या कम होने के कारणों को दर्शाया गया है। इसके अलावा कई और भी संवेदनशील तथ्य उजागर किए गए है। न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट आते ही सम्भल में न केवल संवेदनशीलता ओर बढ़ गयी। बल्कि रिपोर्ट सार्वजनिक होते ही लोगों की उत्सुकता ओर भी बढ़ गयी है क्योंकि रिपोर्ट नेगेटिव चीजों को पहले ही शुरू कर दिया गया। इससे लोगो में भ्रम की स्थिति फैलने लगी है। इसलिए वर्ग विशेष को लेकर रिपोर्ट में दिए गए तथ्यों के बाद कई माह से गुमनाम पड़े सम्भल एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है जबकि पुलिस और प्रशासन की सख्ती बढ़ गयी है। शाही जामा मस्जिद में जुमा क नमाज़ के दौरान विशेष सर्तकता रही। जबकि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहा। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव ने स्वयं मौजूद रहकर स्थिति पर नजर रखी। इसके अलावा न्यायिक आयोग की रिपोर्ट सौंपने के बाद पहली बार आए जुमा के दौरान माहौल को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया।नमाज शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। जबकि शहर इमाम ने नमाज अदा कराकर अमनो-अमान की दुआ करायी।

## एएसपी ने स्वयं मौजूद रहकर रखी स्थिति पर नज़र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद में जुमा की नमाज के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव स्वयं पुलिस फोर्स के साथ लगातार मौजूद रहे। मस्जिद क्षेत्र और संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लेकर उन्होने कहा कि नमाज शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो हमारी प्राथमिकता है। आसामाजिक तत्वों पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। जबकि ड्रौन कैमरों से भी निगरानी रखी जा रही है। उन्होने कहा कि याहर के अमनो-अमान को कोई ठेस पहुंचाने नहीं दी जायेगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए हैं।

# बिलारी रोड पर शुरू की जाए रोडवेज बस सेवा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बिलारी मार्ग पर रोडवेज बस सेवा शुरू की जाये जिससे यात्रियों को सम्भल से बिलारी,बिलारी से सम्भल आने जाने में आसानी हो सके। सम्भल से बिलारी के लिए यात्रा करने के लिए इस मार्ग पर डग्गामार वाहनों का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। जिनसे इस मार्ग पर मजबूरन डग्गामार वाहनों से यात्रियों को यात्रा करनी पड़ती है। इन डग्गामार वाहनों में सवारियो के साथ बदसुलूकी की जाती है और किराया भी अधिक वसूल जाता है। इन डग्गामार वाहनों के अवैध रूप से बकायदा अडडे बने हुए हैं। जहां नियुक्त मुशी द्वारा भी सवारियों के साथ बदसुलूकी की जाती है। सम्भल बिलारी मार्ग पर चलने वाले यात्रियों ने सम्भल से बिलारी के लिए रोडवेज बस सेवा पूर्व की भांति शुरू की जाये। जिससे यात्रियों को दुशवारियो का सामना न करना पड़े और इस मार्ग पर चलने वाले अवैध डग्गामार वाहनों को बन्द किया जाये।

## आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने सौंपा पिटीशन लेटर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गाँस के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पीएम मोदी व स्मृति ईरानी के डिग्री विवाद मामले में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा दिए गए. आदेश के विरोध में भारत के मुख्य न्यायाधीश के नाम लेटर पिटीशन सौंपा। पिटीशन लेटर में कहा गया कि दिल्ली हाईकोर्ट में इन लोगों की डिग्री का कोई सार्वजनिक महत्व नहीं होना बताते हुए विश्वविद्यालय को उनकी डिग्री देने से मना कर दिया है।

# शिक्षा रूपी दीप जलाने से मिटेगा अंधेरा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुप्टा कलां का निरीक्षण किया।

विकासखंड रजपुरा की ग्राम पंचायत डुप्टा कलां में आयोजित ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी दिव्यागों के लिए विशेष शिविर लगाया गया। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान शकुंतला देवी के प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर का शॉल ओढाकर स्वागत कियो। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को पुरस्कार स्वरूप पुस्तक दी गयीं।



सम्भल-ग्राम डुप्टा कलां में ग्राम चौपाल में निरीक्षण करते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व सेवानिवृत्त डीआईजी आनंद कुमार ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान शिक्षा है, शिक्षा पर सभी को ब्यान देना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने गांव को साफ स्वच्छ बनाने के लिए ग्राम वासियों से संकल्प लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा की ग्राम के कचरा निस्तारण के लिए प्रत्येक ग्राम वासी 1 रुपये प्रतिदिन देकर अपने घर का कचरा उठवायें ताकि आपका घर एवं गाँव स्वच्छ रह सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सवा वर्ष से अधिक समय से ग्राम चौपाल सक्रिय रूप से संचालित की जा रही हैं जिनमें उनके स्वयं एवं मुख्य विकास अधिकारी जनपदीय अधिकारियों द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि शिक्षा रूपी दीपक जलाने से अंधेरा हट जाएगा। पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गन्नौर अजीत कुमार राजू यादव द्वारा भी ग्राम चौपाल में शासन की प्रमुख योजनाओं के विषय में ग्राम वासियों को जानकारी प्रदान की और उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत गोद भराई एवं अन्न प्राशन भी कराया गया। कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, सहायक श्रम आयुक्त सुरेन्द्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर एवं रजपुरा कमल कांत एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत अक्षय कुमार,ग्राम प्रधान शकुंतला देवी के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस ने नोएडा से बरामद किए युवक और युवती

**०मां और भाई के सामने बहला-फुसलाकर ले गया था आरोपी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मां और भाई के सामने बहला-फुसलाकर ले जायी गई युवती को पुलिस ने नोएडा से बरामद कर लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहेली निवासी व्यक्ति की बेटी अपनी मां व भाई के साथ मौहम्मदपुर टांडा स्थित बैंक पर काम से आयी थी। मां और भाई आधार कार्ड करेक्शन कराने अंदर चले गए जबकि उसकी बेटी बैंक के बाहर खड़ी हो गयी।कुछ देर बाद दोनों बाहर आये तो उसकी बेटी को गांव का ही शहराज पुत्र मौ. हसन अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर बहला-फुसलाकर ले गया। मां और भाई उसके पीछे दौड़े और चिल्लाय, लेकिन आरोपी बाइक को तेज गति में दौड़ाकर अपने साथ ले गया। घर पहुंचे मां और बेटे ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। युवती के दादा की ओर से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए किशोरी को बरामद करने का प्रयास शुरू कर दिया। सर्विलांस और अन्य माध्यम से युवक और युवती की लोकेशन नोएडा में मिलभ पुलिस ने दोनों को नोएडा से बरामद कर लिया।

## डीएवी में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा में छात्रें को फिट इंडिया मूवमेंट की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने स्वास्थ्य और फिटनेस को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में छात्रें और अध्यापकों के मधय एक रोचक बॉलीवॉल मैच का भी आयोजन किया गया।

## एक नज़र इधर भी

### वन नेशन वन इलैक्शन को भाजपा की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा जिला कार्यालय पर वन नेशन वन इलेक्शन' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अमन गोयल जी क्षेत्रीय संयोजक (वन नेशन, बन इलेक्शन) का प्रवास रहा बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही लखनऊ में होने वाले विशाल छात्र सम्मेलन की तैयारी पर योजनावृत तरीके से चर्चा की, बैठक में राखी सिरोही जी (जिला सह समन्वयक) जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा, योगेंद्र त्यागी जी (उपाधयक्ष भाजपा), आकाश कुमार जी (जिला संयोजक), गौरव कुमार जी (जिला सह संयोजक), रोहित ठाकुर जी, भुवनेश बघेल जी, रोहित कुमार जी, हितेश प्रजापति जी उपस्थित रहे।।



बबराला- विद्याकुज इंटरनेशल स्कूल में खेल में भाग लेते छात्र।

### विद्याकुंज में खेलों का आयोजन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विद्याकुंज इंटरनेशन स्कूल में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चन्द्र की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल, कपिल गोयल व कार्तिक गोयल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।
विद्यालय प्रांगण में कक्षा प्ले से लेकर कक्षा 8 तक छात्र-छात्राओं ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के पी. टी. आई. विशाल सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को आज के इस दिन के महत्व को बताया।उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर क्यों कहा जाता है। विद्यालय के आर्यन वार्ष्णेय चिराग अदविक इब्राहिम अनुराग दुष्यंत निखिल प्रिया गौरी राघव अभिषेक पियुष प्रशान्त हिमांशु नेहा इत्यादि छात्र छात्राओं ने खेल में अपना प्रदर्शन दिखाया। विद्यालय के प्राचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उनकी प्रतिभा का उत्साहवर्धन किया तथा राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण परिसर में उपस्थित रहे।

### पंचायत चुनाव को घर-घर होगा सम्पर्क अभियान

**सम्भल। ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** आम आदमी पार्टी के विधानसभा संगठन में प्रांत अध्यक्ष की सहमति से नई नियुक्तियाँ की गई।

सम्भल व असमोली विधानसभा प्रभारी आजम खान (दरबार सराए तरीन) को सम्भल नगर अध्यक्ष तथा मोहम्मद जीशान (अफजलपुरा) को असमोली ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रभारी आतिर हुसैन ने कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी पंचायत चुनाव के लिए पार्टी को मजबूती मिलेगी। आतिर हुसैन में बताया 31 अगस्त को सम्भल जिले में दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। पहली बैठक सम्भल नगर में सुबह 11:30 बजे आजम खान के आयोजन में भाले बाज खान, सराए तारीन में होगी। दूसरी बैठक ब्लॉक असमोली में मोहम्मद जीशान पुत्र हाजी खैराती साहब के मकान, अफजालपुरा, सम्भल में दोपहर 1:00 बजे आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में हहर घर संपर्क अभियान की समीक्षा और पंचायत चुनाव की रणनीति पर विशेष चर्चा की जाएगी। प्रभारी आतिर हुसैन ने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया जाएगा कि वे प्रतिदिन कुछ समय निकालकर क्षेत्रीय संगठन को मजबूत करें और मजबूत प्रत्याशियों की सूची तैयार कर पार्टी नेतृत्व को भेजें।

### युवती को भगाकर ले गया पड़ोसी युवक

**असमोली। ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना क्षेत्र एंचोडा कंबोह के गांव निवासी युवती को पड़ोसी का युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी बेटी को पड़ोसी गांव का युवक बृहस्पतिवार रात को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। युवती अपने साथ घर में रखे हुए 70000 हजार की नकदी सहित सोने के जेवर लेकर आरोपी युवक के साथ फरार हो गई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करके कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

### भाजपा ने सीएम के निर्णय को सराहा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मुख्यमंत्री के निर्णय की सराहना की है। भाजपा के बबराला मण्डल उपाध्यक्ष प्रशान्त वार्ष्णेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक और श्रम सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधानों को खत्म करने के निर्देश दिए हैं। इस बदलाव के लागू होते ही यूपी देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहां अव्यवहारिक माने जाने वाले आपराधिक प्रावधानों को गैर-आपराधिक श्रेणी में बदला जाएगा। योजना के तहत कारावास की सजा के प्रावधान को अधिक आर्थिक दंड और प्रशासनिक कार्रवाई में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे उद्योगों और व्यवसायों को संचालन में अधिक सुविधा मिलेगी। इसमें दो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रेस्क्यू किए गए बच्चों के लिए शेल्टर होम की मांग

**०तत्काल कार्रवाई की मांग को नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा मांग पत्र**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जस्ट राइट्स संस्था ने सम्भल जिले में बाल अपराधों जैसे बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी से रेस्क्यू किए गए बच्चों के लिए शेल्टर होम की स्थापना की मांग की है। संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने सिटी मजिस्ट्रेट सम्भल सुधीर कुमार सोनी से मिलकर एक पत्र सौंपा जिसके द्वारा इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की अपील की है। पत्र में बताया गया कि सम्भल में शेल्टर होम की कमी के कारण रेस्क्यू किए गए बच्चों को मुरादाबाद भेजना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। इससे अधिकारियों में रेस्क्यू कार्यों के प्रति हिचकिचाहट देखी जाती है, जो बच्चों के हितों के लिए हानिकारक है। उन्होने सुझाव दिया कि स्थायी शेल्टर होम बनने तक सम्भल नगरपालिका के मुरादाबाद रोड पर स्थित शेल्टर होम का उपयोग किया जा सकता है। जस्ट राइट्स ने बच्चों के कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया है। संस्था ने प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि रेस्क्यू किए गए बच्चों को सुरक्षित और उचित देखभाल मिल सके।

## बिजली सम्बंधी शिकायतों का होगा निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** प्रदेश में बिजली शिकायतों के निस्तारण के लिए 10 दिवसीय अभियान चल रहा है।जिसमें बिल,मीटर व अन्य समस्याओं का समाधान होगा।
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल के आदेश पर प्रदेशभर में 25 अगस्त से 10 दिवसीय अभियान शुरू हो गया है। इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतें, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें, बिजली बिल से जुड़ी समस्याएं, मीटर संबंधी शिकायतें, नए कनेक्शन से जुड़ी शिकायतों का विश्लेषण व निस्तारण किया जा रहा है। बबराला अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अभियान के माध्यम से विभाग का लक्ष्य है कि उपभोक्ताओं को त्वरित राहत मिल सके और शिकायतों का प्रभावी समाधान किया जाए।

# करंट लगने से पेंटर की मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** दरवाजे पर पेंट करते समय पेटर की बिजली का करंट लगने से मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस मोके पर पहुंची।उसने पेंटर को अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।
शुक्रवार को सलीम मियां 36 वर्ष पुत्र मुकीम अहमद निवासी मौहल्ला मासूम अली, कस्बा गुन्नौर पेंटर का कार्य करते थे। आज किसी के घर पर पेंट करने का कार्य कर रहे थे। पेंट करते समय बिजली का करंट लगने से अचेत हो गया। जब उसको सबने ऐसे पड़ा देखा तो पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर भिजवाया। जहाँ डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से परिवार में मचा कोहराम मच गया।उनका रो रोकर बुरा हाल था। पुलिस का कहना है कि पेंटर को बिजली का करंट लग गया।उसको अस्पताल पहुंचाया। जहाँ डाक्टर ने



बबराला- करंट से कारपेंटर की मौत के बाद अस्पताल पर लगी भीड़

उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजन को सौंप दिया।

## तीन बहनों के इकलौते मृतक की आठ माह पूर्व हुई थी शादी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** पेंटर तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसकी आठ महीने पहले शादी लखनऊ से हुई थी। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल था।अस्पताल में लोगों की भीड़ जुट गयी। पेंटर के परिजनों ने बताया कि उसकी आठ माह पूर्व ही लखनऊ से शादी हुई थी। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था।सुबह घर से काम पर कस्बा गुन्नौर के मोहल्ला जुलेहपुरा में गया था। कुछ घण्टे बाद सूचना मिली तो वह सभी गुन्नौर अस्पताल पहुँचे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर की जांच

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पवांसा विकासखंड के बागड़पुर छोइया में बुखार से पीड़ित सैकड़ों मरीजों के होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में शिविर लगाया। जहां गांव में 267 मरीजों को देखा गया तथा सभी को दवाई वितरित की गई। अधिकांश मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए।

बता दें कि बागड़पुर छोइया गांव में सैकड़ों की संख्या से अधिक मरीज बुखार की चपेट में थे। असमोली विधायक पिंकी यादव द्वारा भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक पत्र के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में वायरल बुखार को लेकर शिविर लगाने की मांग की गई थी। अन्य ग्रामीणों द्वारा भी गांव में अधिाक मरीज होने के चलते सोशल मीडिया के जरिए तथा चिकित्सा विभाग को अवगत कराया गया था। पवांसा स्वास्थ्य



सम्भल- बागड़पुर छोइयां में रोगियों का उपचार करते चिकित्सक।

विभाग की टीम शुक्रवार को गांव पहुंची और शिविर लगाया। जहां उन्होंने ब्लड प्रेशर, बुखार, शुगर टेस्ट ,टीकाकरण तथा अन्य जांच की। साथ ही सभी मरीजों को दवाई वितरित की गई तथा संबंधित परामर्श भी दिया गया। डा. चंद्रशेखर त्यागी के नेतृत्व में टीम ने गांव में कुल 267 मरीजों को देखा। सभी को बचाव के उपाय बताएं तथा आवश्यक जानकारी देते हुए स्वास्थ्य संबंधी सुधार एवं खान-पान तथा साफ सफाई को लेकर भी लोगों को प्रेरित किया गया। जहां डाक्टरों की टीम में डाक्टर चंद्रशेखर त्यागी,जयवीर यादव, मनवीर सिंह आदि रहे।

# भुलाई नहीं जा सकेगी इमाम हुसैन की कुर्बानी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** इमाम बारगाह इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम की मजलिस ए अजां आयोजित कर परम्परागत अलम बरामद किया गया जिसमें अजादारो ने मातम व नोहा ख्वानी बरपा की गयी।

नगर के निकटवर्ती ग्राम नूरियो सराय में अय्याम ए अजां के आखिरी दिन है आठ रवी अव्वल को अन्तिम मातमी जुलूस बरामद जायेगा। इसके बाद अगले वर्ष मोहर्रम तक के लिए अजादारी का सिलसिला समाप्त हो जायेगा। इससे पहले अय्यामे अजां को रूखसत करने के लिए दिन रात मातमी सिलसिला बदस्तूर जारी है। इमाम बारगाह इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम में मजलिस ए अजां आयोजित की गयी। जिसको शाहिद साहब ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन की अजमत उनकी कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज जरूरत है कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के पैगाम को दुनिया तक पहुंचाना इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपनी कुर्बानी के जरिए मानवता को जुल्मों सितम के तूफानों से निजात दी और दीन को जिन्दये जावेद कर दिया। मजलिस के आखिरी में अहलेहरम की कैद से मिली रिहाई के बाद मदीना वापसी को बयान किया गया। इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का परिवार जब मदीना आया तो मदीना में सदा बुलंद हुई की हुसैन कर्बला में कत्ल कर दिए गए। बाद मजलिस के अलम बरामद किया गया जिसकी जियारत करने के बाद अजांदारो ने मातम व नोहा ख्वानी की अली अब्बास शाह आलम अरशद हसन शजर अब्बास ने नोहे पेश किए अलम बरामद करके इमाम बारगाह सगीर हसन में ले जाया गया जहां मातम के बाद जियारत पढी गई और जुलूस को समाप्त किया गया। इस दौरान साजिद हुसैन अली सादिक नय्यर अब्बास उरुज सम्भली सुहैल अब्बास अता अब्बास कायम नकवी शाने अब्बास आदि मौजूद रहे।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मुदस्सिर गलत संगत में पड़ गया है। शराब आदि पीता है और घर में दुर्व्यवहार करता है। जबकि उसका व्यवहार भी अच्छा नही है। इसीलिए मैने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके किसी भी कार्य की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी बल्कि वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**तनवीर पुत्र अनवार हुसैन**
निवासी ग्राम रूकनुददीन सराय
तहसील व जिला सम्भल।

# कलक्ट्रेट परिसर में महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास, महिला पुलिसकर्मियों ने बचाई जान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला बच्चे को गोद में लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पहुंची, महिला ने अपने थैले से ज्वयलनशील पदार्थ निकालकर अपने कपड़ों पर डालना शुरू कर दिया।

कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने जब इस नजारे को देखा तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए आनन फानन में महिला को आत्मदाह का प्रयास करने से रोक लिया, मामले की जानकारी लगते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और महिला को अपने साथ थाने ले गई। बताया जा रहा है कि महिला मूढ़ा पांडे थाना क्षेत्र की रहने वाली है और किसी पारिवा. रिक विवाद के चलते वह अपनी शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची थी और वहां अपने मासूम बच्चे के साथ महिला ने आत्मदाह का प्रयास करने की कोशिश की, मगर महिला पुलिस कर्मियों की सतर्कता के चलते एक बड़ी घटना घटित होने से टल गई। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को एक मुस्लिम महिला अपने बच्चे को गोद में लेकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची और डीएम कार्यालय के बाहर महिला ने आत्मदाह करने का प्रयास किया।

मगर इस दौरान वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने महिला को आत्मदाह करने से रोक लिया महिला पुलिस कर्मियों की सतर्कता के चलते एक अनहोनी होने से टल गई।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर एफआर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**चन्दौसी।** शुक्रवार को एफ.आर. इंटर कॉलेज चन्दौसी में शासन के निर्देश अनुसार मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन, शिक्षकगणों व छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षक अब्दुल जाहिद ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए, उनके विषय में विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य वसीम. द्दीन ने खेलों का महत्व बताते हुए खेलों को अपने जीवन का अंग बनाने पर जोर दिया। खेल न केवल हमारे शारीरिक विकास, मानसिक विकास में आवश्यक हैं, बल्कि तनाव को भी कम करते हैं। जिंदगी में खेलों का बड़ा महत्व है। ध्यानचंद के विषय में जिक्र करते हुए बताया कि ध्यानचंद हॉकी के बेहतरीन खिलाड़ी थे। ऐसा कहा जाता है कि गेंद उनकी हॉकी से इस तरह से चिपक कर चलती थी जैसे की कोई चुंबक हो। तीन बार स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। ऐसे खिलाडिघ्यों को छात्रों को अपना आदर्श बनना चाहिए। तय कार्यक्रम के अनुसार बच्चों के बीच लेमन रेस, खो-खो, रसाकस्सी, म्यूजिकल चेयर गेम आदि गेम प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के बीच कराई गई। राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम 31 अगस्त तक चलेंगे। कार्यक्रम में वाहिद हुसैन, शफीक मियां, सैयद अली असीम, मोहम्मद नाजिघ्र, इकबाल अहमद, मोहम्मद माज खान, रिजवान अहमद खान, अख्तर अंसारी, हुमायूं शमसी, जुबेर आलम, सलमान अहमद, मोहम्मद सुभान, शाजिया खानम, भावना गुप्ता, खुशबू, नजमा, शबनूर, राशि त्यागी, अनवर परवेज, रेखा, एजाज अहमद, अकील अहमद, मेहजबी, जमील अहमद, इकराम बेग, शबाब अली, नाजिर हुसैन, शफीक अहमद, पंकज बहुखंडी, अनुराग सिंह, निसार अहमद, कमरुद्दीन, जफरुद्दीन, फैसल खेल प्रतियोगिताओं को करने में उपस्थित रहे। खेल प्रतियोगिताएं विद्यालय के खेल अध्यापक जावेद आलम और मोहम्मद हनीफ के निर्देशन में संपन्न हुई।

**एक नजर**

# खेल दिवस के अवसर पर योग कर फिट रहने का दिया संदेश



**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल मंत्रालय भारत सरकार के आह्वान पर नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय भारत सरकार एवं निदेशक नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद नगर उत्तर प्रदेश द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट एवं खेल भावना को जागृत करने के उद्देश्य से नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद के वार्डनों द्वारा नागरिक सुरक्षा कार्यालय में खेल गति. विधियों का आयोजन कर रस्साकसी प्रतियोगिता एवं शारीरिक फिटनेस के लिए योग कर के फिट रहने का संदेश दिया गया एवं अंबेडकर पार्क सिविल लाइंस में फुटबॉल मैच एवं कबड्डी प्रतियोगिता खेल भावना को जागृत करने के उद्देश्य से खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिक सुरक्षा के समस्त वार्डन एवं कार्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपनियंत्रक श्री नीरज चक नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद द्वारा किया गया

# दो दिवसीय जहारवीर नवमी मेले का आज से होगा शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** दो दिवसीय श्री जहार वीर नवमी मेले का 86वां वार्षिकोत्सव 30 व 31 अगस्त को मौढ़ा पट्टी कांठ में होगा। यह मेला भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की दशमी को लगता है, जिसे गोगा नवमी भी कहा जाता है। यह मेला जहारवीर गोगा जी की याद में मनाया जाता है, जो एक लोक देवता हैं। कांठ में लगने वाले जहारवीर मेले में दूर-दूर से लोग आते हैं। गोगाजी को सांपों के देवता और जाहरपीर के रूप में भी जाना जाता है।इस मेले में लोग अपनी श्रद्धा और भक्ति प्रकट करते हैं। मेले के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी रहेंगे। विशिष्ट अतिथि गन्ना समिति चौयरमेन कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनीष कुमार चौहान रहेंगे। मेला समिति के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह सैनी ने बताया कि शनिवार और रविवार को प्रात: हवन यज्ञ व प्रसाद वितरण, सायं 4 बजे लीला प्रारम्भ, 1 सितम्बर दिन सोमवार को प्रात: 5 बजे लीला समापन एवं 4 सितम्बर बृहस्पतिवार को छठी प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। मेले की व्यवस्था में अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह सैनी, उपाध्यक्ष मनोज चौहान सभासद, कुलदीप सैनी, कोषाध्यक्ष सुधीर चौहान, सचिव मदनपाल सिंह, अमित कुमार तोमर, परमानंद यादव, तेजपाल सिंह चौहान, राजू यादव गुलरिया, मुनिराज यादव, धन सिंह पाल, कौशल सैनी, आशीष चौहान, डॉ अशोक चौहान, रूपचंद चौहान बिजेंदर सैनी, अजयपाल तोमर, कुलदीप चौहान, राजकुमार सैनी, अनिल सैनी, धर्मपाल सिंह आदि शामिल है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**ठाकुरद्वारा।** युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं की खेलों में भागीदारी सुनिश्चित करना और छात्र-छात्राओं को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित करना था। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नवीन चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायतों में गठित युवकध्महिला मंगल दलों की सहभागिता से यह आयोजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सतीश चौधरी, पीटीआई संजीव ठाकुर सहित विद्यालयों के अध्यापक-अध्यापिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन में शिक्षकों तथा मंगल दलों के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि जागृत करने और सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने का प्रयास सफल रहा।

# गणेश महोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया



**बिलारी।** नेहरू चौक स्थित श्री शंभूनाथ मंदिर एवं मोहल्ला महाजन कुम्हारों के मोहल्ले में हर वर्ष की भांति गणेश महोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ नगर वासियों द्वारा मनाया गया। श्री शंभूनाथ मंदिर में गणेश महोत्सव पर्व पर बहजोई की नितिन डांसर पार्टी द्वारा भगवान शंकर पार्वती और भगवान राम के स्वरूपों के साथ भक्तिमय गीतों पर कर्तव्य दिखाकर और नृत्य करके भगवान की लीलाओं का वर्णन किया और पूजा अर्चना के साथ भगवान गणेश की आरती की गई। कार्यक्रम में अमित सिन्हा, सचिन गुप्ता, सुमित हलवाई ,आशीष गुप्ता सचिन सराफ ,एकांत गुप्ता, मयूर गुप्ता, शीलू गुप्ता, भारत भूषण चावला, रजत सक्सेना, मनीष गुप्ता, लकी सक्सेना, शुभम चौधरी, ऋतिक सक्सेना, मनोज सक्सेना ,राजीव गुप्ता, छवि चावला, उदय चावला, श्रीमती लाजवंती चावला, अंजली सिन्हा , पूर्वी गुप्ता, साक्षी गुप्ता, अदिति गुप्ता, सीमा गुप्ता ,स्वाति गुप्ता आदि महिलाओं एवं श्रद्धालुगणो ने गणेश महोत्सव में सहयोग किया।

# जनता दरबार लगाकर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सुनी जन समस्याएं



**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर शुक्रवार को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी। इस दौरान अटवा, चेचरी, बहोरनपुर नरौली, रीठ, ईसापुर, हुसैनपुर, थांवला आदि ग्रामों के लोग पहुंचे जिन्होंने मुख्य रूप से आपसी विवाद, इलाज सहायता, राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल में सुधार, बिजली कटौती आदि समस्याओं से विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को अवगत कराया। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने उनका निस्तारण किया। इस दौरान हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, विश्वजीत सिंह यादव, रमाकांत सैनी, बाबा हरि शंकर, रविकिशन, अमित कुमार, गफ्फार, अकबर, मोहित गोस्वामी, गिरीश, आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बिलारी।** आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ कालेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने खेलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कीड़ा प्रभारी सुदेश कुमार प्रवक्ता तथा बालिका कीड़ा प्रभारी शिक्षिका श्रीमती फरहीन खान ने छात्र-छात्राओं को खेल के महत्व के बारे में बताया और खेल का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर थी। इस अवसर पर कई प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया खेलों का मैदान जीवन की वो पाठशाला है, जो हर दिन, हर मुकाबले में आपके संयम और खेल भावना का इम्तिहान लेती है। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।जिसमें प्रमुख रूप से मनमोहन कौशिक, संजीव कुमार सिंह,हरिशंकर शर्मा, महेंद्र कुमार चौधरी ,लक्ष्मीकांत ,नीरज दुबे, आदि रहें।

# प्राइमरी विद्यालय जटपुरा में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक के प्राइमरी विद्यालय जटपुरा में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।

इसी दिन सन 1905में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद जी का जन्म इलाहाबाद में हुआ था।अपने बेजोड़ स्टिक-वर्क और बॉल कंट्रोल की वजह से मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहा जाने लगा। वह गेंद और स्टिक के बीच ऐसे तालमेल बैठाते थे कि देखने वालों को भरोसा ही नहीं होता था।

यह उनके अभ्ध्यास का नतीजा था।नीदरलैंड में अधिकारियों को संदेह था कि ध्यानचंद हॉकी स्टिक में चुंबक या गोंद लगाकर खेलते हैं। इससे गेंद चिपक जाती है। ऐसे में उनकी हॉकी स्टिक की तोड़कर जांच भी की गई थी। सभी बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया।

# जैन समाज के पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन को उत्तम मार्दव धर्म के रूप में मनाया

■ अहंकार करके हमेशा पतन ही होता है: कौशल जैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन सर्वप्रथम प्रासुक जल से सभी जैन अनुयायियों द्वारा बेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का अभिषेक हुआ उसके बाद प्रासुक जल से श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा का की शांति धारा की गई।विशेष पूजा तीखाल वाले बाबा, दशलक्षण धर्म, सोलहकारण, पंचमेरू चांदनपुर के महावीर एवं सुपार्श्वनाथ भगवान की पूजा की गई मार्दव धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए कौशल जैन ने बताया कि वस्तु शाश्वत नहीं है और ना ही सुख प्रदान करने वाली है अत: वस्तु का अहंकार करके फूलना नहीं चाहिए। उस बलशाली रावण को याद करो की तीन खंड का अधिपति था उसने भी अहंकार के कारण अपने ही हाथों से अपना पतन किया और अपने जीवन को समाप्त किया इस अवसर पर राकेश जैन, कौशल जैन विनोद जैन, संजय जैन प्रतीक जैन शशांक जैन, अभिषेक जैन, समीर जैन राकेश कुमार जैन, राजीव जैन रजत जैन, विपुल जैन, यश जैन तनिष्क जैन वर्णिका जैन अक्षया जैन,तंदुल जैन, रीता जैन, सीमा जैन रेखा जैन, शिल्पी जैन, चारू जैन शगुन जैन आशा जैन, निधि जैन, अन्वी जैन मिशिता जैन, दर्शील जैन कल्पना जैन, गरिमा जैन,,नेहा जैन, आर्यांश जैन खुशी जैन शशि जैन, पूजा जैन, मानसी जैन सुरभीजैन, लवी जैन आरभ जैन।

# संयुक्त चिकित्सालय में आकांक्षा सोसाइटी ने किया गर्भ संस्कार कार्यक्रम

**चन्दौसी।** आकांक्षा सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को संयुक्त चिकित्सालय में अगस्त माह का गर्भ संस्कार कार्यक्रम किया गया। गर्भ संस्कार की परंपरा के अनुसार, जब किसी महिला का सातवाँ महीना पूर्ण होता है, तब गोद भराई की रस्म की जाती है। इसी कड़ी में कार्यक्रम में गर्भवती माताओं का पारंपरिक विधि से स्वागत किया गया। उन्हें हल्दी एवं पिठी की रस्म पूरी करवाई गई, चुनरी ओढ़ाई गई तथा फल श्रृंगार का सामान भेंट किया गया। तत्पश्चात सभी माताओं को आशीर्वाद स्वरूप उनके उज्ज्वल भविष्य एवं होने वाले शिशु की मंगलकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम में 45 से अधिक गर्भवती महिलाओं की परंपरागत रीति से गोद भराई की गई। इस दौरान वातावरण में भजन-कीर्तन एवं मंगल गीतों की गूँज रही जिससे पूरा माहौल भक्तिमय एवं संस्कारित बन गया। आकांक्षा सोसाइटी द्वारा ऐसे आयोजन समय-समय पर किए जाते हैं, ताकि समाज में मातृत्व की गरिमा, संस्कारों का महत्व और पारिवारिक परंपराओं की सशक्त छवि समाज में स्थापित की जा सके। इस अवसर पर चंद्रभूषण, संगीता भार्गव, डॉ. गौरी वार्ष्णेय, मोनिका वार्ष्णेय, सिल्की सहानी, काजल मल्होत्रा, सरिता चौधरी, इशिता, मनप्रीत, शिल्पा आदि मौजूद रहे।

# बारह रोजा जश्ने ईद मिलादुन्नबी कान्फ्रेंस में आला हजरत पर बयान हुआ



**कुंदरकी।** नगर के मोहल्ला नूरउल्लाह कांजी हाऊस में सालाना बाराह रोजा जश्ने ईद मिलादुन्नबी कान्फ्रेंस में आला हजरत और तसफवुफ के बारे में बताया गया कान्फ्रेंस का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से किया गया और नबी ए करीम की शान में कलाम पेश किया इसके बाद मुफ्ती सय्यद रेहान मियां मुअज्जमी ने आला हजरत की सीरत पर रोशनी डाली और लोगों से आला हजरत की सीरत पर अमल करने पर जोर दिया इस मौके पर मौलाना शब्बीर अहमद मौलाना दानिश रजा मुफ्ती मोहम्मद बिलाल रजा हाफिज फैजान आदि मौजूद रहे।

# एसएम कॉलेज चन्दौसी को बीएड काउंसलिंग में सशर्त अनुमति

**चन्दौसी।** माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज ने एस.एम. कॉलेज चन्दौसी जनपद संभल को बी.एड. काउंसलिंग 2025-26 में सशर्त अनुमति प्रदान की है। यह अनुमति 26 अगस्त 2025 को हुई सुनवाई के उपरांत दी गई है और यह याचिका के अंतिम परिणाम पर निर्भर करेगी। आयोग चयनित प्राचार्य डा. दानवीर सिंह यादव (निलंबित) द्वारा जारी पत्र के आधार पर मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार (निलंबित) ने जानकारी दी कि उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद महाविद्यालय का नाम बी.एड. काउंस. लिंग प्रक्रिया में प्रदर्शित करने की अनुम. ति दी गई है। हालांकि यदि याचिका का निर्णय महाविद्यालय के विरुद्ध आता है तो बी.एड. विभाग में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। महाविद्यालय किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं लेगा। विद्यार्थियों से अपील की है कि वे पूरे विवेक के साथ निर्णय लें और स्थिति को समझकर ही प्रवेश प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय ने महाविद्यालय का नाम इस आधार पर सूची में शामिल नहीं किया था कि बी. एड. विभाग के लिए निर्धारित मानक पूरे नहीं किए गए थे। इस मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर 2025 को उच्च न्यायालय प्रयागराज में होगी।

# आईएफटीएम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'स्वर्गीय ओंकार सरन कोठीवाल मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप' का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुरादाबाद डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन एवं आईएफटीएम विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ''स्वर्गीय ओंकार सरन कोठीवाल मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चौंपियनशिप'' का मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पाण्डेय ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि इस टूर्नामेंट के माध्यम से कई युवा खिलाड़ियों को बैडमिंटन के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी विश्व. विद्यालय परिसर में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं होती रही है, लेकिन विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय ओंकार सरन कोठीवाल जी की स्मृति में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने यह भी कहा कि आईएफटीएम संस्थान के संस्थापक कोठीवाल जी का सपना था कि युवाओं को अध्ययन के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में सफलता और ख्याति मिले। वहीं विशिष्ट अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा खेल से शारीरिक और मान. सिक विकास दोनों होता है। विश्व. विद्यालय के खेल निदेशक व प्रतिकुलपति- एकेडमिक एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तीन दिनों तक चलने वाली इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के महिला और पुरुष दोनों वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने का मौका दिया जा रहा है, जिसके लिए अब तक 100 खिलाड़ी अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। खेल निद. ेशक डॉ. त्रिवेदी ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता के सभी मैच विश्व. विद्यालय परिसर स्थित मल्टीपरपज हाल में खेले जाएंगे तथा फाइनल मैच 31 अगस्त को होगा। प्रतियोगिता के पहले दिन लीग मैचों में अंडर 13, अंडर 15, अंडर 17 में पुरुष वर्ग के सिंगल्स तथा डबल्स के पहले और दूसरे राउंड के मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने मैच में बढ़त बनाने के लिए खूब पसीना बहाया। शनिवार को प्रात: 9.30 बजे से क्वार्टर फाइनल तथा सेमीफाइनल के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जबकि थर्टी प्लस, सत्तर प्लस, अस्सी प्लस तथा नब्बे प्लस के मुकाबले 31 अगस्त को खेले जाएंगे। उद्घाटन के दौरान प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुल. पति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव, वित्त अधिकारी डॉ. कुशलपाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्र, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. आर.के. यादव, विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के समस्त निदेशक, डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव श्री सतीश शर्मा, सह सचिव श्री मनीष भट्ट, श्री हिमांशु यादव एवं श्री जी.एस. मटेला ने भी सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। श्री विशिष्ट चतुर्वेदी, पीयूष आहूजा, श्री शौर्य मिश्रा, श्री शिवम् शर्मा तथा श्री यश चौहान ने रेफरी की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. शशांक चौधरी, श्री कपिल गिल, श्री जे.पी. सिंह, श्रीमती नीलम शर्मा एवं सुश्री मीना बिष्ट की विशेष भूमिका रही।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025:-केएडीईएन/मुख्यालय/एमबी के अधीन साउथ कॉलोनी/एमबी की एसटीएम कार्यशाला में स्वच्छता कार्य, बाउंड्री वाल कार्यालय परिसर के विकास और प्रावधान एवं भारी मरम्मत हेतु विद्युत कार्य, पीआरपीएम स्टेशन पर मालगाड़ियों की लंबी दूरी की संरचना के लिए कंक्रीट मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य तथा डीईएन/IV/एमबी के अंतर्गत अमरोहा में 15 परित्यक्त/जीर्ण-शीर्ण गैंग क्वार्टरों के प्रतिस्थापन हेतु विद्युत कार्य। | 6774835.06 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय,उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 135500.00 | 6 माह | निविदायें दिनांक 19.09.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 13/2025 दिनांक: 29.08.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2625/25

**कार्यालय-पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी विकास खण्ड, बिलारी, मुरादाबाद।**

**नीलामी सूचना**

पीएम श्री बिलारी विकास खण्ड बिलारी में स्थित यू.के. लिप्टिस के कुल 20 (बीस) पेड़ों की नीलामी डीएफओ मुरादाबाद के पत्रांक 624/22-1 दिनांक 22.08.2025 के अनुपालन में दिनांक 01. 09.2025 दिन सोमवार को समय अपरान्ह 2.30 बजे विद्यालय परिसर में खण्ड शिक्षा अधिकारी/कमेटी की उपस्थित में की जायेगी। नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित है।

**मु० सुलेमान अंसारी ( सचिव )**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी, वि०खं०, बिलारी, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**

**तारीख पेशी:** 19.09.2025

**उत्तरा० वाद सं०:** 52 सन् 2025

**श्रीमती नीरज चौहान**

**बनाम जनता आम**

श्रीमती नीरज चौहान पत्नी श्री योगराज सिंह निवासी ग्राम लालपुर गोसाई पोस्ट राजिपुर कलां तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम जनता आम**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती नीरज चौहान हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती नीरज चौहान मुसबफा श्रीमती केला देवी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 181651/-रूपये हरगाह मुसम्मा श्रीमती नीरज चौहान ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 19 मास 09 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0 डि0) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या

## एसपी ग्रामीण और डिप्टी एसपी ने किया घटना स्थल का मुआयना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** गांव महमूदपुर तिगरी में दहेज की मांग को लेकर युवक ने पत्नी की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। एसपी ग्रामीण, डिप्टी एसपी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर पिता की सुपुर्दगी में दे दिया। पति एवं अज्ञात ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





शुक्रवार को सुबह चार बजे गांव महमूदपुर तिगरी निवासी आबिद पुत्र कलुआ ने अपने ससुर नजारूल पुत्र अब्दुल हकीम को फोन कर बताया की हुसन जहां उर्फ बेबी की हार्ट अटेक में मौत हो गई है। दामाद की सूचना पर ससुर अपने परिजनों के साथ आबिद के घर गये तो बेटी छत पर चारपाई पर मृतावस्था में पड़ी थी। उसकी गर्दन पर रस्सी से गला दबाने के निशान थे। बेटी की मौत से गुस्साये परिजनों ने आबिद पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने एवं हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक, एसएसआई महेश कुमार मलिक भारी फोर्स को लेकर मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों और मृतका के परिजनों से वार्तालाप कर उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार एवं डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा गौरव कुमार त्रिपाठी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने के लिए जिला मुख्यालय से फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर जांच के लिए अपने साथ ले गई। पुलिस को मृतका बेबी के पिता नजारूल ने बताया है कि दो वर्ष पहले बेटी का विवाह गांव के ही आबिद के साथ किया था। दामाद विवाह में दिये उपहारों से खुश नहीं था। वह दहेज में कार की मांग को लेकर बेटी का उत्पीड़न करता था।

● बेटी हानियां का जन्म हुआ। उसके बाद उत्पीड़न बढ़ गया। बेटी अक्सर पति की ज्यादतियों की शिकायत करती रहती थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दामाद आबिद पुत्र कलुआ एवं अज्ञात ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतका के पिता को सौंप दिया। ग्रामीणों ने गांव के कब्रिस्तान में दफन कर दिया। हत्यारोपी पति फरार बताया जा रहा है।

## पटाखे जैसी आवाज करने वाली बाइकों से हड़कंप

**चन्दौसी।** शहर की सड़कों पर पटाखे जैसी आवाज करने वाली बाइकों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कॉलेज चौराहों सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर इन बाइकों को तेज आवाज के साथ दौड़ाते हुए देखा जा रहा है। बाइकों के साइलेंसर से निकलने वाली तेज धमाके जैसी आवाज के कारण कई बार अन्य वाहन चालक घबरा जाते हैं और उनका संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जानकारी के अनुसार, शहर में ऐसी बाइकों की संख्या आधा दर्जन से अधिक है। शुक्रवार को ऐसी ही एक बुलेट बाइक, जिस पर आगे यूपी पुलिस और पीछे यूपी 13 एबी 1743 नंबर प्लेट लगी थी, को एक युवक तेज आवाज के साथ दौड़ाता हुआ देखा गया। फुब्बारा चौक पर ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक ने बाइक को रोक लिया और पटाखे वाली आवाज करने वाले साइलेंसर को हटाने के निर्देश दिए। बताया गया कि पहले तो बाइक सवार ने साइलेंसर हटाने से मना कर दिया। पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले साइलेंसरों पर प्रतिबंध लगाकर इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो और शांति बनी रहे।

### एक नजर

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर 2025 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग नरायन सिंह के आदेशानुसार प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सम्भल आदित्य सिंह के विश्राम कक्ष में शुक्रवार को सायं 04 बजे समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारीगण जनपद सम्भल, समस्त बैंक शाखा प्रबंधकगण जनपद सम्भल एवं समस्त तहसीलदारगण (सम्भल, चन्दौसी एवं गुन्नौर) के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक के अवसर पर प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी आदित्य सिंह द्वारा समस्त बैंक शाखा प्रबंधकगण एवं तहसीलदारगण को निर्देशित किया गया कि बैंको द्वारा लम्बित ऋण वसूली सम्बन्धी अधिकतम प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाएं ताकि पक्षकारों की आपसी सहमति से समाधान हो सके, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पक्षकारों को लोक अदालत में उपस्थिति हेतु प्रेरित किया जाये एवं राजस्व सम्बन्धी विवाद, नामांतरण, सीमांकन एवं अन्य मामलों को भी चिह्नित कर लोक अदालत के लिए सूचीबद्ध किया जाये। उक्त बैठक के अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थित चन्दौसी दिव्या चिंडालिया, सिविल जज जू.डि. सम्भल स्थित चन्दौसी दिव्या गर्ग, सिविल जज (जू.डि.) बाह्य न्यायालय संभल नावेद अख्तर, सिविल जज (जू,डि.) कोर्ट नं.-01 बाह्य न्यायालय संभल ललित कुमार, सिविल जज (जू,डि.) कोर्ट नं.-02 बाह्य न्यायालय संभल वंदना सिंह, सिविल जज (जू,डि.) बाह्य न्यायालय गुन्नौर नाजिम अकबर, तहसीलदार सम्भल रवि सोनकर, तहसीलदार चन्दौसी धीरेन्द्र प्रताप सिंह, तहसीलदार गुन्नौर सराह अशरफ, एल.डी.एम. जनपद सम्भल ललित राय एवं समस्त बैंक शाखाप्रबंधकगण आदि उपस्थित रहे।

## धनेंद्र शर्मा ही रहेंगे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मुरादाबाद जिला अध्यक्ष



**कांठ।** भाकियू टिकैत की राष्ट्रीय चिंतन समीक्षा बैठक राजपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में की गई। मुरादाबाद जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा के पद को लेकर समीक्षा हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत द्वारा समीक्षा टीम गठित करके मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी द्वारा जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा के रहने की घोषणा की गई।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश महासचिव को पद चयन का कोई अधिकार नहीं है ना कोई प्रभारी है।बैठक में राजपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष ,बाबूराम तोमर ,घनेद्र शर्मा जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष अशोक चौधरी सहारनपुर मंडल प्रभारी अशोक कुमार मुरादाबाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, सतवीर सिंह मान आदि मौजूद रहे।

## गणेश मेले के श्रीभूपाल रंगमंच पर रंगोली प्रतियोगिता का कलात्मक प्रदर्शन

**चन्दौसी।** श्रीगणेश मेला परिषद चन्दौसी द्वारा मेले के श्रीभूपाल रंगमंच पर 65वें गणेश महोत्सव के दौरान स्व. पी.के. अग्रवाल एवं स्व. रतन नन्दन की स्मृति में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में संजीव नन्दन एवं प्रत्युश अग्रवाल ने किया। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने 15 टीम के रूप में प्रतिभाग किया तथा निर्णायक के रूप में परिश्रमा अग्रवाल एवं रूपल अग्रवाल रहीं। इस दौरान मेला परिषद से मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ० राजीव गुप्ता, सुभाष भोलेनाथ, हरीश कठेरिया, जयशंकर दुबे, के.जी. गुप्ता, विनय सर्राफ, एड० लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश ब्रेड, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, शुभम अग्रवाल, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश जॉनी, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा, मो.फईमुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

## मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव पर हुआ खेल का आयोजन

**बिलारी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट में मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मनाए जाने वाले ष्राष्ट्रीय खेल दिवसष के अवसर पर खेलों का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य द्वारा मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया गया।

बच्चों ने सुंदर खेल का प्रदर्शन किया। खेल प्रभारी रणविजय सिंह के द्वारा खेलों का आयोजन कराया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक डॉ. अशोक यादव, डॉ. अमोल कंचन और प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने टॉस उछाल कर किया। महिला वर्ग में कॉलेज की दो टीमों ने भाग लिया, जिसमें पुष्पा (टीम कैप्टन), दीपांशी, अंशी, रचना, आरती, नंदिनी और राखी की टीम विजेता रही। उपविजेता टीम में याशी चौधरी (टीम कैप्टन), वैष्णवी, महक, रश्मि, नेहा, आंशिक और यशस्वी शामिल रहीं। पुरुष वर्ग में भी दो टीमों ने प्रतिभाग किया। अजय कुमार (टीम कैप्टन), आशीष कश्यप, अरुण, आशीष यादव, रिंकू, इंद्रपाल, केशव और टीटू यादव की टीम विजेता रही जबकि उपविजेता टीम में जितेंद्र यादव (टीम कैप्टन), मोवशिवान, अनिल यादव, कैफ, राजकुमार, दीपेंद्र सिंह और कुशलपारा सैनी शामिल रहे। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल सहित सभी शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं खेल मैदान में मौजूद रहे। डॉ. मधु राठौर, डॉ. मुजायदा, डॉ. रश्मी, डॉ. राजू पाल, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. भानुप्रताप सिंह, डॉ. पारस, जितेंद्र यादव, डॉ. निर्मल, जयप्रकाश, संजय नागर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। ऑफिशल के रूप में सोनू गिरि, सचिन राजपूत, अर्जुन मौर्य, विकास, अनुज गिरी और मनी ने जिम्मेदारी निभाई। प्रतियोगिताएं खेल प्रभारी चौधरी ज्ञान सिंह के निर्देशन में संपन्न हुईं।

## द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने किया जागरूक




**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के तत्वाधान में साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पहुंच कर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। कचहरी परिसर में स्थित एसपी गुप्ता भवन में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में एसएसपी सतपाल अंतिल सहित पुलिस के कई अधिकारी शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस जागरूकता अभियान कार्यक्रम में साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। बता दे कि शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा दि-बार-एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी की ओर से एसपी गुप्ता सभा भवन न्यायालय परिसर में आयोजित साइबर जागरुकता अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग करते हुये उपस्थितजनों को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे, ऑनलाइन धोखाधड़ी/डिजिटल फ्रॉड, फिशिंग जैसे साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया । इस अवसर पर दि बार-एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी कटघर व अन्य अधिवक्तागण सम्मलित रहे।

## सात दिवसीय यज्ञ मे पूर्ण आहुति देकर घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना

**ठाकुरद्वारा।** सात दिवसीय यज्ञ के पांचवें दिन पंडित श्री राम शर्मा ने विधि विधान के साथ वेद मत्रों व दुर्गा सप्तमी के मत्रों के के उच्चारण के साथ यज्ञ कराया । श्रद्धालुओं ने यज्ञ में पूर्ण आहुति देकर ग्रामीणों ने अपने गांव व क्षेत्र की सुख स्मृति के लिए पूर्ण आहुति देकर प्रार्थना की । कोतवाली क्षेत्र के गांव काले वाला स्थित चामुंडा देवी मंदिर पर विगत वर्षो की भांति इस बर्ष भी सात दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया । शुक्रवार को विधि विधान के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया गया । जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंच कर यज्ञ में सम्मिलित हो दुर्गा सप्तशती पाठ की कथा को सुना । धार्मिक अनुष्ठान व वेद मत्रों के उच्चारण से क्षेत्र का माहौल भक्ति में हो गया । हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध हो गया । बाद में प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में चामुंडा मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ दीपक चौहान , प्रधान रविंद्र सिंह , मोहित चौहान,भास्कर चौहान ,रिंकू गोला,मोहित कश्यप, मयंक चौहान , अमित कुमार, अजय वीर सिंह, अनिरुद्ध चौहान, ऋषि पाल सिंह, नरेंद्र सिंह , जितेंद्र भारद्वाज, आदि मौजूद रहे । मंदिर समिति का अध्यक्ष डॉक्टर दीपक चौहान ने बताया कि 31 अगस्त को महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा प्रसाद वितरण के बाद विशाल भंडारा आयोजित होगा । मान्यता है कि प्रतिवर्ष यज्ञ होने से ग्रामीणों के साथ पशु जीव जंतु अन्य पशुओं में खुशहाली बनी रहती है । विभिन्न विपदाओं से मुक्ति मिलती है।

# महापुरुष स्मारक समिति ने मनाई मेजर ध्यानचंद की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में तीन बार भारत को ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाने वाले, भारत एवं विश्व के प्रसिद्ध हॉकी के जादूगर, पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती सेमरटोला मोहल्ला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान राजेश कुमार (चेयरमैन, राजेश कुमार पब्लिक स्कूल) ने की व संचालन आकाश दीप ने किया।



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने जंयती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहा जाता है। मेजर ध्यानचंद की जयंती को भारत सरकार 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाकर प्रतिभावान खिलाडिय्यों को अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार आदि देती है जिससे हमारे देश के खिलाडिय्यों का उत्साहवर्धन हो। मेजर ध्यानचंद ने अपनी करिश्माई हॉकी से जर्मन तानाशाह रुडोल्फ हिटलर को एवं महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन को भी अपना मुरीद बना दिया था। मेजर ध्यानचंद को फुटबॉल के पेले और क्रिकेट में डॉन ब्रैडमैन के समतुल्य माना जाता है। उन्होंने जीवन में एक हजार से अधिक गोल दागे, जिसमें 400 अन्तर्राष्ट्रीय मैच में किए हैं। मुलाकात के दौरान डॉन ब्रैडमैन ने कहा था कि ध्यानचंद आप क्रिकेट के रनो की तरह गोल करते हैं। ओलंपिक 1936 में जब भारत ने जर्मन को हराकर स्वर्ण पदक जीता तब हिटलर ने मेजर ध्यानचंद से प्रभावित होकर जर्मनी की ओर से खेलने का प्रस्ताव देते हुए फील्ड मार्शल पद और अकूत दौलत देने का लालच दिया जिसे मेजर ध्यानचंद ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि मैं अपनी मातृ भूमि भारत से प्यार करता हूं और हमेशा अपने देश के लिए ही खेलूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था। पिता समेश्वर दत्त सिंह तथा माता श्रद्धा सिंह थीं। इस दौरान स्कूल प्रबंधक एस.के. सक्सैना, एन.के. शर्मा, पूर्व प्रधान पलथा वेदराम मौर्य, गेंदन लाल, हेमन्त कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य वर्षा गर्ग, रजनी वार्ष्णेय, प्रियंका गुप्ता, सुरेशचंद्र शर्मा, झलक वार्ष्णेय, सलोनी, मीना, आरती, संतोष, मीरा, बेवी, पूनम, नंदनी, पूजा, अनमोल, रुचिका आदि उपस्थित रहे। साथ ही भारत सरकार से पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद के लिए 'भारत रत्न' देने की मांग की। छात्र-छात्राओं ने कविता, देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए।

## सभासद ने वाटर कूलर के मानकों की मांगी जानकारी

**चन्दौसी।** नगरपालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में वर्ष 2016 में वाटरकूलर लगवाये गये थे जिससे राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध हो सके जिससे राहगीरों व आसपास के लोगों को काफी समय तक जल मुहैया हुआ लेकिन समय रहते वाटरकूलर सही नहीं कराये गये और देखते ही देखते अधिकांश वाटरकूलर बंद हो गये। नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय द्वारा आवश्यकतानुसार पुन: लगवाने शुरु किये गये जिसमें गणेश कॉलोनी, फुब्बारा चौक, ब्रह्म बाजार, रामबाग रोड, स्टेशन रोड, गौशाला रोड व अन्य स्थानों पर शीतल जल वाटरकूलर लगवाये गये हैं जिनसे जनता एवं वार्ड के लोगों को भीषण गर्मी में शुद्ध जल उपलब्ध हो रहा है लेकिन महाजन मौहल्ला वार्ड-21 की सभासद सुलेखा का कहना है कि पूर्व में लगाये गये वाटरकूलर व वर्तमान में लगवाये गये वाटरकूलरों की गुणवत्ता पर वार्ड के लोग सवाल कर रहहे है। सभासद ने बताया कि पहले टैंक 900 लीटर का था और अब टैंक 500 लीटर का है तथा चादर का गेज भी सही नहीं है। सभासद ने बताया कि उनके द्वारा वाटरकूलर की कीमत, मानक एवं गुणवत्ता के संबंध में नगरपालिका को पत्र भेजकर जानकारी मांगी गई है।

# एनकेबीएमजी कॉलेज में नवाचार परिषद ने की विचार गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शुक्रवार को एन.के. बी.एम.जी. कॉलेज चन्दौसी में संस्थान नवाचार परिषद् (आईआईसी) द्वारा महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ इस नवाचार परिषद् के सत्र 2025-26 के आंतरिक व बाह्य सदस्यों के परिचय से हुआ।



तत्पश्चात परिषद प्रभारी डॉ. अमिता चौधरी ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थागत नवाचार परिषद भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की एक पहल है। इसका उद्देश्य देश के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में नवाचार (इनोवेशन), उद्यमिता (एंटरप्रनियोरशिप), स्टार्टअप इकोसिस्टम और अनुसंधान (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) को बढ़ावा देना है। संस्थागत नवाचार परिषद एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो छात्राओं को केवल नौकरी ढूँढने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला (जॉब क्रिएटर) बनाने की दिशा में काम करेगा। इसका मकसद शिक्षा संस्थान को इनोवेशन हब में बदलना है। गोष्ठी में आईआईसी कार्यक्रमों की योजना और उनके विधिवत क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी। विशेष रूप से उद्योग विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ सहयोग हेतु योजनाओं व नवीन परियोजनाओं और उनके महाविद्यालय की छात्राओं से जुड़ाव की पहलों पर विचार-मंथन हुआ। इस परिषद की उपाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता गोयल सहित सभी सदस्यों डॉ. रीता, डॉ. आरती, डॉ. मोनिका राघव, डॉ. प्रियंका, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. इमराना ने छात्राओं हेतु विभिन्न नवाचार के सुझाव दिए। इस अवसर पर परिषद की छात्रा प्रतिनिधि आकृति दुबे व सानिया नूर उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का संकल्प पत्र एसडीएम को सौंपा

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद के प्रतिनिधि मंडल ने जिला महामंत्री अकरम हुसैन के नेतृत्व में उप-जिलाधिकारी प्रीति सिंह से हमारा विद्यालय -हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र के साथ भेंट की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अकरम हुसैन ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमान राष्ट्र व्यापी अभियान की शुरुआत की है । जिसमें 1 सितंबर 2025 को देश के 5 लाख से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता होगी। करोड़ों विद्यार्थी और लाखों शिक्षक इस संकल्प कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यालयों की प्रार्थना सभा में ष्हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमान का साझा संकल्प लेंगे। जनपद मुरादाबाद में भी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ॰प्र॰ के तत्वाधान में यह कार्यक्रम जनपद के विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। जिला महामंत्री अकरम हुसैन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण और समाज सेवाओं का माध्यम बनाना है। ब्लॉक महामंत्री संजय भारती ने बताया कि विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर विद्यालय को स्वच्छ , अनुशासित और हरित बनाने का संकल्प लेंगे । विद्यालय की संपदा और संसाधनों को राष्ट्र धन मानकर उसका विवेक पूर्ण उपयोग और संरक्षण इस अभियान का मूल मंत्र है। इस अभियान के तहत विद्यालयों में भेदभाव मुक्त माहौल बनाया जाएगा सभी समान भाव से सीखने और सिखाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि,अभियान विद्यालय को राष्ट्र निर्माण का तीर्थ बनाएगा जिसका मुख्य संदेश है ष्हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है और हमारी आत्मा का अभिमान है, और राष्ट्र निर्माण का आधार है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष मेहताव सिंह, संयुक्त महामंत्री मनोज आदि उपस्थित रहे।

# होली का मंदिर स्थित दसवां घाट की तारबंदी हटाने को लेकर नागरिकों में रोष, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर रमनावाला रोड स्थित प्राचीन होली का मंदिर पर स्थित एडी एम प्रशासन निर्देश पर 6 महीने पूर्व कराई गई तारबंदी को कुछ लोगों ने हटा दिया । सूचना मिलने पर नगर के लोगों में आक्रोश प्राप्त हो गया । सूचना पर पहुंची एस डी एम प्रीति सिंह ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया । इस दौरान मौके पर मौजूद शिवेंद्र गुप्ता सहित एक और दर्जन से अधिक लोगों ने बताया की होली का मंदिर के निकट बराबर में घाट की एक संपत्ति है । पर एक मकान भी बना है । कुछ लोगों ने एक मंदिर कमेटी बनाकर दसवां घाट हटाने का मुहिम चला रखा है । यह स्थान 100 वर्ष से अधिक का है । जिस पर मंदिर कमेटी के लोग दसवां घाट को हटाने के फिराक में लगे हुए हैं आए दिन विवाद करते रहतेहैं । 6 महीने पूर्व ए डी एम प्रशासन के आदेश पर दसवा घाट स्थान की तारबंदी कराकर सुरक्षित कर दिया गया था । कुछ लोगों नेकिसी समय रात्रि में तारबंदी को तहस-नहस कर दिया पता चलने पर मोहल्ले के लोग काफी संख्या में एकत्र हो गए । सूचना पर एसडीएम प्रीति सिंह ने मौके पर पहुंचकर एसडीएम ने चेतावनी दी किसी ने भी दसवां घाट की संपत्ति को नुकसान उठाने कासाहस किया तो सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी । इस पर मंदिर कमेटी के लोगों को तलब किया गया है । ताकी वह अपना पक्ष रख सके । नगर के बुजुर्गों का कहना है कि कुछ बाहर से आकर रहने वाले लोगों ने जबरदस्ती दसवां घाट की भूमि को लेकर विवाद करना शुरू कर दियाहै । जबकि अभिलेखों मेंउक्त भूमि राजस्व विभाग मे भी अंकित है और वह सरकारी संपत्ति है।



## क्राइम सुरक्षा संघ की टीम ने छात्राओं को दी साइबर क्राइम के अपराध की जानकारी



**बिलारी।** नगर के शंकर सहाय हर सहाय कन्या विद्यालय में साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें भारी तादात में छात्राएं पहुंची उन्हें बताया गया कि किस तरह से साइबर अपराधी आपके बैंक खाते की रकम उड़ा सकते हैं। शुक्रवार को साइबर क्राइम सुरक्षा संघ की टीम में राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम कुमार का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मोहित कुमार भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज देश में साइबर क्राइम बढ़ता ही जा रहा है। जिसकी वजह से देश में अपराध बढ़ रहे हैं जिसमें बैंकिंग क्राइम वेबसाइड,क्राइम मोबाइल,क्राइम फोनपे गूगल पे आदि शामिल है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रिंकू सिंह ने बताया की बैंक से पैसे का लेनदेन करते समय सावधान रहे। राष्ट्रीय महासचिव मोहित कुमार ने बताया कि किसी भी वेबसाइट पर अपने फोटो की डीपी ना लगाए, ऐसा करने से आपको ब्लैकमेल किया जा सकता है। मीडिया प्रभारी राजकुमार कश्यप ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी साइबर क्राइम होता है तो तुरंत डायल 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर, 1930 तथा साइबर क्राइम सुरक्षा संघ से संपर्क करें। साइबर क्राइम सुरक्षा संघ की टीम ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अनुज चंद्र आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार बालक घायल

**मूंढापांडे।** गोविंदपुर खुर्द लिंक रोड पर टहानायक गांव के पास शुक्रवार सुबह पिकप ने बाइक में टक्कर मारी दी हादसे में अमन घायल हो गया। हसनगंज निवासी किशन पाल के पांच वर्षीय बेटा अमन को बुखार आ रहा था वह उसे बाइक से मूंढापांडे मे दवा दिलाने के लिए जा रहा था टहानायक के पास पीछे पिकप ने टक्कर मार दी हादसे में अमन घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सी एच सी में भर्ती कराया गया जहाँ उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। एस एच ओ मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलने नही मिली है।

## घर-घर भगवा लहराएगी शिवसेना

**बिलारी।** शिवसेना के युवा नेता दिनेश आजाद के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा पहुंचे। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोरा ने कहा कि शिवसेना बिना किसी भेदभाव के राजनीति करती है। उन्होंने शिव सैनिकों को जिम्मेदारी दी कि हर घर पर भगवा लहराए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा, व्यापार सभा के जिला प्रमुख अरुण ठाकुर, शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, महेश सिंह, सुशील शर्मा, हरी बाबू ,संतोष कुमार, भूरा भाई, दिनेश आजाद, प्रवीण ठाकुर, सौरव सक्सेना, यादराम सिंह, कुश सक्सेना, विजय माथुर,मनोज गुप्ता, रवि शंक पुखराज गुप्ता, संजीव सक्सेना, राजेश ठाकुर,बंटी मौर्य आदि शिव सैनिक कार्यक्रम में शामिल रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर ढाई लाख की ठगी, विरोध करने पर हत्या की धमकी

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम वोवदवाला निवासी फिरोज आलम पुत्र रियासत हुसैन ने आरोप लगाया है कि उसके ही रिश्तेदारों ने विदेश भेजने के नाम पर उससे ढाई लाख रुपये ठग कर ली। पीड़ित का कहना है कि रुपये लौटाने के बजाय आरोपियों ने उसे व उसके परिवार को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। फिरोज आलम ने बताया कि करीब दो माह पूर्व उसके रिश्तेदार शमीम अहमद, राजा व शमीम निवासी ग्राम दारापुर ने उसे यह कहकर झांसे में ले लिया कि वे लोग विदेश भेजने का कार्य करते हैं और उनके पास सिंगापुर व मलेशिया की नामी कंपनियों में क्रेन ऑपरेटर की नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं। इस भरोसे में आकर उसने अलग-अलग तिथियों में करीब ढाई लाख रुपये उनके बताए खातों में जमा कर दिए। पीड़ित ने कहा कि आरोपियों ने उसके साथ संगठित तरीके से ठगी की है और अब जान का खतरा बना हुआ है।

इस संबंध में उसने एसएसपी व डिप्टी एसपी को शिकायत पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डोना को हराकर गॉफ तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** गत चैंपियन कोको गॉफ ने क्रोएशिया की डोना वेकिच को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में अमेरिकी दिग्गज गॉफ ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी और फिर लय में आकर क्रोएशिया की डोना वेकिच को 7-6(5), 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। गॉफ का अगला मुक.ाबला 28वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्डेलेना फेच से होगा। मैच के बाद गॉफ ने कहा कि सच कहूं तो, आज का मैच मेरे लिए कठिन था, लेकिन मैं इस बात से खुश हूं कि मैं इससे निपट पाई। पिछले कुछ हफ्ते बेहद मुश्किल रहे हैं।

### चोटिल क्रेग एर्विन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

आज से शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला के लिए सीन विलियम्स जिम्बाब्वे टीम की कप्तानी करेंगे। जिम्बाब्वे ने अभी तक किसी एर्विन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मैच की पूर्व संध्या पर एर्विन को अपनी बाईं पिंडली में ग्रेड 2 की चोट के साथ-साथ अपनी दाहिनी पिंडली में ग्रेड 1 की चोट का सामना करना पड़ा। गुरुवार को हुए एमआरआई स्कैन से उनकी चोट की पुष्टि हुई। जिम्बाब्वे और श्रीलंका को 29 अगस्त से सात सितंबर तक दो एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने हैं। सभी पांच मैच हरारे में खेले जाएंगे।

● डायमंड लीग फाइनल में

# दूसरे स्थान पर रहे नीरज

● **डायमंड लीग फाइनल के पुरुषों की भालाफेंक प्रतियोगिता में नीरज ने 81.01 मी. थ्रो से भाला फेंका**



**स्वीट्जरलैंड, वार्ता।** डायमंड लीग फाइनल 2025 के पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत के नीरज चोपड़ा ने 85.01 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91-51 मीटर का थ्रो कर खिताब अपने नाम किया।

लेट्ज़ग्रिुंड स्टेडियम में हुए मुकाबले में भारत के नीरज चोपड़ा ने प्रतियोगिता की शुरुआत अच्छी की थी और पहले प्रयास में 84.35 मीटर फेंका। हालांकि बीच के तीन प्रयासों में लगातार फाउल के कारण वे पीछे रह गए। पांचवां थ्रो भी नाकाम रहा, लेकिन नीरज ने छठे और अंतिम प्रयास में शानदार वापसी करते हुए 85.01 मीटर की दूरी दर्ज की और दूसरे स्थान पर रहे। यह थ्रो उन्हें केशोर्न वॉलकॉट से आगे ले गया, जिन्होंने 84.95 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी वेबर ने अपने दूसरे प्रयास में 91.51 मीटर का थ्रो फेंका। इस दूरी अन्य कोई एथलीट पार नहीं कर पाया और वेबर ने नया निजी सर्वश्रेष्ठ और वर्ल्ड लीड दर्ज करते हुए खिताब जीता। प्रतियोगिता में अन्य दावेदारों में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के साथ चौथे, केन्या के जूलियस येगो 82.01 मीटर के साथ पांचवें, मोल्दोवा के आंद्रियन मार्डारे 81.81 मीटर के साथ छठे और स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड 81-29 मीटर (पर्सनल बेस्ट) के साथ सातवें स्थान पर रहे।

# अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में एशियाई चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण पदक



● **52 स्वर्ण, 26 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा**

**शिमकेंट, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 चाँग.वोन विश्व चैम्पियन अंकुर मित्तल ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप के दौरान डबल ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतते हुए नया एशियाई चैम्पियनशिप रिकॉर्ड बनाया।

कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही इस प्रतियोगिता में अंकुर की इस जीत के साथ भारत का कुल पदक आंकड़ा 103 तक पहुंच गया। 52 स्वर्ण, 26 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। अंकुर मित्तल ने भानु प्रताप सिंह और हर्षवर्धन काविया के साथ मिलकर डबल ट्रैप टीम स्पर्धा में टीम कांस्य भी जीता। अंकुर ने चार राउंड (प्रत्येक में 30 शॉट्स) में 26, 28, 26 और 27 अंक हासिल करते हुए कुल 107 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान के स्थानीय शूटर आर्टिओम चिकुलायेव ने 98 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि कुवैत के अहमद अलअफ़ासी ने 96 2 के साथ शूट-ऑफ में कांस्य पदक हासिल किया। डबल ट्रैप जूनियर वर्ग में हतीम खान मोहम्मद ने 89 हिट्स के साथ रजत पदक और मानवराजसिंह चुडासमा ने 87 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। दोनों ने विनय प्रताप सिंह चंद्रावत (81) के साथ मिलकर इस इवेंट का टीम स्वर्ण भी जीता।

डबल ट्रैप महिला वर्ग में भारत ने पोडियम क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य अपने नाम किए। अनुश्का सिंह भाटी (93) ने स्वर्ण, राज.कुंवर प्रनिल इंगले (89) ने रजत और यशाया हाफिज कॉन्ट्रैक्टर (87) ने कांस्य पदक जीता। इस तिकड़ी ने टीम स्वर्ण भी अपने नाम किया। महिला जूनियर वर्ग में अवनी अलंकार कोली ने 77 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। अवनी ने कृषिका जोशी और स्मिता सावंत (दोनों 61 हिट्स) के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। 50 मीटर राइफल प्रोन महिला वर्ग में मनीनी कौशिक ने 617-8 स्कोर के साथ भारत के लिए कांस्य पदक जीता। मनीनी ने सुरभि भारद्वाज (614-4) और विदर्शा के-विनोद (613-8) के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। जूनियर वर्ग में प्राची गायकवाड़ ने 616-6 स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। प्राची ने अनुशका ठोकुर (607-6) और तेजल नाथावत (599-2) के साथ मिलकर टीम कांस्य पदक भी जीता।

25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल पुरुष वर्ग में, रजकंवर सिंह ने प्रिसीजन राउंड में 289 और रैपिड राउंड में 294 के स्कोर के साथ कुल 583-22ग बनाकर स्वर्ण पदक जीता।

### ओडिशा डीजीपी ने 41 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओडिशा के पुलिस महानिद.शक (डीजीपी) योगेश बहादुर खुरानिया ने शुक्रवार को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर ओडिशा पुलिस के 41 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यहां आरके पाढ़ी मेमो.रियल हॉल में आयोजित समारोह में डीजीपी खुरानिया ने खिलाड़ियों की असाधारण प्रतिभा और उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियों ने हाल के वर्षों में देश भर में ओडिशा पुलिस की प्रतिष्ठा को बढ़ाया।

# मोदी, मांडविया ने ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि



● **खेल दिवस के विशेष अवसर पर हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी: मोदी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस विशेष अवसर पर, हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पिछले एक दशक में, भारत के खेल परिदृश्य में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। युवा प्रतिभाओं को निखारने वाले जमीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर विश्वस्तरीय सुविधाओं के निर्माण तक, हम अपने देश में एक जीवंत खेल पारिस्थितिकी तंत्र देख रहे हैं। हमारी सरकार एथलीटों का समर्थन करने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और भारत को खेल उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान डा. मांडविया ने दौड़ लगाई, फुटबॉल खेली तथा रस्साकशी आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ मांडविया ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं समस्त देशवा.सियों को राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। खेल परंपरा भारत में सदियों से विद्यमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज खेल महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आइए आज के दिन को और सार्थक बनाएं - एक घंटा खेल के मैदान में जरूर बिताएं। उन्होंने कहा कि जो खेलेगा, वही खिलेगा।

### घरेलू सीजन से पहले मनदीप सिंह ने त्रिपुरा को छोड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** बल्लेबाज मनदीप सिंह ने टीम के साथ सिर्फ एक सीजन बिताने के बाद 2025-26 घरेलू सीजन से पहले त्रिपुरा छोड़ने का फ़ैसला किया है। मनदीप ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि पिछले सीजन में मुझे खेलने का मौका देने के लिए त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन का शुक्रिया। मैंने वहां अपने समय का बहुत लुत्फ लिया। मैदान के अंदर और बाहर कुछ बेहतरीन यादें बनीं। टीम को आगामी सीजन के लिए शुभकामनाएं। अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। मनदीप ने रणजी ट्रॉफी में छह मैच, विजय हजारे ट्रॉफी में छह मैच और सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी में 2024-25 सीजन के दौरान सात मैच खेले थे। त्रिपुरा सभी टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया लेकिन मनदीप ने अच्छा प्रदर्शन किया। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने नाबाद 124 रन बनाए और पांच अर्द्धशतक लगाए।

### चीन में आयोजित बेल्ट एंड रोड यूथ बॉक्सिंग गाला में 14 भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया

**झिंजियांग, वार्ता।** चीन के झिंजियांग में आयोजित तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग गाला - अंडर-17/अंडर-19/अंडर-23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में चौदह भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने अपने-अपने फाइनल में प्रवेश किया, जिससे महाद्वीपीय आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में उनके शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। कजाकिस्तान, ईरान, कोरिया, उज्बेकिस्तान, फिलीपींस और चीन के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए, 10 लड़कियों और 4 लड़कों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे भारत के लिए कई रजत पदक और स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल संभावना सुनिश्चित हुई। भारत ने 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसे 12 कोच, 5 सहायक कर्मचारी और 1 रेफरी एवं जज का समर्थन प्राप्त है। इस संस्करण में केवल अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया था, जिसमें एशियाई युवा खेलों और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों के पदक विजेताओं को जगह मिली थी।

लड़कों में, ध्रुव खरब (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा) और उधम सिंह राघव (54 किग्रा) ने शानदार जीत हासिल की, जिन्होंने चीन, कोरिया और ईरान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आदित्य (52 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन करीबी फैसलों के बाद बाहर हो गए, जबकि उदय, देवेंद्र चौधरी आदि ने अभियान समाप्त किए।

# सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में

● **पीवी सिंधु ने महिला एकल में व ध्रुव और तनिषा ने मिश्रित युगल में खेलकर अगले दौर में जगह बनाई**



**पेरिस, वार्ता।** पेरिस में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने छठी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

राउंड-ऑफ-16 में चीनी जोड़ी का सामना करते हुए, सात्विक-चिराग ने गुरूवार को शुरुआती गेम 19-21 से मामूली अंतर से गंवा दिया, लेकिन शानदार वापसी करते हुए दूसरे गेम में 21-15 से दबदबा बनाया। निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा, जिसमें कई बार स्कोर बराबर रहा, लेकिन सात्विक-चिराग ने 1 घंटे 6 मिनट में 21-17 से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब भारतीय जोड़ी का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरा.न चिया और सोह वूई यिक से होगा, जो अपनी जीत की लय को जारी रखना चाहेंगे।

इससे पहले दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने महिला एकल में तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने मिश्रित युगल में क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। सिंधु ने विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की वांग झीयी पर जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

2019 की विश्व चैंपियन सिंधु ने पहले गेम में जीत के साथ अपनी पकड़ मजबूत कर ली, और फिर दूसरे गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पूरी तरह से मात देते हुए केवल 48 मिनट में 21-19, 21-15 से जीत हासिल की। सिंधु शुक्रवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए इंडोनेशियाई शटलर पुत्री कुसुमा वर्दानी से भिड़ेंगी।

ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग चीन के तांग चुन मान और त्से लयग सुएट को एक घंटे 3 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-12, 21-15 से हराया।

### फिट हसरंगा श्रीलंका की एशिया कप टीम में शामिल

● **हसरंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए दुशन हेमंता की जगह टीम में शामिल किया गया**

**कोलंबो, वार्ता।** लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को एशिया कप के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में चुना गया है। हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ पिछली सीरीज़ के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर रखा गया था, लेकिन उम्मीद है कि वह यूएई में होने वाली प्रतियोगिता के लिए फिट हो जाएंगे।

हसारंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित टीम में दुशन हेमंता की जगह शामिल किया गया है, जबकि अनकैप्ड बल्लेबाज विशेन हालम्बेग को टीम से बाहर रखा गया है। हसरंगा की वापसी का मतलब है कि एशिया कप के लिए जाने वाली टीम में चार बदलाव हुए हैं, जिसमें अविष्का फर्नांडो, दिनेश चांडीमल, जेफरी वेंडरसे और ईशान मलिंगा शामिल नहीं हैं। बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो और कामिल मिशारा के साथ तेज गें.दबाज दुश्मंता चमीरा को भी टीम में शामिल किया गया है। अन्य तेज गेंदबाजों में चमिका करुणारत्ने भी शामिल हैं, जो सीमित ओवरों की टीमों में वापसी कर रहे हैं। दसुन शनाका को भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में फिर से चुना गया है। एंजेलो मैथ्यूज की अनुपस्थिति से संकेत मिलता है कि चयनकर्ता अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए उन पर विचार करने की संभावना नहीं रखते हैं। उन्होंने साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहे।

# एशिया कप: भारत ने चीन को हराया

● **मुकाबले में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत ने गोल कर शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक बनाई**



**राजगीर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को चीन के खिलाफ 4-3 से जीत के साथ हीरो पुरुष एशिया कप राजगीर बिहार 2025 में अपने अभियान की शुरुआत की।

यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (20वें, 33वें, 47वें) मिनट में गोलकर शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक बनाई। जुगराज सिंह ने (18वें) मिनट में भारत के लिये पहला गोल दागा। वहीं चीन की ओर से शिहाओ डू ने (12वें), बेनहाई चेन ने (35वें) और जीशेंग गाओ ने (41वें) मिनट में गोल किए। शुरुआत से ही भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आक्रामक रुख अपनाया। आखिरकार चीन ने दबाव बनाया और उसने एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे शिहाओ डू (12वें मिनट) ने गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में चीन 1-0 से आगे था। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और चीन पर दबाव बनाने में अच्छा प्रदर्शन किया। क्वार्टर में तीन मिनट बाद भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज सिंह (18वें मिनट) गोलकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके तुरंत बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (20वें मिनट) गोलकर भारत को बढ़त दिला दी। हाफ-टाइम तक भारत 2-1 से आगे था।

भारत ब्रेक के बाद चीन के खिलाड़ियों दबाव बनाने का प्रयास और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (33वें मिनट) में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया। चीन ने जल्द ही शानदार जवाब दिया और अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे बेनहाई चेन (35वें मिनट) ने गोल में बदलकर स्कोर 3-2 कर दिया। अगले कुछ मिनटों तक भारत और चीन एक-दूसरे पर लगातार हमले करते रहे, जिसमें चीन का आक्रामक रुख काफी खतरनाक लग रहा था।

# हर खिलाड़ी समाज का हीरो राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा: योगी

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है।

हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। यहां आयोजित समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। श्री योगी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता उत्तर प्रदेश के 88 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की और सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों सहित नेशनल गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि जब



● **हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखना चाहिए: मुख्यमंत्री**

मेजर ध्यानचंद जी की बात आती है तो हर भारतीय के मन में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। 1928, 1932 और 1936 तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया।

### फर्नले को हराकर जेवेरेव यूएस ओपन के तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेवेरेव ने ब्रिटेन के जैकब फर्नले को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में जेवेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फर्नले पर 6-4, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगे जर्मन खिलाड़ी ने संयमित प्रदर्शन किया और पहले सेट के शुरुआती गेम में फर्नले की सर्विस तोड़ दी और पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा। जेवेरेव का अगला मैच तीसरे दौर में 25वीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स और गैर-वरीयता प्राप्त रूसी रोमन सफीउलिन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जेवेरेव ने कहा कि कोई भी मैच आसान नहीं होता। इन दिनों हर कोई शानदार खेल रहा है।

# पाकबड़ा पुलिस पर गिरी गाज

## प्रभारी निरीक्षक सहित छह पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कावड़ यात्रा के दौरान हुए एक एक्सीडेंट के मामले में लापरवाही बरतने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पाक बड़ा थाना प्रभारी समेत 6 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जा रहा है कि एक महिला की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा यह बड़ी कार्रवाई की गई है। थाना पाकबड़ा पुलिस पर गिरी गाज की इस कार्रवाई से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि एक महिला ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया था। महिला ने अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस अधिकारियों को बताया कि बताया उसका बेटा सावन मास में ब्रजघाट जल लेने गया था। इस दौरान थाना डिडौली जनपद अमरोहा क्षेत्र में उसका एक्सीडेंट हो गया था, दुर्घटना की



सूचना पर डिडौली पुलिस ने युवक को गंभीर हालत में मुरादाबाद के थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया और थाना पाकबड़ा पुलिस को सूचित भी किया था, इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। आरोप है कि थाना पाकबड़ा पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने के कोई प्रयास नहीं किए। परिजनों का यह भी आरोप है कि थाना पाक बड़ा पुलिस ने लावारिस में ही अंतिम संस्कार करा दिया। महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए थाना पाकबड़ा में तैनात छह पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इनमें थाना प्रभारी से लेकर महिला आरक्षी तक शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पाकबड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसएसआई सुरेंद्र सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज इजहार अली, दरोगा विशाल चौधरी, हेड मोहर्रिर अमित कुमार और महिला कांस्टेबल प्रिया को लाइन हाजिर कर किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल का कहना है कि ड्यूटी में लापरवाही और संवेदनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिनाख्त से लेकर अंतिम संस्कार तक पुलिस की जिम्मेदारी तय है, ऐसे में इस तरह की लापरवाही बेहद गंभीर है।

# श्रीराम कथा का महत्व बताया



**चन्दौसी।** नगर के बड़ा महादेव स्थित शिव मंदिर पर गणेश पंडाल में शुक्रवार को श्रीराम कथा का महत्व बताया गया जिसमें आचार्य कथा व्यास शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि हरि कृपा और संत कृपा से ही भक्ति की प्राप्ति हो सकती है। शिव, पत्नी सहित कथा सुनकर अगस्त्य मुनि के आश्रम से आ रहे हैं, मार्ग में श्रीराम सीता की खोज में जा रहे हैं। शिव ने राम को सच्चिदानंद कहकर प्रणाम किया। पत्नी सती को संशय हुआ कि पत्नी के वियोग में संसारी भोगी व्यक्ति सच्चिदानंद कैसे हो सकता है, शिव ने अनेक प्रकार से समझाया परंतु सती का संशय दूर नहीं हुआ तो शिव ने कहा कि परीक्षा ले लो। सती परीक्षा लेने गईं और सीता बनकर राम के सामने आईं तो श्रीराम ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया कि मैं दशरथ नंदन राम आपको प्रणाम करता हूं और आप जंगल में अकेली क्यों घूम रही हैं, भगवान शिव कहां हैं। तब सती को लगा कि यह राम भगवान ही हैं क्योंकि जो व्यक्ति बुद्धि और अहंकार के पूर्वाग्रह में बंद जाता है उसे सत्य के दर्शन नहीं होते। कथा में अमित, आशीष गुप्ता, आयुषी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, मयंक गुप्ता, दक्ष, उत्सव, अमित, मोनू, डॉ अमित गुप्ता, डॉ अशोक वर्मा, ज्ञानप्रकाश शर्मा, बंटू आदि मौजूद रहे।

# टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित हुआ मूवी मंत्रा ओबी इनसाइट फ्रॉम मूवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से मूवी मंत्रा- ओबी इनसाइट फ्रॉम मूवी नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम टिमिट के सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को फिल्मों के माध्यम से संगठनात्मक व्यवहार (ऑग्रेनाइजेशनल विहेवियर) के सिद्धांतों और प्रायोगिक पहलुओं को समझाना रहा। फिल्मों में प्रस्तुत विभिन्न परिस्थितियों और पात्रों के व्यवहार के आधार पर छात्र वास्तविक जीवन और प्रबंधन के सिद्धांतों के बीच की कड़ी को समझ सके। यह आयोजन विशेष रूप से बीबीए द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रबंधन एवं संगठनात्मक व्यवहार के महत्वपूर्ण पहलुओं को मनो. रंजक और शैक्षिक दृष्टिकोण से सीखने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय सदैव अपने छात्रों को नवीन और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहा है, जिससे विद्यार्थी भविष्य के व्यावसायिक जीवन में प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बन सकें। प्रो. विपिन जैन ने अपने उदबोधन में कहा कि मूवी मंत्रा जैसा अभिनव कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल मनोरंजक अनुभव प्रदान करा बल्कि उन्हें संगठनात्मक व्यवहार की गहन समझ भी प्रदान करना रहा। आज के समय में शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि उसे वास्तविक जीवन और व्यवहारिक अनुभवों से जोड़ना आवश्यक है।

इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को सोचने, विश्लेषण करने और व्यावहारिक ज्ञान को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं। मुझे विश्वास है कि यह आयोजन बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव साबित होगा।

# ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का भव्य आयोजन

### खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा भारत, रामपुर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में तथा भूतपूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरवीर यादव के पर्यवेक्षण में ब्लॉक बिलासपुर के ग्राम गजरौला में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का आयोजन उल्लास एवं अनुशासनपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ किया गया। इसके उपरान्त ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों के बीच विविध खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ हुआ, जिनमें प्रतिभागियों ने अदम्य उत्साह, सौहार्द एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं में कबड्डी का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें गजरौला टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का गौरव अर्जित किया, जबकि रायपुर टीम उपविजेता रही। लंबी कूद स्पर्धा में अरुण ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से प्रथम स्थान प्राप्त किया, शनि द्वितीय रहे और शिवा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी क्रम में



100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गौरव ने विजयी होकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, पंकज ने द्वितीय और सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सभी विजेताओं को आयोजन समिति द्वारा पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके उत्साह और मनोबल में और अधिक वृद्धि हुई। इस अवसर पर मेरा भारत, रामपुर के उपनिदेशक श्री माहे आलम ने अपने प्रेरक संदेश में कहा किख़ "खेल न केवल शरीर को स्वस्थ और मन को संतुलित रखते हैं।

बल्कि अनुशासन, परिश्रम, टीम भावना और आत्मबल का भी संचार करते हैं। मेजर ध्यानचंद जी का व्यक्तित्व और जीवन प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है। खेलो इंडिया नीति 2025 इसी संकल्पना को सशक्त बनाती है, जिसका उद्देश्य है कि प्रत्येक ग्राम, प्रत्येक युवा खेलों से जुड़कर स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। युवाओं को प्रतिदिन किसी न किसी शारीरिक गतिविधि में सम्मिलित होना चाहिए, ताकि फिट इंडिया अभियान के लक्ष्य को साकार किया जा सके।" ग्राम गजरौला में सम्पन्न इस आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं नरवीर यादव, मनदीप एवं बॉबी का उल्लेखनीय योगदान रहा, जिन्होंने कार्यक्रम को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण जनसमुदाय, विद्यार्थियों एवं निर्णायक मंडल की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को एक जीवंत और ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

## एक नजर

### खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार का तबादला शिवम गुप्ता होंगे छजलैट के खंड शिक्षा अधिकारी

**कांठ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद के खंड शिक्षा अधिकारियो का कार्य क्षेत्र बदला हैस छजलैट के खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार को बिलारी नगर मुरादाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता को छजलैट भेजा हैस जिलाधिकारी के प्रशासनिक आधार पर स्थानान्तरण हेतु प्राप्त अनुमोदन के अनुपालन में खण्ड शिक्षा अधिकारियों को विकास खण्ड आवंटित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया कि वह तत्काल अपने स्थानान्तरित/ आवंटित विकास खण्ड/क्षेत्र में कार्यभार ग्रहण करते हुए शासन एवं विभाग के निर्देशानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी पद के दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में जोन-वार विद्यालय आवंटन तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों के दायित्व आवंटन को जिलाधिकारी के अनुमोदन के आधार पर तत्काल प्रभाव से समाप्त कर, नगर क्षेत्र को एक इकाई के रूप में शासन द्वारा सृजित 04 पदों के सापेक्ष कार्यरत खण्ड शिक्षा अधिकारी से कार्य क्रियान्वित किये जाने के लिए आदेशित किया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद अजहरे आलम (बिलारी) को ग्रामीण मुरादाबाद, विकास कुमार (छजलैट) को बिलारी वेगीश सिंह गोयल (ग्रामीण मुरादाबाद) को नगर मुरादाबाद मनोज कुमार बोस (भगतपुर टाण्डा) को ठाकुरद्वारा,मोहित कुमार(ठाकुरद्वारा) को भगतपुर टांडा, शिवम गुप्ता नगर-मुरादाबाद (जोन-1,3) को छजलैट भेजा हैस शिवम गुप्ता ने बताया कि वह 10 तारीख तक अवकाश पर है उसके बाद चार्ज लेंगे।

### लालकिले का फोटो बिना पूछे लगाना पड़ा महंगा, मारपीट के बाद पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ।** उमरी कला के जुम्मे का बाजार निवासी तफसील पुत्र बशीर अहमद का कहना था कि उसका पुत्र अब्दुल्ला दिल्ली में शीशे का काम करता है किसी व्यक्ति ने रागिव पुत्र निजामुद्दीन मोहल्ला विद्याशाह के साथ लाल किले का खींचा हुआ फोटो वायरल कर दिया। आरोप है कि फेसबुक पर लगा फोटो देखकर रागिब ने अब्दुल्ला पर फोटो वायरल करने का आरोप लगा दिया और गाली गलौज करनी शुरू कर दी। 14 अगस्त को रागीव और वाहिद घर के दरवाजे पर आ गए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे।

आरोप तो यहां तक है कि रागिव ने फोन पर उसे और उसके लड़के को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी और वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर दी। पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाई शुरू की है।

### विकासखंड बनियाखेड़ा में आधुनिक पुस्तकालय निर्माण का शिलान्यास

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा परिसर में क्षेत्र पंचायत बनियाखेड़ा राज्य वित्त एवं केंद्र वित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत राज्यमंत्री गुलाब देवी व ब्लॉक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह के नेतृत्व में अनेक विकास कार्यों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र पंचायत निधि द्वारा विकासखंड बनियाखेड़ा परिसर में आधुनिक पुस्तकालय निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी व ब्लाक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह व विकास किशोर द्वारा किया गया। राज्यमंत्री द्वारा बताया गया कि यह पुस्तकालय ग्रामीण क्षेत्र की उन बच्चों के लिए शिक्षा में वरदान साबित होगा जो बच्चे आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते हैं या जिनके पास साधनों की कमी होती है। यह डॉ0 सुगंधा सिंह द्वारा शुरु की गई एक नई पहल है एवं बच्चों व ग्रामीण क्षेत्रों से पढ़ने एवं दूर दराज पैसा खर्च करने वाले के लिए फायदा मिलेगा। यह लाईब्रेरी फ्री वाई-फाई से लैस होगी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अमरजीत सिंह, रामपाल सिंह, दिनेश कुमार सिंह, राजपाल सिंह, गुडिया सैनी, पूजा राणा, रानी, कोमल, वीरेश, राजकुमार यादव, सुशील पाल, अंकुर अग्रवाल, मनोज कठेरिया, सुधीर मल्होत्रा, राजेन्द्र मौर्या, सुरेश शर्मा, जीराज पुरी, रिंकू दिवाकर, रामपाल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।




### गुमथल में मां चामुंडा देवी मंदिर पर हवन-यज्ञ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर पर शुक्रवार को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।

यह हवन गांव में बीमारियों से बचाव, सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना को लेकर हर साल कराया जाता है। हवन का संचालन पंडित रामकिशोर उपाध्याय ने पूरे विधि-विधान के साथ कराया। ग्रामवासी घर-घर से चंदा एकत्र कर मंदिर पर सामूहिक रूप से यह अनुष्ठान संपन्न कराते हैं।

इस अवसर पर पंडित रामकिशोर उपाध्याय, मोहनलाल प्रजापति, मोतीराम मौर्य, कन्हैयालाल, मोहनलाल मौर्य, चंद्रपाल, राकेश कुमार दिवाकर, रामगोपाल, पोशाकी लाल, रामबाबू गुप्ता, करन सिंह, प्यारेलाल, मदनलाल, तेजपाल, रामकुमार अहेरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आस्था के सागर में डूबा टीएमयू का रिद्धि-सिद्धि भवन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पर्वाधिराज दश लक्षण महामहोत्सव पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में उत्तम मार्दव के दिन रिद्धि-सिद्धि भवन में आस्था की बयार बही। उत्तम मार्दव धर्म पर नवदेवता पूजन, सोलहकारण पूजन और दशलक्षण पूजा हुई। नंदीश्वर द्वीप पूजन का अर्घ्य भी चढ़ाया। प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में विधि-विधान से हुए धार्मिक अनुष्ठानों में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, श्री अक्षत जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। प्रथम स्वर्ण कलश से अभिषेक का सौभाग्य श्री पर्व जैन को मिला। जीवीसी श्री मनीष जैन ने स्वर्ण कलश से अभिषेक और शांतिधारा करने वालों को सम्मानित किया। ईडी श्री अक्षत जैन ने द्वितीय कलश से अभिषेक और शांतिधारा वालों को, जबकि श्रीमती जाह्नवी जैन ने अष्ट कुमारियों को सम्मानित किया। अष्ट कुमारी का सौभाग्य गुणिका जैन, सिमी जैन, आयुषी जैन, समीक्षा जैन, कुमकुम जैन, झलक जैन, रिया जैन, मान्या जैन को मिला। भोपाल के सचिन जैन एंड पार्टी के भक्तिमय गीतों पर श्रावक-श्राविकाएं भक्ति में झूम उठे। द्वितीय स्वर्ण कलश से श्री दृश्य जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से श्री अक्षत जैन, चतुर्थ स्वर्ण कलश से श्री आयुष जैन को अभिषेक करने का सौभाग्य



प्राप्त हुआ। प्रथम स्वर्ण शांतिधारा का सौभाग्य श्री हर्ष मोदी, श्री सुरेंद्र जैन, श्री काव्य जैन, श्री उत्कर्ष जैन, श्री अनंत जैन, श्री कृष जैन, श्री संस्कार जैन, श्री कृष्णा जैन को मिला। द्वितीय रजत शांतिधारा का पुण्य श्री मयंक जैन, श्री उत्कर्ष जैन, श्री वीर जैन, श्री हर्ष जैन, श्री रो. मिल जैन, श्री अक्षत जैन, श्री अर्पण जैन, श्री अंसत जैन, श्री स्नेहशु जैन ने कमाया। रिद्धि-सिद्धि भवन में शास्त्री जी ने श्रावक-श्राविकाओं को बताया, आचार्य जयसेन स्वामी ने प्रतिष्ठा पाठ में लिखा है कि भगवान का आह्वान कैसे किया जाए और स्थापना कैसे की जाए। प्रतिष्ठाचार्य ने अर्घ्य का मतलब भी बताया। वह बोले, संसार में किसी बात का अभिमान नहीं करना चाहिए, क्योंकि सब नश्वर है। विद्या ददाति विनयम श्लोक के माध्यम से विनय की महत्ता बताई। आज का नियम याद दिलाते हुए बताया, कल तक दर्पण नहीं देखना है। दूसरी ओर दिव्यघोष के बीच संध्या आरती जिनालय से रिद्धि-सिद्धि भवन तक लाई गयी। यह आरती लाने का सौभाग्य एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी और जैन स्टुडेंट्स को मिला। रिद्धि-सिद्धि में पंच परमेष्ठी और आदिनाथ भगवान की आरती की हुई। अंशिका जैन और परी मोदी जैन ने भक्तांबर पाठ का वाचन किया। सीसीएसआईटी के स्टुडेंट्स की ओर से सांस्कृतिक संध्या पर ऑडी में मोक्ष के प्रेमी नाटक के जरिए आध्यात्मिक सार को समझाया। इसके तहत अकलंक-निकलंक आचार्य, तुमाल मुनि की कथा और पांडव वैराग्य की कथा का मंथन किया। नाटक के जरिए स्टुडेंट्स ने बताया, ऋषि और प्रबुद्ध आत्माएं, असीम संयम और क्षमा के जरिए मोक्ष की खोज में सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठ जाते हैं। आध्यात्मिक आनंद का सफर नृत्य के जरिए आध्यात्मिक जागृति और आंतरिक शांति से उत्पन्न होने वाले शाश्वत आनंद को खूबसूरती से चित्रित किया। प्रस्तुतियों के जरिए स्टुडेंट्स ने बताया, क्षमा ही वीरों का सच्चा आभूषण है। यह एक ऐसा गुण जो क्षमा करने वाले और क्षमा पाने वाले दोनों का उत्थान करता है। दैनिक जीवन में उत्तम क्षमा का अभ्यास करना आवश्यक है। आध्यात्मिक विकास करुणा से शुरू होता है। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। संचालन सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. आदित्य जैन ने किया। महोत्सव में वीसी प्रो. वीके जैन, ब्रहमचारिणी दीदी डॉ. कल्पना जैन, डॉ. करुणा जैन, श्री मनोज जैन, प्रो. निशीथ मिश्रा, श्री विपिन जैन, डॉ. रवि जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. आशीष सिंघई, डॉ. एसके जैन, डॉ. अक्षय जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्रीमती मो. निका जैन, श्रीमती स्वाति जैन, डॉ. विनीता जैन, श्रीमती निकिता जैन, श्रीमती अंजलि सिंघई, श्रीमती आरती जैन उपस्थित रहे।

# उप्र में अपराधों का ग्राफ बढ़ा : विनोद गुम्बर



**मुरादाबाद।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर ने कहां की प्रदेश में अपराध का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है प्रदेश सरकार अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही है चौमुखा पुल स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेशर रूबरू होते हुए जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर ने कहां कि प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपराधों को रोकने में नाकाम रही। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने मैं अगस्त माह में हुई घटनाओं के संबंध में बताते हुए कहा जितनी भी घटनाएं मुरादाबाद में घटित हुई वह दिल को दहलाने वाली थी । अपराधियों को पुलिस रोकने में नाकाम साबित हुई ।उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता हाजिक्रम कुरैशी को गलत तरीके से फसाने की कोशिश की जा रही है और अमरोहा निवासी कांग्रेस नेता सचिन चौधरी को भी फसाया जा रहा है यह सब सरकार की नाकामी को साबित करते हैं ।उन्होंने कहा कि जितने अपराध पूरे हिंदुस्तान में हो रहे हैं उसके 20% अपराध केवल उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज ना बहन बेटी सुरक्षित है और ना छोटे बच्चे। जिधर देखो उधर अपराध दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने मुरादाबाद की घटनाओं को याद दिलाते हुए कहा कि हर हफ्ते कोई ना कोई ऐसी घटना हो जाती है। जिससे लोगों का दिल बहल जाता है उन्होंने कहा कि प्रदेश में उन्हीं की पार्टी के नेता भी अब सुरक्षित नहीं है सेक्स रैकेट खुलेआम चल रहे हैं छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं प्रशासन रोकने में नाकाम साबित हो रहा है इस अवसर पर कांग्रेस महानगर कमेटी के अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम ने कहा कि बदमाश खुलेआम घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ।जिसके कारण शहर की सुरक्षा व्यवस्था खतरा बढ़ रहा है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था के खड़े इंतजाम किए जानी चाहिए। अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्षद मुअज्जम अली मोहसिन खान आदि मौजूद थे।

# युवाओं को मेजर ध्यानचंद के जीवन को समझना होगा: अंकित कुमार



**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत मुरादाबाद व संभल के तत्वावधान में राष्ट्रीय क्रीड़ा दिवस के अवसर पर भव्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन क्या गया। कार्यक्रम के दौरान रेली, विचार गोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता, के अलावा खेल-कूद की प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया इस कार्यक्रम के बारे में गहराई से जानकारी देते हुए उप निद. ेशक अंकित कुमार गौर मेरा युवा भारत मुरादाबाद मंडल विभाग के द्वारा सभी जनपदों में मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल-कूद की प्रतियोगिताओं के अलावा अन्य आयोजन किए जा रहे हैं, ताकि मेजर ध्यानचंद के द्वारा खेल के क्षेत्र में किए गये योगदान के बारे में गंभीरता से बताया जा सके इस कार्यक्रम के दौरान मुरादाबाद, संभल जनपदों में दौड़ की प्रतियोगिताये व विचार गोष्ठी की गई ताकि युवाओं को मेजर ध्यानचंद के जीवन एवं उनके प्रयासों का परिणाम से युवाओं को जागरुक किया इस कार्यक्रम इस तक के बारे में अधिक जानकारी देते हुए कार्यक्रम सहायक रंजीत कुमार सैनी ने बताया कि जनपद मुरादाबाद के साथ-साथ आस-पास के सभी जनपदों में इस कार्यक्रम को हमारे युवा क्लब के सदस्यों के द्वारा बेहद अपनत्व के साथ मनाया गया मेजर ध्यानचंद के प्रति युवाओं में बढ़ती जागरुकता इस बात का उदाहरण है, कि आज के युवा ऐसी नायकों को अपना आदर्श मानने लगे हैं।

आज कार्यक्रम जिला मुख्यालय मुरादाबाद से लगभग 70 कि.मी दूर बलिया गाँव के बिकासखंड ठाकुरद्वारा आयोजित किया गया जहां उपनिदेशक अंकित कुमार गौर उनके साथ -साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारी दीपक शर्मा भी उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में स्थानीय युवा क्लबों के अलावा स्थानीय निकाय पंचायत का भी सहयोग प्राप्त हुआ कार्यक्रम में अमित कुमार, विकास कुमार, चंद्रसिंह चंचल ,साक्षी ,अर्चना, ज्योति ,निशा सालू सपना आदि का सहयोग रहा



शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शनिवार, 30 अगस्त 2025

## बदजुबानी पर जंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बिहार की राजनीति में उबाल आ गया है। शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में उस समय भिड़ गए, जब पटना स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया नेता सहित 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। ये सभी मांग कर रहे थे कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी पर अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर माफी मांगें। यूं तो राजनीति में विचारधारा व मुद्दों की लड़ाई होती है और उसके लिए बेतुकी तू-तड़ाक की बयानबाजी के लिए कोई जगह नहीं बचती है, लेकिन हो इसके उलट रहा है। बयानबाजी का स्तर राजनीति में लगातार घटता जा रहा है। इस पर सभी को सोच-विचार करना चाहिए। विडंबना यह है कि इस बयानबाजी में कोई भी राजनी. तिक दल का नेता पीछे नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यह चलन और अधिक बढ़ गया है और इस पर लगाम लगती दिखाई नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह बिल्कुल सही है कि जिस तरह की तू तड़ाक की भाषा राहुल अपनी वोट अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। भाषा शालीन होनी चाहिए, लेकिन यह मानने में भी कोई हर्ज नहीं है कि इसकी शुरुआत खुद पीएम मोदी ने की थी। इस तरह के आरोप कांग्रेस व अन्य विपक्षी लगा भी रहे हैं। आखिर इस बात को कौन भूल सकता है कि कांग्रेस की विधवा, 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, जर्सी गाय, खूनी पंजा, सूर्पणखा की हंसी, दीदी औ दीदी आदि बातें पीएम मोदी खुद कह चुके हैं। इस बीच प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के आरोपी युवक को गिरफ्तार भी किया गया। दरभंगा पुलिस ने भोपुरा गांव निवासी अनीस कुरैशी के पुत्र मौ. रिजवी को गिरफ्तार किया है। अन्य गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। यह देखना भी बेहद दुखद है कि राहुल की टिप्पणी के बीच ही तृणमूल कांग्रेस सांसद मऊआ मोइत्रा का बयान भी शुक्रवार को सामने आया। जिसमें उन्होंने नादिया जिले में घुसपैठ पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। उनके इस बयान को लेकर बखेड़ा हो गया है। अपनी एक पोस्ट शेयर करते हुए तृणमूल नेता ने कहा है कि उनका देश के गृहमंत्री अमित शाह से साफ सवाल है कि वह बार-बार कहे जा रहे हैं घुसपैठिया, घुसपैठिया...। हमारा जो बोर्डर है उसकी रखवाली जो एजेंसी कर रही है वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आती है। उन्होंने पोस्ट में 15 अगस्त को लालकिले से दिए बयान का हवाला दिया जिसमें कहा कि घुसपैठ हो रही है और उसकी वजह से डेमाग्राफिक चेंज हुए, तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की ही तो बनती है। उनके अनुसार अगर गृह मंत्री भारतीय सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते और खुद पीएम बोल रहे हैं कि बाहर से आकर लोग हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं, हमारी जमीन छीन रहे हैं, तो फिर यह गलती किसकी है।

### महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है संघ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर पूछना चाहते हैं कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है, सभी की अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं, 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंद. ुओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं, ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो, आप कौन होते हैं, लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है, संघ समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है।

**-असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम**

## असली यानि जैविक पिता का सवाल



आपको कैसा लगेगा यदि अचानक आपको पता चले कि आप जिस व्यक्ति को अपना पिता मानते आए हैं, वह जैविक रूप से आपका पिता नहीं है। छोटे समय की बात छोड़िए, लेकिन यदि आपको अपनी कई पीढ़ियों की वंशावली में यह देखने को मिले कि उसमें किसी पीढ़ी में किसी संतान का पिता वह नहीं था, जिसे सामाजिक या कानूनी रूप से पिता माना गया था। इसी के साथ यह बात भी जुड़ जाती है कि कोई भाई-भाई, बहन-बहन या भाई-बहन वास्तव में सहोदर हैं या नहीं।

पितृत्व (जैविक तथा सामाजिक) का यह सवाल कई संस्कृतियों-समाजों में बहुत अहमियत रखता है। तो बेल्जियम स्थित केयू ल्यूवेन विश्वविद्यालय के जेनेटिक विज्ञानी मार्टेन लारमूसौ Maarten Larmuseau ने इस विषय की जांच-पड़ताल करने का विचार किया। सवाल था, कितने मामलों में महिला उन पुरुषों के साथ बच्चे पैदा करती हैं, जिनकी वे संगिनी नहीं हैं?

अधिकांश समाजों में सहोदर सम्बंध काफी हद तक सामाजिक रूप से निर्मित होते हैं। इनमें दत्तक संतान या सौतेले परिवार भी शामिल होते हैं। लेकिन जैविक पिता के सवाल सहस्राब्दियों से परिवारों को तहस-नहस करते रहे हैं और सांस्कृतिक चिंताओं का कारण बनते रहे हैं। पारिवारिक-सामाजिक मुद्दों के अलावा बच्चे के जैविक पिता के बारे में जानना कभी-कभी अपराध विज्ञान या चिकित्सा दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह संभव है कि किसी बच्चे के पिता को लेकर संशय महिला द्वारा इराद. तन किसी अन्य पुरुष से सम्बंध का परिणाम हो, लेकिन इस संदर्भ में यौन हिंसा अथवा दबाव के तहत यौन सम्बंधों को भी नकारा नहीं जा सकता। कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है कि कानूनी पिता को मालूम होता है कि वह जैविक पिता नहीं है। ऐसे सारे प्रकरणों के लिए लारमूसौ जिस शब्द का इस्तेमाल करते हैं, वह है दंपति-इतर पितृत्व इसमें वे दत्तक अथवा विवाहेतर जन्मों को शामिल नहीं करते हैं, जहां पिता की जैविक पहचान ज्ञात होती है। उन्होंने यह जानने के लिए एक तकनीक विक. सित की है कि दंपति-इतर पितृत्व कितना सामान्य है। सामाजिक रूप से संवेदनशील होने के कारण आम तौर पर जीव वैज्ञानिक मनुष्यों के संदर्भ में इस विषय को टाल देते हैं, हालांकि पशु-पक्षियों में यह अनुसंधान का एक प्रमुख विषय रहा है। तो लारमूसौ ने क्या विधि अपनाई थी दंपति-इतर पितृत्व के आकलन के लिए? इस खोजबीन का एक मजेदार अध्याय मशहूर पाश्चात्य संगीतकार बीथोवन से जुड़ गया था।

दरअसल, पीएचडी छात्र के रूप में लारमूसौ ने बाल्टिक और भूमध्यसागर में पाई जाने वाली एक मछली प्रजाति पर शोध किया था। सैण्ड गोबी, गोबी के नर संतानोत्पत्ति में काफी योगदान देते हैं। वे घोंसला बनाते हैं और निषेचित अंडों की देखभाल करते हैं। दूसरी ओर, मादा तो अंडे देकर निकल जाती है। हां, यह जरूर है कि नर गोबी कभी-कभार अन्य नरों द्वारा बनाए गए घोसलों में घुसकर अंडों को निषेचित करके नौ-दो-ग्यारह हो जाता है। नतीजतन उस घोंसले का निर्माता नर किसी अन्य की संतानों की परवरिश करता है। इसके चलते सैण्ड गोबी दंपति-इतर पितृत्व के अध्ययन के लिए उम्दा जंतु माना जाता है।

एक अपराध विज्ञान प्रयोगशाला में काम करते हुए लारमूसौ के मन में विचार आया कि मनुष्यों में इसी तरह का व्यवहार हो तो उसके चलते डीएनए विश्लेषण की मदद से लाशों की पहचान तथा अपराधों के अन्वेषण में मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। लेकिन उस विषय में बात करना बहुत कठिन था। पशु-पक्षियों के बारे में तो दंपति-इतर पितृत्व को लेकर काफी साहित्य उपलब्ध है, लेकिन इन्सानों के बारे में हम ज्यादा नहीं जानते।

प्रामाणिक आंकड़ों के अभाव में वैज्ञानिक अटकलों का सहारा लेते थे। जैसे जीव वैज्ञानिक जेरेड डायमंड ने अपनी पुस्तक दी थर्ड चिम्पैंजी: दी इवॉल्यूशन एंड फ्यूचर ऑफ ह्युमैन एनिमल में दावा किया था कि इन्सानों में सामाजिक रूप से मान्य सम्बंधों के बाहर यौन सम्बंध लगभग 5 से 30 प्रतिशत होते हैं। इसी प्रकार से, रीडिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक मार्क पेजल ने कहा था कि जन्म के समय मानव शिशुओं के बीच भेद करने में मुश्किल जैव विकास के दौरान विकसित हुई है ताकि उनकी वास्तविक वल्दियत उजागर न हो।


अंततः एक आम सहमति उभरी जो मूलतः जेनेटिक पितृत्व निर्धारण के शुरुआती प्रयासों पर आधारित थी। दी लैंसेट में प्रकाशित एक लेख में सैली मैकिन्टायर और एनी सूमैन ने बताया था कि लगभग 10 प्रतिशत बच्चे विवाहेतर सम्बंधों के परिणाम होते हैं। हालांकि इस आंकड़े के सत्यापन अथवा खंडन के लिए ठोस आंकड़े नहीं थे लेकिन पत्रकार और शोधकर्ता इसे बार-बार दोहराते रहे और यह स्थापित तथ्य बन गया, लेकिन यदि 10 प्रतिशत विवाहेतर संतानों का आंकड़ा सही है, तो कई वंशावलियां बेकार हो जाएंगी। रोचक बात यह रही कि स्वयं लारमूसौ के पर-काका अपने परिवार का इतिहास जानने को उत्सुक थे लेकिन 10 प्रतिशत की बात सुनकर उनका उत्साह जाता रहा था। अलबत्ता, लारमूसौ लगे रहे। पहले उन्होंने अपने ही परिवार का इतिहास खंगाला। अंततरू उन्होंने अपनी सोलह से अधिक पीढ़ियों के हजारों पूर्वजों का एक चार्ट बना लिया। वे सोचने लगे कि कहीं जेरेड डायमंड और अन्य शोधकर्ता सही तो नहीं हैं? और इनमें से कितने सामाजिक व कानूनी पूर्वज उनके जैविक पूर्वज भी हैं। इस संदर्भ में मौजूदा प्रमाण विवादास्पद हैं। पितृत्व जांच पर आधारित अनुमान पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं, क्योंकि जो लोग पैसा खर्च करके ऐसे परीक्षण करवाते हैं, उनके मन में पहले से ही दंपति-इतर संतान होने की शंका रहती है। अस्थि मज्जा दानदाताओं के सैम्पल्स तथा अन्य स्रोतों से पता चलता था कि आधुनिक आबादियों में दंपति-इतर संतानोत्पत्ति की दर कम है, लेकिन वह शायद यौन-सम्बंधों को लेकर व्यवहार में परिवर्तन की वजह से नहीं बल्कि आधुनिक गर्भनिरोधकों की उपलब्धता के कारण भी हो सकता है और सड़क चलते लोगों से उनके यौन व्यवहार के बारे में पूछना 'आ बैल सींग मार' जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। यानी वर्तमान का अध्ययन करना कठिन है और लारमुसौ ने अतीत का रुख किया।

उन्होंने 2009 में स्थानीय स्तर पर 1400 के दशक से शुरू करके वंशावलियां एकत्रित कीं। इसमें उन्हें बेल्जियन व डच वंशावली तथा विरासत को लेकर उत्साहित लोगों की मदद मिली। फिर उन्होंने स्वतंत्र रूप से इन वंशावलियों का सत्यापन किया। जब शौकिया लोगों के पास जानकारी नहीं थी, तो उन्होंने जनगणना के आर्काइव्स को खंगाला और फ्लेमिश व डच गिरजाघरों में विवाह तथा बप्तिज्मा के रिकॉर्डों को खंगाला। पुराने दस्तावेजों से शुरू करके लारमूसौ ने आज जीवित ऐसे हजारों पुरुषों को ढूंढ निकाला जो वंशावली रिकॉर्ड के मुताबिक अपने पिता की ओर से दूर के रिश्तेदार होना चाहिए। अगला कदम यह था कि उनके डीएनए प्राप्त करके इस अधिकारिक विरासत की जांच की जाए। इसके लिए जरूरी था कि उन व्यक्तियों से संपर्क हो पाए। इस काम में स्थानीय इतिहास समितियों ने उनकी मदद की। कई बार तो ऐसा भी हुआ कि लारमूसौ ने उन व्यक्तियों को फोन कर दिया या सीधे उनके घर का दरवाजा खटखटाया। साथ में वे डीएनए सैम्पल लेने के लिए जरूरी सामान और सम्मति पत्र भी लेकर पहुंचे। कभी-कभी तो गांव में एक ही सरनेम वाले व्यक्तियों से कहा कि वे अपने डीएनए परीक्षण करवा लें। एक ही सरनेम से वे मानकर चले थे कि वे सारे व्यक्ति पिता की ओर से पारिवारिक सम्बंधी होंगे। एक साल में उन्होंने 300 परिवारों से संपर्क किया और पुरुषों को बता दिया कि वे उनके पूर्वजों में दंपति-इतर सम्बंधों की तलाश कर रहे हैं। यदि थोड़ी भी हिचक दिखी तो उस परिवार को अध्ययन में शामिल नहीं किया। मुंह से लिए गए स्वाब में वाय गुणसूत्र मिला। गौरतलब है कि वाय गुणसूत्र पिता से पुत्र को मिलता है। और यह प्रक्रिया पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहती है। एक पीढ़ी से अगली को हस्तांतरित होते समय इस वाय गुणसूत्र में कोई परिवर्तन नहीं आता।

नतीजतन, यदि दो व्यक्ति ऐसे मिलते हैं, जिनके वाय गुणसूत्र मेल खाते हैं तो उनका कोई दादा, पर-दादा, पर-पर-दादा एक ही होगा, भले ही उन दोनों व्यक्तियों को इसकी भनक तक न लगी हो। लेकिन इसका उलट भी होता था। किन्हीं दो व्यक्तियों की वंशावली तो बताती थी कि उनमें वाय गुणसूत्र का मिलान होना चाहिए लेकिन होता नहीं था। यदि वाय गुणसूत्र मेल नहीं खाते थे, तो इसका मतलब है कि बीच में कभी तो कोई 'अन्य' पुरुष शामिल था। लारमूसौ के लिए यह इस बात का प्रमाण होता था कि उस वंशवृक्ष में कम से कम एक मामला दंपति-इतर पितृत्व का रहा होगा। फिर उन्होंने सांख्यिकीय मॉडल की मदद से यह निर्धारण करने का प्रयास किया कि यह घटना कितनी पीढ़ियों पूर्व हुई होगी। 2013 में एक प्रारंभिक अनुमान प्रकाशित करने के बाद भी वे आंकड़े एकत्रित करते रहे। 2019 में उन्होंने करंट बायोलॉजी में एक शोध पत्र प्रकाशित किया। यह शोधपत्र दूर के रिश्तेदार 513 पुरुष जोड़ियों के वाय गुणसूत्र की जांच पर आधारित था। इसमें लारमूसौ ने अनुमान व्यक्त किया था कि बेल्जियम और नेदरलैंड में पिछले 500 वर्षों में दंपति-इतर पितृत्व की दर लगभग 1.5 प्रतिशत रही।

**-डॉ. सुशील जोशी**
**(स्रोत फीचर्स)**

## जन्नत से कम नहीं हैं भारत की ये सुंदर झीलें



गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

**बड़ी लेक**

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

**नैनी झील**

नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**हुसैन सागर झील**

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।


**लोकटक झील**

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।

**टारसर झील**

जम्मू-कश्मीर में टारसर झील मौजूद है, जोकि काफी ज्यादा खूबसूरत है। यह झील पर्वतीय इलाके में जमीन से करीब 3,795 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। टारसर झील के आसपास बड़े-बड़े पहाड़ हैं।

## समुद्र से शुरुआत और धरती पर जीवन का पहला कदम



लगभग 40 करोड़ साल पूर्व सबसे पहले कशेरुकी जीव समुद्र में रहते थे। उस समय मछलियां ही समुद्र की सबसे बड़ी जीव थीं, लेकिन उनमें जमीन पर चलने के लिए मजबूत टांगें विकसित नहीं हुई थीं। वैज्ञानिकों का मानना था कि विकास की प्रक्रिया में काफी समय लगा जिसके बाद मछलियां जमीन पर आईं। लेकिन पोलैंड में हुई एक खोज से पता चला है कि कुछ मछलियों ने हमारी सोच से कहीं पहले ही जमीन पर जीने की कोशिश की थी।

2021 में वैज्ञानिकों को पोलैंड स्थित होली क्रॉस पर्वतों में अजीब से जीवाश्म निशान मिले। यह पत्थर कभी समुद्र तट का हिस्सा थे। इनमें 240 से ज्यादा गड्ढे और खरोंचें मिलीं। जांच से पता चला कि यह निशान शायद मछलियों के जमीन या बहुत उथले पानी पर रेंगते हुए बने थे। यह जीवाश्म 41 से 39.3 करोड़ साल पुराने हैं यानी पहले मिले सबूतों से करीब 1 करोड़ साल पहले।

यह निशान आज की लंगफिश से बहुत मिलते-जुलते हैं। लंगफिश ऐसी मछली है जो हवा में सांस ले सकती है और अपने मीनपक्षों का इस्तेमाल करके जमीन पर रेंग सकती है। माना जाता है कि लंगफिश थलचर चौपाया जीवों के शुरुआती पूर्वजों की करीबी रिश्तेदार है। चलने के लिए यह मछली अपना मुंह जमीन पर टिकाकर लीवर की तरह दबाती है और फिर मीनपक्ष और पूंछ की मदद से शरीर को आगे खींचती है। यही अजीब तरीका पोलैंड में मिले जीवाश्मों के निशानों से मेल खाता है।

अध्ययन के मुख्य लेखक और पोलिश जियोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक पिओत्र श्रेक बताते हैं कि ऐसा तभी संभव था जब वे पूरी तरह पानी के उछाल पर निर्भर नहीं रह गई हों। वैज्ञानिकों की टीम ने इन जीवाश्मों के निशानों को बारीकी से समझने के लिए 3-डी स्कैनिंग की। फिर उन्होंने इनकी तुलना आज की पश्चिम अफीकी लंगफिश द्वारा बनाए गए निशानों से की। नतीजा यह रहा कि नाक, पंख, पूंछ और शरीर के हिस्सों से बने दबाव के निशान लगभग वैसे ही मिले। इससे साफ हुआ कि प्राचीन समय की कुछ मछलियां लंगफिश जैसी ही रही होंगी।

एक और दिलचस्प बात यह सामने आई- वैज्ञानिकों को 'हैंडेडनेस' यानी शरीर के एक ओर की वरीयता के सबूत भी मिले। 240 निशानों में से 36 में सिर झुकाने के संकेत थे, जिनमें से 35 बाईं ओर झुके थे। इसका मतलब यह हो सकता है कि वे मछलियां ज्यादातर बाईं ओर झुककर चलती थीं, ठीक वैसे ही जैसे इंसानों में कोई दाएं या बाएं हाथ का ज्यादा इस्तेमाल करता है। यह जानवरों में 'हैंडेडनेस' का अब तक का सबसे पुराना प्रमाण हो सकता है।

अलबत्ता, एक तर्क यह है कि आज की लंगफिश 40 करोड़ साल पुरानी मछलियों से बहुत अलग हैं, इसलिए सीधे-सीधे तुलना मुश्किल है। चीन और ऑस्ट्रेलिया में मिले ऐसे ही जीवाश्मों पर अधिक शोध इन निष्कर्षों की पुष्टि करने में सहायक हो सकते हैं। बहरहाल, यह खोज हमें याद दिलाती है कि विकास कभी सीधी रेखा में नहीं होता।

### ग्लोबल वार्मिंग पर विवादित रिपोर्ट से मचा हंगामा

हाल ही में अमेरिका के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट से बड़ी बहस छिड़ गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग से होने वाला आर्थिक नुकसान पूर्व मान्यता की अपेक्षा कम होगा। लेकिन कई वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रिपोर्ट जलवायु विज्ञान को गलत तरीके से पेश कर रही है और इसका मकसद अमेरिकी सरकार को 2009 के उस अहम फैसले को रद्द करने में मदद करना है, जिसमें ग्रीनहाउस गैसों को जन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना गया था।

गौरतलब है कि बराक ओबामा के कार्यकाल में पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी ने ठोस सबूतों के आधार पर निष्कर्ष दिया था कि कार्बन डाईऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसें इंसानों और पर्यावरण के लिए हानिक. ारक हैं, और इसी के आधार पर वाहनों, बिजली संयंत्रों और अन्य स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण के नियम बने थे, लेकिन अब सरकार इस फैसले को पलटने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप जलवायु परिवर्तन को शिगूफा करार दे चुके हैं। यह रिपोर्ट ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने पांच व्यक्तियों से तैयार करवाई है। इनमें वायुमंडलीय वैज्ञानिक जॉन क्रिस्टी, जलवायु वैज्ञानिक जूडिथ करी, भौतिक विज्ञानी स्टीवन कूनिन, अर्थशास्त्री रॉस मैक्किट्रिक व मौसम वैज्ञानिक रॉय स्पेंसर शामिल हैं। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा है कि वे तथ्यों पर आधारित खुली और पारदर्शी चर्चा के लिए तैयार है, और अगर गंभीर वैज्ञानिक सुझाव मिलते हैं तो रिपोर्ट में बदलाव किया जाएगा। एजेंसी ने इस दस्तावेज को जनता और विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के लिए 2 सितंबर तक खुला रखा है, लेकिन कई वैज्ञानिक नाराज हैं। एरिजोना विश्वविद्यालय की महासागर विज्ञानी जोएलेन रसेल का मानना है कि यह रिपोर्ट विज्ञान को आगे बढ़ाने की बजाय दबा रही है। फिलहाल कई शोधकर्ता रिपोर्ट के हर दावे का एक तथ्यात्मक जवाब तैयार कर रहे हैं। इस मामले में टेक्सास स्थित यह एंड एम यूनिवर्सिटी के एंड्रयू डेस्लर सुप्रीम कोर्ट तक जाने को तैयार हैं। कुछ वैज्ञानिक बताते हैं कि वर्तमान जलवायु खतरे के सबूत पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। ऐसे में इस तरह की रिपोर्ट दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि ट्रंप प्रशासन जोखिम सम्बंधी निष्कर्ष को रद्द करने में सफल हो जाता है, तो पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी का ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने का अधिकार समाप्त हो सकता है। इससे जलवायु प्रदूषण व परिवर्तन पर कानूनी कार्रवाई मुश्किल हो जाएगी, और वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव और अधिक बदतर हो जाएगा। जलवायु वैज्ञानिकों के लिए यह लड़ाई सिर्फ एक रिपोर्ट की नहीं है बल्कि दशकों के शोध परिणामों की रक्षा, विज्ञान पर भरोसा बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की है कि सार्वजनिक नीतियां ठोस सबूतों पर आधारित हों, न कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिनपिंग की एक सीक्रेट चिट्ठी ने सुधारे भारत-चीन के रिश्ते

## राष्ट्रपति मुर्मू को लिखा: हम ट्रम्प के टैरिफ से परेशान, फिर तय हुआ पीएम मोदी का चीन दौरा

**नई दिल्ली/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने अमेरिका-भारत सौदों से चीन के हितों को हो सकने वाले नुकसान पर चिंता जताई थी। यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। दरअसल, मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था। चिट्ठी के जरिए उन्होंने दोनों देशों के संबंधों में सुधार की संभावनाएं टटोली थीं।

इसके बाद ही दोनों देशों के संबंध बेहतर होने शुरू हुए। इसके कुछ महीने बाद मोदी के चीन जाने का प्लान बना। ट्रम्प ने मार्च में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद उन्होंने 2 अप्रैल को 70 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया। रिपोर्ट में एक भारतीय अधिकारी के हवाले से दावा किया गया है कि यह चिट्ठी पीएम मोदी तक भी पहुंचाई गई थी, ताकि वे इस बात का आकलन कर सकें कि रिश्तों को बेहतर बनाने की कितनी संभावनाएं हैं। चिट्ठी में चीन ने खास तौर पर इस चिंता को जताया था कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाला कोई भी समझौता चीन के हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें में यह भी लिखा गया था कि बीजिंग की ओर से संबंध सुधारने की कोशिशों का नेतृत्व एक प्रांतीय अधिकारी करेगा।



> मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था

ब्लूमबर्ग का कहना है कि जून तक भारत ने जिनपिंग की चिट्ठी का कोई ठोस जवाब नहीं दिया था, लेकिन तब हालात तेजी से बदले भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक बातचीत विवादों में फंस गई। मैगजीन ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया कि भारत खास तौर पर दो बातों से नाराज था। पहले तो ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया, जिसे भारत ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत की स्थिति को कमजोर करने की कोशिशों से मोदी सरकार पहले ही नाराज थी, फिर इसके बाद भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया। इन दोनों फैसलों ने भारत-अमेरिका संबंधों में असंतोष और तनाव को हवा दी थी। इसके बाद भारत ने जून में चीन की ओर से आई पहल का गंभीरता से जवाब देना शुरू किया। इसके बाद हालात तेजी से बदले। अगस्त आते-आते भारत और चीन ने 2020 के गलवान घाटी संघर्ष से आगे बढ़ने के लिए सीमा विवाद सुलझाने की कोशिशों को दोगुना करने पर सहमति जताई। और अब पीएम मोदी सात साल बाद चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट यह भी मानती है कि ट्रम्प के टैरिफ से पहले ही भारत और चीन गंभीर बातचीत में जुटे हुए थे। पिछले साल दोनों देशों ने लद्दाख में जारी गतिरोध को आंशिक तौर पर हल करने के लिए एक समझौता किया था। इसी समझौते ने मोदी और शी जिनपिंग की पहली सीधी मुलाकात का रास्ता खोला। अब प्रधानमंत्री मोदी शंघाई कोआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) समिट के लिए चीन जा रहे हैं। वहां उनकी मुलाकात जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से होगी। इस मुलाकात को अमेरिका कड़ी नजर से देख रहा है, क्योंकि यह उसके लिए रणनीतिक चिंता का विषय बन सकता है।

## अमेरिका में सिख ने सड़क पर तलवार लहराई, पुलिस ने गोली मारी, मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लास एंजिलिस में एक सिख को सड़क पर तलवार लहराने पर पुलिस ने गोली मार दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह घटना 13 जून की बताई जा रही है। शख्स की पहचान गुरप्रीत सिंह के तौर पर की गई है। इस घटना का वीडियो लास एंजिलिस पुलिस ने अपने यूटयूब चैनल पर शेयर किया है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें खबर मिली थी कि एक व्यक्ति फिगेरोआ स्ट्रीट और ओलिंपिक बुलेवार्ड रोड पर तलवार लहरा रहा है।



नई दिल्ली। भैरव मंदिर के पास भारी बारिश के बाद जलभराव वाले अंडरपास से गुजरते यात्री।

## रूसी हमले में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज डूबा

### पहली बार समुद्री ड्रोन से हमला किया, 10 साल पहले जासूसी के लिए बनाया गया था

**मास्को।** यूक्रेनी नेवी का सबसे बड़ा जहाज सिम्फेरोपोल रूस के समुद्री ड्रोन हमले में डूब गया। यह जानकारी स्पूतनिक न्यूज एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से दी है।

यह जहाज पिछले 10 साल में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज था। यह लैगून-क्लास जहाज (तटीय इलाके का जहाज) था, जिसे जासूसी के लिए बनाया गया था। ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के पास हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पहली बार है जब रूस ने समुद्री ड्रोन से यूक्रेन के जहाज को तबाह किया। एक ड्रोन एक्सपर्ट्स ने इसे रूस की बड़ी कामयाबी बताया है। यूक्रेन ने भी जहाज पर हमले की पुष्टि की है। सिम्फेरोपोल जहाज को 2019 में लान्च हुआ था और 2021 में इसे यूक्रेनी नौसेना में शामिल किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2014 के बाद यूक्रेन की तरफ से लान्च किया गया यह सबसे बड़ा जहाज था। यूक्रेनी नौसेना के मुताबिक, इस हमले में एक क्रू मेंबर की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए। प्रवक्ता ने कहा: हमले के बाद हालात संभालने के कोशिश जारी हैं। जहाज के ज्यादातर क्रू सुरक्षित हैं, लेकिन कुछ लापता लोगों की तलाश जारी है।

> ■ ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के पास हुआ

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायली ड्रोन विस्फोट में दो लेबनानी सैनिकों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के नक़ौरा शहर में गुरुवार रात एक इज़रायली ड्रोन के गिरने के बाद उसकी जांच कर रहे दो लेबनानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी सेना ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली ड्रोन उस समय गिरा जब वह एक उत्खनन मशीन पर विस्फोटक बम गिराने की कोशिश कर रहा था। एजेंसी ने कहा कि एम्बुलेंस तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### पोलिश एफ-16 विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**वारसॉ।** पोलैंड का एक एफ-16 लड़ाकू विमान गुरुवार को राडोम अंतर्राष्ट्रीय एयर शो पूर्वाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। यह दुर्घटना कल दोपहर में हुई जिसमें लड़ाकू विमान रनवे से टकराने से पहले नीचे उतरा और उसमें विस्फोट हो गया। पोलिश सरकार के प्रवक्ता एडम स्ज़ूलापका ने सोशल मीडिया पर पायलट के मौत की पुष्टि की। दुर्घटना का कारण अभी अज्ञात है। मध्य पोलैंड के राडोम में 30-31 अगस्त को एयरशो राडोम 2025 का आयोजन होने वाला है जिसमें 20 देशों के 150 से जयादा विमान हिस्सा लेंगे।

### अभिषेक शुक्ला सर्बिया के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक शुक्ला को सर्बिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि शुक्ला के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। विदेश सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी शुक्ला अभी बीजिग स्थित भारतीय दूतावास में मिशन के उप प्रमुख हैं।

## भारत पर 50% टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना हो रही है। कई अमेरिकी अर्थशास्त्री इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और अमेरिकी विदेश नीति के लिए आत्मघाती कदम बता रहे हैं।

वहीं, अब अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा है कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का कारण भारत-पाक विवाद में मध्यस्थता के उनके दावे को स्वीकृति न मिलना है। जिसके कारण वे व्यक्तिगत तौर पर नाराज हो गए हैं और ऐसे कदम उठा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मई में दोनों देशों के बीच चार दिवसीय सैन्य तनाव के बाद अपने हस्तक्षेप का दावा किया था, लेकिन उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को समाप्त करने का क्रेडिट नहीं मिला, जैसाकि वे चाहते थे। भारत ने ट्रम्प के दावों को लगातार नकारते हुए पाकिस्तान के साथ संघर्ष में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को खारिज किया है। जेफरीज ने बताया कि भारी आर्थिक नुकसान के बावजूद इस रुख को भारत ने बरकरार रखा है। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि भारत की असहमति के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए वैश्विक रूप से मिल रही स्वीकार्यता भी कमजोर पड़ी है।

> ■ पाक से संघर्ष में मध्यस्थता के ट्रम्प के दावे को खारिज करना भारत पर टैरिफ की वजह, जेफरीज का दावा

## ट्रम्प की शिकागो में सेना तैनात करने की धमकी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वाशिंगटन डीसी और लास एंजिलिस में नेशनल गार्ड तैनात करने के बाद अब शिकागो में भी ऐसा करने की धमकी दी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि शिकागो में हिंसा की स्थिति बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि शिकागो में हत्या की दर नई दिल्ली की तुलना में 15 गुना ज्यादा है। शहर की बेहतरी के लिए कड़े कदम उठाना जरूरी है। शिकागो के मेयर ब्रैंडन जानसन ने शहर में नेशनल गार्ड के तैनाती की खबरों पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए ऐसे कदम उठा रहे हैं।

### पाक मंत्री अहसान इकबाल का आरोप

## पानी को हथियार बना रहा है भारत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के मंत्री अहसान इकबाल ने आरोप लगाया कि भारत पर पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने बांधों से जानबूझकर पानी छोड़ा, जिससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भयंकर बाढ़ आ गई।

इकबाल ने एक टीवी चैनल से कहा: भारत ने पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया और पंजाब में भारी बाढ़ ला दी। रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में अचानक पानी छोड़ा गया। इस बाढ़ की वजह से गुजरांवाला डिवीजन में कम से कम 7 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों एकड़ जमीन पानी में डूब गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 776 लोगों की मौत हो चुकी है और 993 घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं। पाकिस्तान पंजाब की सरकार का कहना है कि भारी बारिश और भारत की तरफ से एक्स्ट्रा पानी छोड़ने से नदियों में बाढ़ आई है। इकबाल ने एक अन्य वीडियो में कहा कि भारत का यह पानी छोड़ना पानी की सबसे खराब हमला है। भारत नदियों में पानी रोकता है और फिर अचानक बांध से पानी छोड़ देता है, जिससे लोगों की जान और माल खतरे में पड़ जाते है। पानी जैसे मुद्दे को राजनीति से अलग रखना चाहिए। उन्होंने भारत पर यह भी आरोप लगाया कि उसने समय पर पानी छोड़ने की जानकारी पाकिस्तान को नहीं दी, जो बहुत गलत है। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने सिंध प्रांत में अलर्ट जारी किया है कि सरकार वहां से सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे गांवों और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर ले जाए। वहीं, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान का हिसाब रखा जाए और लोगों को बाढ़ वाले इलाकों में जाने से रोका जाए। भारत ने जम्मू-कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए 4 दिन पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी थी।



> पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक 750 से ज्यादा लोगों की मौत

## इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया

### गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगाई

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी को युद्ध क्षेत्र में बदल दिया है और साथ ही गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगा दी है। इससे गाजा शहर में रहने वाले हजारों लोगों की परेशानी और बढ़ेगी, जो पहले ही भुखमरी जैसे हालात से जूझ रहे हैं।

इजरायली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह 10 बजे से गाजा सिटी में सैन्य गतिविधियों पर स्थानीय सामरिक रोक लागू नहीं रहेगी। इस क्षेत्र को खतरनाक युद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। इजरायली सेना का दावा है कि हाल के हफ्तों में गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश और वितरण को सुगम बनाने के लिए गाजा पट्टी के कुछ हिस्सों में इस तरह की रोक लगाई गई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने कहा कि गाजा शहर को छोड़कर, बाकी पूरे क्षेत्र में स्थानीय सामरिक रोक लागू रहेगी।



> गाजा में भुखमरी की स्थिति, लेकिन इजरायल ने किया इन्कार

आईडीएफ ने कहा कि इजरायली नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में आतंकवादी समूहों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाएंगे। माना जा रहा है कि इजरायली सेना गाजा शहर पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है, जहां गाजा की अनुमानित 10 लाख की आबादी में से आधी आबादी शरण लिए हुए है। एक वैश्विक भूख निगरानीकर्ता ने शुक्रवार को कहा कि गाजा शहर और उसके आसपास के इलाके अब आधिकारिक तौर पर अकाल से जूझ रहे हैं। यह आगे और भी फैल सकता है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार, 514000 लोग अकाल की चपेट में हैं। सितंबर के अंत तक यह संख्या बढ़कर 641000 लोगों तक पहुंच सकती है। हालांकि इजरायल ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उसने कहा कि यह निष्कर्ष गलत और पक्षपातपूर्ण हैं।इजरायल का कहना है कि सर्वेक्षण में सिर्फ अधूरी जानकारी ली गई है, जो ज्यादातर हमास से मिली थी, और इसमें यह नहीं बताया गया है कि हाल ही में गाजा में खाद्यान्न भी पहुंचा है।

### गाजा में युद्धविराम प्रयासों को जारी रखने का संकल्प

**काहिरा।** कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल-थानी ने कहा कि कतर और मिस्र भ्रम एवं विघटनकारी प्रयासों के बावजूद गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मिस्र के उत्तरी तट पर स्थित न्यू अलामीन शहर में मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अल-थानी ने कहा कि दोनों देश गाजा में लोगों के खिलाफ नरसंहार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है क्योंकि कई महीनों से चल रहे संघर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की गई है।

## जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5

**नई दिल्ली/टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू एक्सचेंज किए गए।

भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे समिट में इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगल भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता भी दिया। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की।

> ■ भारत-जापान मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे, पीएम मोदी की मौजूदगी में समझौता

## ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए उस पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध फिर से लगाने की प्रक्रिया शुरू की है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तथाकथित स्नैपबैक प्रतिबंधों को लागू करने का अमेरिका ने स्वागत किया है जो कि ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के कूटनीतिक प्रयासों में आई रुकावट के बीच हुआ है। तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी है कि प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'ई3' देशों ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि वे स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय कर रहे हैं जिसके अंतर्गत 2015 के ईरान परमाणु समझौते में पहले हटाए गए सभी संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को फिर से लागू किया जाएगा। इस तंत्र को उस समझौते के भाग के रूप में शामिल किया गया था जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) कहा जाता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2018 में अमेरिका को इस समझौते से बाहर निकालने के बाद ईरान ने परमाणु समझौते का तेजी से उल्लंघन किया है। फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने कल एक संयुक्त बयान में कहा कि आज, ईरान द्वारा जेसीपीओए का गैर-अनुपालन स्पष्ट रूप से एवं जानबूझकर किया जा रहा है।

> ■ तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108